वर्ष-31, अंक- 234, पृष्ठ-12 | ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष 15, संवत 2082 | डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित | रजिस्ट्रेशन नं: आरएनआई. 61316/94 | www.rastriyanaveenmail.com

डालटनगंज (मेदिनीनगर)
बुधवार
11 जून 2025

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

₹3.00

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर



पेज 10

## एक नजर

### 8 आईपीएस अधिकारियों को मिला अतिरिक्त प्रभार

**रांची।** राज्य में भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के आठ अधिकारियों को अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। इस संबंध में मंगलवार को झारखंड पुलिस मुख्यालय की ओर से अधिसूचना जारी कर दी गई है। अधिसूचना में कहा गया है कि जिन आईपीएस अधिकारियों को अपने पद के अलावा अतिरिक्त पद का प्रभार दिया गया है, वे उस पद पर नियमित पदस्थापन होने तक उस पद का भी कार्य देखेंगे। नगर पुलिस अधीक्षक (सिटी एसपी) धनबाद, ऋत्विक श्रीवास्तव को रेल एसपी धनबाद का अतिरिक्त प्रभार मिला है। जमशेदपुर के ग्रामीण एसपी ऋषभ गर्ग को रेल एसपी जमशेदपुर का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। झारखंड सशस्त्र पुलिस (जैप) 10 कमांडेंट सौरभ को जैप 1 कमांडेंट का अतिरिक्त प्रभार तथा ग्रामीण एसपी धनबाद कपिल चौधरी जैप तीन कमांडेंट का अतिरिक्त प्रभार मिला है। जामताड़ा एसपी राजकुमार मेहता को आईआरबी-1 का अतिरिक्त प्रभार, चतरा एसपी सुमित अग्रवाल को आईआरबी-3 का अतिरिक्त प्रभार, गुमला एसपी हरीश बिन जमा को आईआरबी-5 का अतिरिक्त प्रभार तथा गोड्डा एसपी मुकेश कुमार को आईआरबी-8 का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है।

## 'संकल्प से सिद्धि' चौपाल में पलामू सांसद ने सुनी जनसमस्याएं, दिलाया विकसित भारत का संकल्प

- पीपल की छांव में ग्रामीणों से संवाद, सरकार की योजनाओं की दी जानकारी, पौधरोपण कर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

नवीन मेल संवाददाता



**मेदिनीनगर** । मोदी सरकार के 11 वर्ष पूरे होने के अवसर पर "संकल्प से सिद्धि" कार्यक्रम के अंतर्गत पलामू सांसद विष्णु दयाल राम ने मंगलवार को पाटन प्रखंड के कुम्हवा गांव में पंचायत चौपाल का आयोजन किया। ग्रामवासियों के साथ खुले आसमान और पीपल के पेड़ की छांव तले आयोजित इस जनसंवाद में सांसद ने ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं और उनके समाधान के लिए आवश्यक निर्देश भी दिए। चौपाल में उन्होंने कहा कि इस तरह के प्रत्यक्ष संवाद से जनप्रतिनिधियों की जनता तक सीधी पहुँच बनती है, जिससे गांव-पंचायत की वास्तविक समस्याओं को जानना और समझना संभव होता है। उन्होंने ग्रामीणों को केंद्र सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी शेष पेज 11 पर...

## जनप्रतिनिधियों की बात नहीं सुनने पर पुलिसकर्मियों पर होगी कार्रवाई : डीआईजी

नवीन मेल संवाददाता



**मेदिनीनगर।** जनप्रतिनिधियों द्वारा जनता की समस्याओं को लेकर पुलिस अधिकारियों से फोन पर संपर्क करने पर उचित प्रतिक्रिया नहीं देने की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए पलामू क्षेत्र के पुलिस उप महानिरीक्षक (डीआईजी) ने कड़ा रुख अपनाया है।

प्राप्त सूचनाओं के अनुसार, कई मामलों में पुलिस पदाधिकारी और कर्मी जनप्रतिनिधियों की बातों को ध्यानपूर्वक नहीं सुनते और कभी-कभी पूरी बात सुने बिना ही फोन काट (डिसकनेक्ट) कर देते हैं। इसे अनुशासनहीनता मानते हुए डीआईजी ने इसे सुधारने का स्पष्ट निर्देश जारी किया है।

डीआईजी नौशाद आलम ने पलामू, लातेहार एवं गढ़वा जिले के पुलिस अधीक्षकों को निर्देशित किया गया है कि वे अपने अधीनस्थ सभी पुलिस पदाधिकारियों व कर्मियों को सख्त हिदायत दें कि जनप्रतिनिधियों द्वारा किए गए फोन कॉल्स का शालीनता से जवाब दिया जाए और उनकी बातों को विस्तारपूर्वक सुनकर समाधान की दिशा में कार्रवाई की जाए। डीआईजी ने यह भी स्पष्ट किया है कि यदि भविष्य में इस तरह की शिकायत दोबारा मिलती है, तो संबंधित पुलिसकर्मी या अधिकारी के विरुद्ध शेष पेज 11 पर...

### नशा मुक्ति अभियान को लेकर आयोजित की गई कार्यशाला में बोले स्वास्थ्य मंत्री

# कैंसर की तरह समाज में फैल रही है नशे की लत

- कार्यशाला में सभी लोगों ने ली नशा मुक्त भारत बनाने की शपथ
- मादक पदार्थों के दुरुपयोग से संबंधित पुस्तिका का हुआ विमोचन
- जागरूकता प्रचार वाहनों को हरी झंडी दिखा कर किया गया रवाना

नवीन मेल डेस्क






मुख्यमंत्री का सपना नशा मुक्त झारखंड हो अपना

**रांची।** स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने झारखंड को नशा मुक्त बनाने का संकल्प लिया है और हमलोग उनके इस संकल्प को पूरा करने के लिए दिन-रात लगे हुए हैं। इसी के तहत राज्यभर में नशा मुक्ति अभियान चलाया जा रहा है। यह कार्यक्रम 10 जून से शुरू हो चुका है और इसका भव्य समापन आगामी 26 जून को मोरहाबादी मैदान में किया जाएगा। इस कार्यशाला का आयोजन भी इसके तहत किया जा रहा है। डॉ अंसारी मंगलवार को प्रोजेक्ट भवन में नशा मुक्ति अभियान के तहत आयोजित कार्यशाला को संबोधित कर रहे थे। स्वास्थ्य मंत्री डॉ अंसारी ने कहा कि सभी जिलों में जागरूकता लाने के उद्देश्य से जागरूकता प्रचार वाहनों को भी रवाना किया जा रहा है, जो सभी जिलों में जाकर लोगों को नशा के दुष्प्रभाव के बारे में जागरूक करेगा। इस अवसर पर उन्होंने गृह विभाग और सूचना जनसंपर्क विभाग के सहयोग से तैयार मादक पदार्थों के दुरुपयोग से संबंधित पुस्तिका का विमोचन भी किया। साथ ही, कार्यशाला में स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी सहित उपस्थित पदाधिकारी एवं कर्मचारियों ने नशा मुक्त भारत बनाने के लिए शपथ ली। डॉ अंसारी ने कार्यक्रम के उपरांत प्रचार वाहनों को हरी झंडी दिखा कर रवाना किया।

स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि झारखंड में सबसे ज्यादा युवा नशे की चपेट में है। हमें झारखंड के लोगों को नशे की चपेट से बाहर निकलना है। उन्होंने गुटखा खाने के दुष्परिणाम के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि लोगों को नशे के दुष्परिणाम के बारे में जागरूक करने की जरूरत है। यह जागरूकता वाहन लोगों को नशा के दुष्प्रभाव के बारे में जागरूक करेगा।

शेष पेज 11 पर...

## चतरा में बड़ी संख्या में गोली के साथ एक उग्रवादी गिरफ्तार



- गिरफ्तार अर्जुन गंझू टीएसपीसी से जुड़ा हुआ है
- वह शीर्ष कमांडर आक्रमण गंझू का सहयोगी रहा है

नवीन मेल डेस्क

**चतरा।** चतरा पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने बड़ी संख्या में गोली के साथ एक उग्रवादी को गिरफ्तार किया है। चतरा एसपी सुमित अग्रवाल ने मंगलवार को प्रेसवार्ता में बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि लावालौंग थाना क्षेत्र के टिकदा गांव में अर्जुन गंझू के पास बड़ी संख्या में अवैध गोली और हथियार रखा हुआ है। सूचना के बाद सिमरिया एसडीपीओ शुभम खंडेलवाल के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया और छापेमारी की गई। छापेमारी के दौरान टिकदा के अर्जुन गंझू के पास एक लोडेड देसी कट्टा बरामद किया गया। उसके निशानदेही पर टिकदा गांव के जंगल में जमीन के अंदर एक डब्बे में छिपा कर रखा हुआ इंसास राइफल का 477 राउंड कारतूस एवं .303 राइफल का 246 राउंड कारतूस मिला। कुल 723 चक्र जिंदा गोली बरामद की गई। सभी हथियार एवं गोली को जब्त कर अभियुक्त अर्जुन गंझू को न्यायिक हिरासत में चतरा जेल भेज दिया गया है। एसपी ने बताया कि गिरफ्तार अर्जुन गंझू का संबंध तृतीय सम्मेलन प्रस्तुति कमेटी (टीएसपीसी) से है। वह उग्रवादी संगठन टीएसपीसी के शीर्ष कमांडर आक्रमण गंझू का सहयोगी रहा है। एक मामले में वह जेल भी गया है। चतरा एसपी ने कहा कि पुलिस को टीएसपीसी संगठन के खिलाफ बड़ी शेष पेज 11 पर...

व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें

1994 से अनवरत हम आपके लिए समाचारों को प्रमुखता की नीति पर कार्य करते रहे हैं। इसे और सुगम बनाने के लिए एक विशेष व्हाट्सएप नंबर **72094 53444** पर आप सीधे अपनी परखी हुई सच्ची खबर फोटो सहित संक्षेप में भेज सकते हैं। आपत्तिजनक बातें भेजने पर आइटी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई हो सकती है। यदि आपको अखबार की प्रति नहीं मिल पा रही है या विज्ञापन देना चाहते हैं तो इस नंबर पर **72094 03444** संपर्क करें।

## पलामू डीआईजी ने आईजी से की मुलाकात, क्षेत्रीय समस्याओं पर हुई चर्चा



**मेदिनीनगर।** पलामू के डीआईजी नौशाद आलम ने सोमवार को पलामू प्रक्षेत्र के आईजी सुनील भास्कर से शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान दोनों अधिकारियों के बीच क्षेत्रीय समस्याओं, सुरक्षा संबंधी मुद्दों और पुलिस की कार्रवाई को लेकर विस्तृत चर्चा हुई। डीआईजी नौशाद आलम ने आईजी को पलामू, गढ़वा और लातेहार जिलों की प्रमुख समस्याओं से अवगत कराया। उन्होंने कानून व्यवस्था की स्थिति, हाल में की गई पुलिस कार्रवाई, और आम जनता की शिकायतों को लेकर अब तक उठाए गए कदमों की जानकारी दी। आईजी सुनील भास्कर ने सभी बिंदुओं को गंभीरता से लेते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। हालांकि यह मुलाकात शिष्टाचार भेंट के रूप में हुई, लेकिन बातचीत के दौरान क्षेत्रीय पुलिसिंग को लेकर कई महत्वपूर्ण पहलुओं पर विचार-विमर्श किया गया। आईजी ने डीआईजी को निर्देश दिया कि पुलिस व्यवस्था को और सशक्त और जनोन्मुखी बनाने के लिए सभी निर्देशों का सकारात्मक और प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए। इस दौरान सौहार्दपूर्ण वातावरण में अधिकारियों ने क्षेत्र की कानून व्यवस्था को और बेहतर बनाने के प्रति अपनी प्रतिबद्धता जताई।

### आज / कल




### पूर्व केंद्रीय मंत्री ने प्रदेश भाजपा कार्यालय में की प्रेसवार्ता

## विकास के साथ विरासत हुई प्रतिष्ठित : स्मृति ईरानी

- मोदी सरकार के 11 वर्ष
- 50 करोड़ लोगों को जनधन खाता के माध्यम से जोड़ा गया
- 45 लाख करोड़ सीधे डीबीटी के माध्यम से

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** पूर्व केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने मंगलवार को कहा कि 11 वर्षों में केंद्र की मोदी सरकार ने असंभव को भी संभव किया है। आज दुनिया भारत को सम्मान के साथ देख रही है। दुनिया में तिरंगे की ताकत बढ़ी है। स्मृति ईरानी प्रदेश भाजपा कार्यालय में प्रेसवार्ता को संबोधित कर रही थीं। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा कि आज भाजपा के करोड़ों कार्यकर्ता और प्रबुद्ध देशवासी, जिन्होंने अपने सहयोग से तीसरी बार मोदी सरकार बनाई है, वे गौरव का अनुभव करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार प्रकट कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि जब विकास की बात होती है, तो केंद्र में गरीबों को रखा जाता है। 50 करोड़ लोगों को जनधन खाता के माध्यम से देश की तिजोरी से जोड़ा गया। 45 लाख करोड़ रुपए सीधे डीबीटी के माध्यम से खाते में भेजे गए। स्मृति ईरानी ने कहा कि बहुआयामी गरीबी से उबारने के संकल्प के कारण आज 25 करोड़ नागरिक तीव्र गति से उन्नति के पथ पर अग्रसर हुए हैं। 81 करोड़ लोगों को अन्नपूर्णा का आशीर्वाद प्रतिमाह 5 किलो मुफ्त अनाज के रूप में मिल रहा है। कहा कि 4 करोड़ गरीबों के सिर पर पक्के छत की सुविधा दी गई, जिसमें 73 प्रतिशत मालकिन महिलाएं हैं। उन्होंने कहा कि 15 करोड़ घरों तक नल से जल की सुविधा पहुंचना यह सुशासन और कुशल नेतृत्व के कारण ही संभव हुआ है। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा कि कहा कि स्वच्छ भारत अभियान के तहत 12 करोड़ गरीबों के घर शौचालय निर्माण ने महिलाओं बेटियों की इज्जत-लाज को सुरक्षित किया है। साथ ही, उज्ज्वला गैस योजना के माध्यम से 12 करोड़ घरों तक धुआं मुक्त रसोई ने महिलाओं के दुख-दर्द को कम किया है। स्मृति ईरानी ने कहा कि गरीब कल्याण के साथ किसान कल्याण भी मोदी सरकार की प्राथमिकता रही है। आज डीबीटी के माध्यम से देश के 11 करोड़ किसानों के खाते में प्रतिवर्ष किसान सम्मान निधि के 6 हजार रुपए पहुंच रहे हैं। उन्होंने कहा कि यूपीए सरकार की तुलना में देश का कृषि बजट 5 गुना बढ़ा है। 3 लाख 70 हजार करोड़ रुपए किसानों को प्राप्त हुए। 25 करोड़ स्वॉयल हेल्थ कार्ड और 1.75 हजार करोड़ रुपए फसल बीमा योजना में किसानों को प्राप्त हुए हैं। किसान क्रेडिट कार्ड की लिमिट शेष पेज 11 पर...

## राहुल गांधी की गिरफ्तारी पर रोक

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट ने कांग्रेस नेता और संसद में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी की गिरफ्तारी पर मंगलवार को रोक लगा दी। इसके साथ ही उन्हें 6 अगस्त को चाईबासा की विशेष अदालत में सशरीर हाजिर होने का आदेश दिया गया। इस निर्देश के बाद अदालत ने मामले की सुनवाई अगली सुनवाई तक स्थगित कर दी है। हाईकोर्ट के न्यायाधीश न्यायमूर्ति अनिल कुमार चौधरी की अदालत ने मंगलवार को गैर जमानतीय वारंट को चुनौती देने वाली राहुल गांधी की क्रिमिनल क्वैसिंग याचिका पर सुनवाई की। अदालत ने राहुल गांधी के अधिवक्ता का पक्ष सुनने के बाद उनकी गिरफ्तारी पर रोक लगा दी। अदालत ने कहा कि प्रार्थी 6 अगस्त को विशेष अदालत में सशरीर उपस्थित होंगे। इसे देखते हुए तब तक गिरफ्तारी पर रोक लगाई जाती है। यह निर्देश देने के बाद अदालत ने मामले की सुनवाई स्थगित कर दी।

## इंडिया | मुख्य न्यायाधीश की हिंदी में शपथ से न्यायालयों में हिंदी की आस जगी



सुनील बादल
कार्यकारी संपादक

भारत में विदेशी आक्रमण से पहले जनता के सामूहिक विद्रोह नहीं होते थे और राजा-महाराज भी उत्तरदायित्व के साथ मंत्रिपरिषद की सलाह पर राजकाज चलाते थे जिसके अनेक किस्से- कहानियां प्राचीन शास्त्रों और जनश्रुतियों पर आधारित लोककथाएं और लोकगीत अलग-अलग राज्यों में आज भी प्रचलित हैं । इसका बड़ा कारण था कि राजा राजधर्म निभाते थे और उनके दरबार में फैसले सबके सामने लिए जाते थे जिसके लिए बुद्धिमान दरबारी रखे जाते थे जो जनहित और न्यायोचित फैसलों के लिए राय देते थे । रावण जैसे अत्याचारी के दरबार में भी इसीलिए विभीषण के स्वर गूंजते थे और कौरवों को विदुर चेतावनी देते थे । इन परंपराओं का पालन बाद के सैंकड़ों वर्षों तक राजा-जमींदारों तक ने किया जिसमें रातू के महाराजा भी शामिल थे जिनके राज में प्रजा ने विद्रोह नहीं किया पर जब वे अंग्रेजों के प्रभाव में आकर दूरी रखने लगे और उनके निर्णय जनतांत्रिक न होकर अंग्रेजी दमनकारी की तरह होने लगे तो विद्रोह शुरू हुआ । भारत में मुगलों के लगभग 300 वर्षों तक और अंग्रेजों के लगभग 200 वर्षों तक की गुलामी में अरबी फारसी और अंग्रेजी जैसी विदेशी और दुरूह भाषाओं में राजकाज किए गए जिससे पढ़े–लिखे अभिजात्य वर्ग का सरकारी कामकाज और न्याय व्यवस्था में एकाधिकार हो गया और आमजन के अंदर असंतोष पनपा । डॉ कुमार सुरेश सिंह ने अपनी पुस्तक में लिखा है कि बिरसा मुंडा के विरोध और आंदोलन के मूल में यही था जब मुंडारी भाषा नहीं समझने वाले अंग्रेज जज वकीलों से पूछते कि आरोपी क्या बोल रहा है तो कुछ वकील उन्हें केस लंबा खींचने के लिए उल्टा बताते थे कि रैयत विद्रोह पर उतारू है जबकि मुंडा अपनी गलती स्वीकार कर रहे होते थे । भाषा समझ में नहीं आने के कारण अनजाने में भी अंग्रेज गलत फैसले करते थे ।एक बार भारत के मुख्य न्याधीश ने कहा था कि अदालतों की कार्रवाई विवाह के मंत्रों की तरह नहीं होनी चाहिए जिसका अर्थ वर-वधू या परिजन किसी को समझ में नहीं आए । राष्ट्रपति भवन में हिंदी का प्रयोग नई बात नहीं पर देश के 52वें मुख्य न्यायाधीश के रूप में न्यायमूर्ति भूषण रामकृष्ण गवई ने हिंदी में शपथ लेकर नई परंपरा स्थापित कर दी। अब तक जितने भी मुख्य न्यायाधीश रहे हैं, सबने अंग्रेजी में ही शपथ ली है। राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, राज्यों के राज्यपाल, मुख्यमंत्री जैसी हस्तियां हिंदी में शपथ लेती रही हैं, लेकिन न्यायपालिका का सर्वोच्च पद इससे अब तक अछूता रहा है। इससे देश के करोड़ों हिंदी और भारतीय भाषा प्रेमियों में आशा जगी है कि न्यायमूर्ति गवई की अगुवाई में हिंदी समेत सभी भारतीय भाषाओं को न्यायपालिका में सम्मान मिलेगा। बिडंबना ही कहेंगे कि छह साल पहले संयुक्त अरब अमीरात के न्यायालयों में हिंदी में सुनवाई की अनुमति मिल चुकी है, लेकिन अब भी देश की उच्च न्यायपालिका की भाषा अंग्रेजी ही है। हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट में अब भी सुनवाई भारतीय भाषाओं के बजाय अंग्रेजी में ही जारी है। न्यायमूर्ति गवई से आशा इसलिए बढ़ी है क्योंकि बिना मुख्य न्यायाधीश की सहमति के किसी भी हाईकोर्ट की कार्यवाही का माध्यम वहां की भाषा नहीं बन सकती।संविधान के अनुच्छेद 348 के भाग एक ए के अनुसार, सुप्रीम कोर्ट और हाईकोर्ट की सभी कार्यवाही अंग्रेजी भाषा में करने का प्रावधान है। हालांकि, इसी अनुच्छेद के भाग दो में प्रावधान है कि अगर कोई राज्य भारतीय भाषाओं में कामकाज करना चाहे, तो उस राज्य का राज्यपाल, राष्ट्रपति की सहमति से, अपने राज्य के हाईकोर्ट की कार्यवाही में हिंदी या अपने राज्य की आधिकारिक भाषा के प्रयोग की मंजूरी दे सकता है। संविधान के इस प्रावधान की ही तरह राजभाषा अधिनियम, 1963 की धारा 7 में भी कहा गया है कि किसी राज्य का राज्यपाल, राष्ट्रपति की पूर्व सहमति से, उस राज्य के हाईकोर्ट के फैसले या आदेश के लिए अंग्रेजी के साथ हिंदी या राज्य की आधिकारिक भाषा के प्रयोग की मंजूरी दे सकता है। संविधान के प्रावधानों के तहत हिंदी को 26 जनवरी, 1965 से राजभाषा के तौर पर पूरे देश में कामकाज करने की अनुमति मिलनी थी। लेकिन इसके खिलाफ तीखे विरोध के साथ तमिलनाडु की द्रविड़ राजनीति मैदान में कूद पड़ी थी। 26 जनवरी, 1965 को द्रविड़ राजनीति ने समूचे तमिलनाडु में हिंदी विरोध में काला झंडा फहराने की अपील तक कर डाली थी। हालांकि जब लगा कि गणतंत्र दिवस पर ऐसा करना उचित नहीं होगा, तो एक दिन पहले यानी 25 जनवरी को उसने ऐसा किया। विवादों के बाद मंत्रिमंडल समिति ने 21 मई, 1965 की अपनी बैठक में यह तय किया कि हाईकोर्ट में अंग्रेजी के अलावा किसी अन्य भाषा के प्रयोग से संबंधित प्रस्ताव पर देश के मुख्य न्यायाधीश की सहमति प्राप्त की जानी चाहिए। भारतीय भाषा प्रेमी इसे भारतीय भाषाओं को न्याय की भाषा बनने की राह में बाधा मानते हैं ।अभी राजस्थान, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश और बिहार के हाईकोर्ट में ही हिंदी में काम करने की अनुमति है। पर इनसे निकले छत्तीसगढ़, झारखंड और उत्तराखंड के हाईकोर्ट में भी हिंदी में याचिका तो स्वीकार हो सकती है, पर उसका अंग्रेजी अनुवाद देना भी जरूरी है। ठेठ हिंदीभाषी राज्य हरियाणा, छत्तीसगढ़, उत्तराखंड और झारखंड के हाईकोर्ट में अब भी हिंदी प्रमुख भाषा नहीं है।




## ऑपरेशन सिंदूर' के जरिये भारत ने दिया आतंक को करारा जवाब

- पहलगाम हमले के बाद त्रि-सेवा अभियान से आतंक के ठिकानों पर एयर स्ट्राइक, पाक को मिला दो-टूक संदेश

राष्ट्रीय नवीन मेल




सेवानिवृत्त नायब सूबेदार
दिनेश कुमार गुप्ता

**मेदिनीनगर।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए भीषण आतंकी हमले में नेपाली पर्यटकों और हिंदू तीर्थयात्रियों समेत 26 निर्दोष नागरिकों की निर्मम हत्या ने पूरे देश को झकझोर दिया। इसके प्रतिउत्तर में भारत सरकार ने आतंकवाद के खिलाफ 'ऑपरेशन सिंदूर' नामक व्यापक सैन्य अभियान की शुरुआत की। इस त्रि-सेवा (थल सेना, नौसेना और वायुसेना) समन्वित ऑपरेशन में विशेषकर भारतीय वायुसेना ने निर्णायक भूमिका निभाई। एयर स्ट्राइक के जरिए पाकिस्तान के कब्जे वाले इलाकों में सक्रिय आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया गया। इस दौरान भारतीय सेना ने सैकड़ों आतंकियों के मारे जाने का दावा किया। एयर स्ट्राइक के बाद पाकिस्तान द्वारा की गई गोलीबारी और ड्रोन हमलों के जवाब में भारत ने राफेल फाइटर जेट, सटीक मिसाइलों और सशस्त्र ड्रोन का उपयोग कर मुंहतोड़ जवाब दिया। भारतीय नौसेना को अरब सागर में हाई अलर्ट पर रखा गया, जबकि नियंत्रण रेखा पर चौकसी और सुरक्षा को और अधिक कड़ा किया गया। भारत ने इस अभियान के जरिए शेष पेज 11 पर...

# डीआईजी के साथ कानून व्यवस्था पर पांकी विधायक ने की चर्चा



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** आज डीआईजी नौशाद आलम के साथ क्षेत्र की कानून व्यवस्था और सुरक्षा से संबंधित महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई। इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था की स्थिति पर विचार-विमर्श किया गया और जनहित से जुड़ी समस्याओं को प्राथमिकता देने की आवश्यकता पर बल दिया गया। विधायक कुशवाहा शशि भूषण मेहता ने सुझाव दिया कि कानून व्यवस्था में सुधार के लिए सभी विभागों के बीच बेहतर समन्वय की जरूरत है। इसके अलावा, पलामू क्षेत्र में बढ़ते अपराध और सुरक्षा मुद्दों के समाधान के लिए ठोस कदम उठाने पर चर्चा हुई। डीआईजी ने इस संबंध में अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए और भविष्य में सुधार की दिशा में काम करने का आश्वासन दिया। चर्चा के बाद, डीआईजी को सम्मान देने के लिए उन्हें बुके भेंट किया गया। साथ ही प्रशासनिक कार्य के प्रति उनके समर्पण की सराहना की गई। विधायक ने बताया कि आशा है कि उनके मार्गदर्शन में पलामू जिले में कानून व्यवस्था में और सुधार होगा, जिससे क्षेत्र में शांति और सुरक्षा बनी रहेगी।

# दलित महिला से मारपीट के आरोपी की गिरफ्तारी की मांग, सैकड़ों लोगों ने किया थाना घेराव

**आंदोलन अब दलित अस्मिता व महिला सुरक्षा का बड़ा मुद्दा बन चुका है**



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले के पांकी प्रखंड के बांसडीहा गांव में दलित महिला लछोइया कुंवर की बेरहमी से पिटाई के विरोध में जन आक्रोश बढ़ता जा रहा है। मंगलवार को पांकी विधायक डॉ. कुशवाहा शशिभूषण मेहता के नेतृत्व में सैकड़ों लोगों ने पांकी थाना का घेराव किया और आरोपी पारा शिक्षक विद्यासागर पांडेय की गिरफ्तारी की मांग की। विधायक डॉ. मेहता ने कहा कि पांकी विधानसभा क्षेत्र में दलितों के प्रति अत्याचार बढ़ता जा रहा है, और इसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि महिला के साथ हुई मारपीट पूरे समाज के खिलाफ अपराध है और अगर प्रशासन ने उचित कार्रवाई नहीं की तो वे चुप नहीं बैठेंगे। विरोध प्रदर्शन में वक्ताओं ने आरोप लगाया कि प्रशासन ने आरोपी की गिरफ्तारी के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाए हैं। पांकी थाना प्रभारी पर भी आरोपी को बचाने का आरोप लगाया गया, जिसके बाद लोगों का पुलिस से विश्वास टूटता जा रहा है। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर आरोपी को गिरफ्तार नहीं किया गया तो आंदोलन और तेज किया जाएगा। इस घटना के बाद, आरोपी विद्यासागर पांडेय ने पीड़ित परिवार को धमकाना शुरू कर दिया है। पीड़िता और उसके परिजनों को आरोपी ने घर खाली करने की धमकी दी है। गांव के शंभू भुइयां ने भी आरोपी की दबंगई से डरकर घर छोड़ दिया है। इस घटना को लेकर अब पूरे जिले में आक्रोश फैल गया है, और यह मामला केवल स्थानीय मुद्दा नहीं रहकर दलित अस्मिता और महिलाओं की सुरक्षा से जुड़ा हुआ एक बड़ा जन आंदोलन बन चुका है।

# जपला आरपीएफ ने महिला व दिव्यांग बोगी में चलाया विशेष चेकिंग अभियान, 6 गिरफ्तार

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** जपला स्थित रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) पोस्ट द्वारा मंगलवार को ट्रेनों की महिला व दिव्यांग बोगियों में विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान इन बोगियों में अनधिकृत रूप से यात्रा कर रहे यात्रियों और अवैध रूप से सामान बेचने वालों के विरुद्ध कार्रवाई की गई। अभियान के तहत कुल 6 लोगों को गिरफ्तार कर अग्रिम कार्रवाई हेतु उन्हें रेल न्यायालय, मेदिनीनगर भेजा गया है। आरपीएफ पोस्ट जपला के निरीक्षक प्रभारी ने बताया कि यात्रियों की सुरक्षा और सुविधाओं को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से यह विशेष जांच अभियान चलाया गया। उन्होंने कहा कि महिला यात्रियों की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए इस तरह के अभियान से ट्रेनों में महिलाओं के प्रति होने वाले अपराधों पर नियंत्रण पाया जा सकेगा, साथ ही दिव्यांग यात्रियों को आवंटित सीटों और सुविधाओं की रक्षा भी सुनिश्चित हो सकेगी।

## अभिकर्ताओं का दल रामनगरी अयोध्या जाएगा

**हैदरनगर।** हैदरनगर स्थित डाकघर के अभिकताओं ने बैठक आयोजित कर 16 और 17 जून को रामनगरी अयोध्या जाने का निर्णय लिया। यह यात्रा उनके निजी खर्च पर होगी। यात्रा के दौरान, वे भगवान रामलला के दर्शन करेंगे और राष्ट्रीय अल्प बचत अभिकर्ता संघ द्वारा आयोजित सम्मेलन में भाग लेंगे।

# कोयल नदी में नहीं बने पक्के श्मशान घाट, बरसात में परेशानी



**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** साप्ताहिक बाजार और आसपास के गांवों में स्थित कोयल नदी के तटवर्ती श्मशान घाटों पर पक्के घाटों का निर्माण न होने से ग्रामीणों को दाहसंस्कार में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है, खासकर बरसात के मौसम में। जब नदी उफान पर होती है, तो दाहसंस्कार के लिए नदी में उतरना कठिन हो जाता है। ग्रामीणों ने बताया कि अन्य मौसम में दाहसंस्कार नदी में उतरकर किया जाता है, लेकिन बरसात में यह प्रक्रिया जोखिमपूर्ण हो जाती है। इसके अलावा, श्मशान भूमि तक पहुंचने में भी समस्या होती है, खासकर तटबंध निर्माण के बाद। पंचायत के अन्य गांवों में भी इसी तरह की समस्याएं उत्पन्न हो रही हैं। लोगों ने प्रशासन से श्मशान घाटों के लिए पक्के घाटों के निर्माण की मांग की है।

# आउटसोर्स कर्मचारियों ने काला बिल्ला लगाकर कार्य करने का किया ऐलान



**नवीन मेल संवाददाता**

**हैदरनगर।** झारखंड राज्य आउटसोर्स कर्मचारी संघ के आह्वान पर हैदरनगर प्रखंड कार्यालय के आउटसोर्स कर्मचारियों ने काला बिल्ला लगाकर विरोध प्रदर्शन किया। कर्मचारियों ने राज्य सरकार की जारी आउटसोर्स नियमावली 2025 का विरोध करते हुए अपनी मांगें पूरी कराने के लिए आंदोलन शुरू किया है। उनका कहना है कि सरकार द्वारा जारी नियमावली में सेवा सुरक्षा और उचित वेतन का कोई प्रावधान नहीं है। कर्मचारियों ने 60 वर्ष तक सेवा सुरक्षा, संविदा कर्मियों के समान वेतन भुगतान और नियमावली में संशोधन की मांग की है। प्रखंड कंप्युटर ऑपरेटर देवकुमार शर्मा, चुनाव कार्यालय के कंप्युटर ऑपरेटर संतोष कुमार सिंह, चालक दशरथ ठाकुर और नाइट गार्ड दशरथ राम ने कहा कि वर्तमान नियमावली में उनकी सेवा असुरक्षित है। संघ के आह्वान पर 9 से 11 जून तक काला बिल्ला लगाकर कार्य किया जाएगा, 11 जून को संध्या 6 बजे जिला मुख्यालय में कैंडल मार्च और 12 जून को समाहरणालय में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन होगा। कर्मचारियों ने कहा कि वे तब तक आंदोलन जारी रखेंगे, जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं हो जातीं।

## आंबेडकर चौक के समीप चापाकल खराब, लोग परेशान

**हुसैनाबाद।** नगर पंचायत हुसैनाबाद के अंबेडकर चौक के पास स्थित एकमात्र चापाकल तीन दिनों से खराब पड़ा हुआ है, जिससे आसपास के दुकानदारों और राहगीरों को पानी की समस्या हो रही है। स्थानीय दुकानदारों ने नगर पंचायत कार्यालय से शिकायत की, लेकिन अब तक चापाकल ठीक नहीं किया गया। दुकानदारों ने नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी से मरम्मत की मांग की है, ताकि वे और उनके ग्राहक पानी के लिए इधर-उधर न भटकें।

# हुसैनाबाद के बराही धाम में मंगलवार को श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** प्रखंड के बराही धाम में मंगलवार को पूजा अर्चना करने के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। इस दिन 105 फीट ऊंची दक्षिणमुखी भगवान हनुमान की पूजा के लिए बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। प्रतिदिन श्रद्धालुओं का आना-जाना जारी रहता है, लेकिन मंगलवार को विशेष रूप से माता रानी और हनुमानजी के दर्शन के लिए भक्तों की अधिक भीड़ रही। शिवांश चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा आयोजित भंडारे में भी बड़ी संख्या में लोगों ने महाप्रसाद ग्रहण किया। यह भंडारा पिछले कई वर्षों से प्रत्येक मंगलवार को आयोजित किया जा रहा है। इस दिन स्थानीय कीर्तन मंडली द्वारा भजन व सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। ट्रस्ट के सदस्य और ग्रामीण भी इस अवसर पर उपस्थित थे।

# भजनियां में जलसहिया ने छात्राओं को एमएचएम के प्रति जागरूक किया, शपथ दिलाई



**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** भजनियां में जलसहिया शकुंतला देवी ने चुप्पी तोड़ो, स्वस्थ रहो अभियान के समापन से पहले विद्यालय की बच्चियों को एमएचएम (माहवारी स्वच्छता प्रबंधन) के बारे में जानकारी दी। उन्होंने मासिक धर्म के स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करते हुए संक्रमण से बचाव के उपाय बताए। साथ ही, मासिक धर्म स्वास्थ्य को लेकर सजग और जागरूक रहने के लिए छात्राओं को शपथ दिलाई। जलसहिया ने छात्राओं को उपयोग किए गए कपड़े और पैड के निपटान के लिए भष्मक का उपयोग करने के लिए भी जागरूक किया।

# हैदरनगर के संड़ेया में खुले संवाद व सहभागिता की महिलाओं ने की सराहना



**नवीन मेल संवाददाता**

**हैदरनगर।** संड़ेया ग्राम पंचायत सचिवालय में जलसहिया द्वारा माहवारी स्वच्छता पर एक संवाद का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में पंचायत प्रतिनिधियों समेत कई महिलाओं और किशोरियों ने हिस्सा लिया। जलसहिया सीमा विश्वकर्मा ने समाज में फैली भ्रांतियों को दूर करने और माहवारी स्वच्छता के बारे में जागरूकता फैलाने का आह्वान किया। साथ ही, महिलाओं को सुरक्षित माहवारी अपशिष्ट निपटान के लिए भष्मक का उपयोग करने के लिए प्रेरित किया।

# जलमीनार खराब होने से पानी की आपूर्ति बाधित, ग्रामीण परेशान



**नवीन मेल संवाददाता**

**पंडवा।** प्रखंड के लोहड़ी ग्राम में सोलर जलमीनार खराब होने से पानी की आपूर्ति पूरी तरह से बाधित हो गई है। इस जलमीनार से 200 घरों को पेयजल आपूर्ति होती थी, लेकिन अब कई महीनों से यह जलमीनार खराब है और ग्रामीणों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

## प्रखंड सभागार में एसबीएम की समीक्षात्मक बैठक

**मोहम्मदगंज।** प्रखंड सभागार में स्वच्छ भारत मिशन की गतिविधियों पर एक समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। इसमें ब्लॉक वाश कॉर्डिनेटर प्रेमतोष पांडेय ने जलसहियाओं को ड्रेस कोड के तहत साड़ियाँ प्रदान की और ग्राम जल स्वच्छता समितियों के नवीनीकरण की दिशा में निर्देश दिए। बैठक में जलसहियाओं की सराहना भी की गई और उनके प्रयासों को बढ़ावा दिया गया।

## एक नजर

### नारायण सोरेन बने नए थाना प्रभारी

**मोहम्मदगंज।** मोहम्मदगंज थाना में नई नियुक्ति की गई है। एससी-एसटी थाने के पुअनि नारायण सोरेन को मोहम्मदगंज थाना का थाना प्रभारी नियुक्त किया गया है। वे मुकेश कुमार सिंह का स्थान लेंगे।

### हैदरनगर में ट्रेन से कटकर अधेड़ मजदूर की मौत



**हैदरनगर।** पलामू जिले के हैदरनगर बाजार क्षेत्र में एक 55 वर्षीय मजदूर की ट्रेन से कटकर मौत हो गई। मृतक रामप्रवेश राम के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। स्थानीय पुलिस और आरपीएफ द्वारा घटना की जांच की जा रही है।

### नौडीहा में जागरूकता अभियान

**नौडीहा।** नौडीहा बाजार में स्कूल के छात्रों और शिक्षकगण ने नशे की रोकथाम के लिए जागरूकता अभियान चलाया। प्रधानाध्यापक श्री रोहित कुमार ने छात्रों को नशे के खतरों के बारे में बताया और किसी भी स्थिति में नशा न करने की शपथ दिलाई।

# जन विश्वास व अपराध नियंत्रण मेरी प्राथमिकता : थाना प्रभारी



**नवीन मेल संवाददाता**

**पंडवा (पलामू)।** पंडवा थाना के नवपदस्थापित थाना प्रभारी अंचित कुमार ने मंगलवार को विधिवत पदभार ग्रहण किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि क्षेत्र में अपराध पर अंकुश और जनता की समस्याओं का त्वरित निष्पादन उनकी प्राथमिक प्राथमिकता होगी। उन्होंने कहा कि प्रशासन और आमजनता के बीच विश्वास बनाए रखने के लिए संवाद और पारदर्शिता जरूरी है। उन्होंने स्पष्ट किया कि जनता और पुलिस के बीच मैत्रीपूर्ण संबंध स्थापित कर ही अपराध नियंत्रण को प्रभावी बनाया जा सकता है।

## शत प्रतिशत वर्ग आठ के विद्यार्थियों ने सभी विषयों में ए प्लस लाकर विद्यालय का नाम रौशन किया

**हुसैनाबाद।** हुसैनाबाद मिडिल स्कूल के छात्रों ने इस बार शत प्रतिशत परिणाम हासिल करते हुए सभी विषयों में ए प्लस अंक प्राप्त किए। प्रधानाध्यापक कन्हैया प्रसाद ने छात्रों को सम्मानित किया और उनकी कड़ी मेहनत की सराहना की। विद्यालय ने इस बार की परीक्षा में अपनी सफलता के झंडे गाड़े हैं।

## सुरक्षा और शांति मेरी प्राथमिकताः थाना प्रभारी

नीलांबर-पीतांबरपुर (पलामू)। लेस्लीगंज थाना के नए थाना प्रभारी के रूप में उत्तम कुमार राय ने मंगलवार को पदभार ग्रहण किया। उन्होंने निवर्तमान थाना प्रभारी राजू कुमार गुप्ता से कार्यभार लिया। इस अवसर पर उत्तम कुमार राय ने कहा कि थाना क्षेत्र में शांति और सुरक्षा व्यवस्था कायम रखना उनकी प्राथमिक जिम्मेदारी होगी। साथ ही, जनता के साथ समन्वय स्थापित कर पुलिस-जन संवाद को मजबूत करना भी उनकी प्राथमिकता होगी ताकि पीड़ित बिना संकोच अपनी समस्याएं थाने में रख सकें।



# हरिहरगंज में छात्राओं ने निकाली प्रभातफेरी, नशा मुक्ति का दिया संदेश



**नवीन मेल संवाददाता**

**हरिहरगंज (पलामू)।** नशा मुक्ति अभियान के तहत मंगलवार को स्थानीय बालिका उच्च विद्यालय की छात्राओं ने प्रभातफेरी निकाली। छात्राएं बैनर, पोस्टर और तख्तियों पर नशा विरोधी स्लोगन के साथ सड़क पर उतरीं और लोगों को नशे से दूर रहने का संदेश दिया। रैली विद्यालय परिसर से शुरू होकर मुख्य मार्ग होते हुए शहर के विभिन्न चौक-चौराहों से गुजरी। इस दौरान छात्राओं ने नारे लगाकर लोगों को जागरूक किया। प्रभातफेरी में विद्यालय के प्रधानाध्यापक धर्मेन्द्र कुमार सिंह सहित शिक्षक रंजीत सिंह, अनूप कुमार, अमित कुमार, सच्चिदानंद सिंह और संतोष पाठक शामिल थे।

**कुपोषण पर वार** — समुदाय स्तर पर होगा बच्चों का प्रबंधन

# समर कैंप कार्यक्रम के तहत शुरू हुआ दो दिवसीय प्रशिक्षण



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** समर कैंप कार्यक्रम के अंतर्गत मंगलवार को समाहरणालय स्थित द्वितीय तल सभागार में प्रखंड स्तरीय पदाधिकारियों और कर्मियों के लिए अति गंभीर कुपोषित बच्चों के समुदाय आधारित प्रबंधन पर दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरूआत हुई। कार्यक्रम का उद्घाटन उपायुक्त समीरा एस., उपविकास आयुक्त शब्बीर अहमद और समाज कल्याण पदाधिकारी नीता चौहान ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। उद्घाटन सत्र में उपायुक्त ने कहा कि यह प्रशिक्षण राज्य सरकार की एक महत्त्वाकांक्षी योजना का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य 0 से 59 माह तक के अति गंभीर कुपोषित बच्चों की पहचान और समुदाय स्तर पर प्रबंधन करना है। उन्होंने बताया कि राज्य स्तर पर मास्टर ट्रेनर्स को प्रशिक्षित करने के बाद अब जिला और प्रखंड स्तर पर प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, बाल विकास परियोजना पदाधिकारी और महिला पर्यवेक्षिकाओं को प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

**समर कैंप के अंतर्गत कुपोषण की रोकथाम और प्रबंधन हेतु 11 चरणों में कार्य योजना तैयार की गई है, जिसमें शामिल है:**

**6 माह से 59 माह तक के अति गंभीर कुपोषित बच्चों की पहचान एवं प्रबंधन,**
**जन्म से 6 माह तक के बच्चों में कुपोषण के खतरे की पहचान,**
**मध्यम गंभीर कुपोषण वाले बच्चों की निगरानी, और समर कार्यक्रम के तहत अनुश्रवण एवं मूल्यांकन।**

यह प्रशिक्षण कार्यक्रम आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से समुदाय स्तर पर कुपोषित बच्चों के प्रबंधन को सशक्त बनाएगा। विशेष मामलों में, जहां चिकित्सकीय जटिलताएं हों या भूख की कमी हो, वहां बच्चों को कुपोषण उपचार केंद्र (एनआरसी) भेजा जाएगा। इस अवसर पर सिविल सर्जन डॉ. अनिल, समाज कल्याण पदाधिकारी नीता चौहान और सामाजिक सुरक्षा निदेशालय के सहायक निदेशक विक्रम आनंद ने भी विषय पर अपने विचार रखे। प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर के रूप में चैनपुर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी, छतरपुर की बाल विकास परियोजना पदाधिकारी शीला कुमारी, महिला पर्यवेक्षिका इंदुमती खलखो, ब्लॉक कोऑर्डिनेटर अनूप कुमार तथा राज्य से आए विशेषज्ञ अजय कुमार की भूमिका उल्लेखनीय रही। प्रशिक्षण में जिले के विभिन्न सीडीपीओ, महिला पर्यवेक्षिकाएं, जेएसएलपीएस कर्मी और स्वास्थ्य केंद्रों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# उत्क्रमित मवि बेदौलिया में आठवीं बोर्ड पास आउट बच्चों को दी गई विदाई



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हुसैनाबाद स्थित राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय बेदौलिया में 2024-25 सत्र के आठवीं बोर्ड परीक्षा में शतप्रतिशत सफलता प्राप्त करने वाले छात्रों को मंगलवार को विदाई दी गई। विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक जय शर्मा ने बच्चों को झारखंड एकेडमिक काउंसिल का अंक पत्र और विद्यालय परित्याग प्रमाण पत्र प्रदान किया। उन्होंने बच्चों को भविष्य में अच्छे प्रदर्शन की शुभकामनाएं दी और आगे की पढ़ाई में मदद के लिए विद्यालय के शिक्षकों से संपर्क करने का आग्रह किया।

# उपायुक्त ने विभागीय योजनाओं की प्रगति पर की बैठक, लंबित कार्यों को समयबद्ध पूरा करने का निर्देश

● समन्वय व सक्रियता से योजनाओं को गति देने पर जोर

**नवीन मेल संवाददाता**




**मेदिनीनगर।** पलामू उपायुक्त श्रीमती समीरा एस ने जिले के सभी तकनीकी पदाधिकारियों के साथ बैठक में विभागीय योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। बैठक में उपायुक्त ने अधिकारियों से कहा कि वे अपनी संबंधित योजनाओं की विस्तृत और अपडेट रिपोर्ट के साथ बैठक में भाग लें। उन्होंने यह भी कहा कि योजनाओं की प्रगति में सक्रियता दिखाते हुए कार्यों को लंबित न रखें और राज्य व विभागों से पत्राचार में तत्परता से काम करें।

समीक्षा के दौरान उपायुक्त ने भवन निर्माण प्रमंडल द्वारा संचालित योजनाओं पर गहरी नजर डाली और पाया कि दर्जनभर से अधिक योजनाएं अभी तक क्रियान्वित नहीं हो पाई हैं। इस पर उन्होंने गंभीरता से कार्रवाई करते हुए उन योजनाओं को कैंसिल करने का निर्देश दिया, जो अब तक नहीं शुरू हो पाई थीं। कई योजनाएं जमीन की उपलब्धता के कारण पिछले दो-तीन वर्षों से लंबित थीं, जिनके लिए उपायुक्त ने शीघ्र समाधान की आवश्यकता जताई।

इसके अलावा, उपायुक्त ने अनटाइड फंड से स्वीकृत योजनाओं की स्थिति की भी समीक्षा की। उन्होंने पाया कि कई योजनाओं की शुरुआत नहीं हुई है, जिसके चलते भवन प्रमंडल के अभियंता को 13 जून तक सूची तैयार करने और निर्गत राशि वापस करने का सख्त निर्देश दिया।

उपायुक्त ने सभी तकनीकी विभागों के अधिकारियों को पुराने कार्यों को सूची से बाहर करने और प्राथमिकता के आधार पर लंबित कार्यों को शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि योजनाओं को समय पर पूरा करना न केवल प्रशासनिक कार्यों की गति बढ़ाएगा, बल्कि आम लोगों को भी उनका लाभ समय पर मिलेगा।

इस बैठक में उप विकास आयुक्त शब्बीर अहमद और संबंधित विभागों के पदाधिकारी भी उपस्थित थे।

## राष्ट्रीय सर्जन सप्ताह पर एंडोस्कोपी कैंप आयोजित

# सर्जरी विभाग में छात्रों को मिली एंडोस्कोपी प्रशिक्षण की सुविधा

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** मंगलवार को मेदनीराय मेडिकल कॉलेज सह सदर अस्पताल, मेदिनीनगर के सर्जरी विभाग में एंडोस्कोपी कैंप का आयोजन किया गया। इस कैंप का उद्घाटन अस्पताल अधीक्षक अजय कुमार ने फीता काटकर किया। उद्घाटन कार्यक्रम में पलामू सदर अस्पताल के सर्जरी विभाग के प्रमुख डॉक्टर सुशील पांडे, डॉक्टर संजय कुमार, डॉक्टर अमित प्रसाद, वरिष्ठ रेजिडेंट्स और इंटर्न छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

देशभर में 8 जून से शुरू हुए राष्ट्रीय सर्जन सप्ताह के अवसर पर पलामू जिले में भी विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। इस सप्ताह के दौरान ब्लड डोनेशन कैंप, शैक्षिक कार्यक्रम और कॉन्फ्रेंस का आयोजन हो रहा है। इस सप्ताह के एक हिस्से के रूप में एंडोस्कोपी करने की ट्रेनिंग मेडिकल छात्रों को दी गई, जिससे छात्रों में इस प्रक्रिया को लेकर गहरी रुचि और उत्साह देखा गया।

राष्ट्रीय सर्जन सप्ताह का प्रमुख उद्देश्य यह है कि सर्जरी विभाग से जुड़े सभी डॉक्टरों और मेडिकल कर्मचारियों को उनके कार्य की महत्ता का अहसास कराया जाए और समाज में उनकी उपयोगिता को स्पष्ट रूप से पहचाना जाए। पलामू जिले के सर्जरी विभाग के प्रमुख डॉक्टर सुशील पांडे ने कहा कि राष्ट्रीय सर्जन सप्ताह को जिले में बहुत अच्छे तरीके से मनाया जा रहा है और इसके दौरान आयोजित किए गए ब्लड डोनेशन कैंप और शैक्षिक कार्यक्रमों का सीधा लाभ लोगों को हो रहा है। यह सप्ताह 15 जून तक चलेगा।

## पलामू में 10 नए थाना प्रभारी ने संभाला पदभार



**मेदिनीनगर।** पलामू पुलिस अधीक्षक द्वारा जिले के 10 थानों में नए थाना प्रभारियों की नियुक्ति की गई। मंगलवार को सभी अधिकारियों ने अपने-अपने थाना में पदभार ग्रहण किया। शहर थाना में ज्योति लाल राजवार, पंडवा में अंचित कुमार, लेस्लीगंज में उत्तम कुमार राय, मोहम्मदगंज में नारायण सोरेन, पाटन में शशि शेखर पांडे, पांडू में बगेश कुमार राय, नवा जयपुर में सतीश कुमार गुप्ता, एससी-एसटी थाना में विवेक कुमार, विश्रामपुर में ऋषिकेश दुबे, और तरहसी में आनंद राम को जिम्मेदारी दी गई। शहर थाना प्रभारी ने बताया कि अपराध मुक्त क्षेत्र और त्वरित जनसुनवाई को प्राथमिकता है।

## महिला कांग्रेस की नवनियुक्त अध्यक्ष रेखा सिंह ने ह्दयानंद मिश्र से की मुलाकात



**मेदिनीनगर।** पलामू जिला महिला कांग्रेस की नवनियुक्त अध्यक्ष रेखा सिंह ने रविवार को झारखंड प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं हिन्दू धार्मिक न्यास बोर्ड के सदस्य ह्दयानंद मिश्र से उनके निवास पर मुलाकात कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान उन्होंने मिश्र से संगठनात्मक अनुभव और कांग्रेस के मूल दर्शन की सीख ली। रेखा सिंह ने बताया कि मिश्र जी ने गांधीवाद और कांग्रेस के इतिहास को सरलता से समझाया, जिसे उन्होंने आत्मसात किया। ह्दयानंद मिश्र ने रेखा सिंह की सरलता, सहजता और संगठनात्मक कौशल की सराहना करते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में पलामू महिला कांग्रेस एक मजबूत संगठन के रूप में उभरेगी।

## विकसित कृषि संकल्प अभियान

# किसानों से मिले सांसद विष्णु दयाल, दी उन्नत खेती की जानकारी

● अरहर, मोटे अनाज और महुआ की खेती को बताया संभावनाओं से भरपूर, योजनाओं से किसानों को जोड़ने पर दिया जोर

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** "विकसित कृषि संकल्प अभियान" के तहत बुधवार को पलामू सांसद विष्णु दयाल राम ने नावाबाजार प्रखंड के तुकबेरा गांव में आयोजित किसान संवाद कार्यक्रम में हिस्सा लिया। यह कार्यक्रम कृषि विज्ञान केंद्र पलामू (चियांकी) के तत्वावधान में आयोजित किया गया, जिसका उद्देश्य किसानों को उन्नत कृषि तकनीकों, नवाचारों और सरकारी योजनाओं की जानकारी देना था।

सांसद ने किसानों से सीधा संवाद कर उनकी समस्याएं जानीं और सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि पलामू की अरहर दाल गुणवत्ता के मामले में पूरे एशिया में सर्वश्रेष्ठ है और इसकी उपज बढ़ाने के लिए किसानों को प्रेरित करना आवश्यक है। उन्होंने कृषि विभाग को निर्देश दिया कि किसानों को अरहर उत्पादन के लिए जागरूक करें ताकि इस क्षेत्र की विशेषता और अर्थव्यवस्था को बल मिले।

उन्होंने "श्रीधन योजना" के तहत मोटे अनाजों की खेती को बढ़ावा देने की आवश्यकता बताई। उन्होंने कहा कि पूर्व में इस क्षेत्र में जौ, बाजरा, तिल, मरुआ जैसे मोटे अनाजों की भरपूर पैदावार होती थी, लेकिन अब यह घट गई है। ऐसे में किसानों को फिर से पारंपरिक अनाजों की ओर मोड़ने के लिए जागरूकता जरूरी है। साथ ही उन्होंने महुआ की खेती को आर्थिक रूप से लाभकारी बताते हुए इसे बढ़ावा देने की बात कही।

सांसद ने किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, समेकित बागवानी विकास मिशन, राष्ट्रीय कृषि विकास योजना, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना, किसान उत्पादक संगठन , किसान क्रेडिट कार्ड , राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन, कृषि यांत्रिकरण, प्राकृतिक खेती, खेती में ड्रोन के उपयोग और मृदा स्वास्थ्य कार्ड जैसी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी।

उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार किसानों की आमदनी दोगुनी करने के लक्ष्य पर कार्य कर रही है और इसके लिए जरूरी है कि किसान योजनाओं से जुड़ें, तकनीकों को अपनाएं और जागरूक बनें। मौके पर सांसद ने किसानों से फीडबैक भी लिया और नवाचारों के दस्तावेजीकरण की आवश्यकता पर बल दिया।

गौरतलब है कि कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय भारत सरकार तथा भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली के निर्देश पर 29 मई से 12 जून तक जिले के विभिन्न क्षेत्रों में यह अभियान चलाया जा रहा है।

कृषि विज्ञान केंद्र के प्रभारी एवं वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. सुधीर झा ने किसानों को मृदा परीक्षण, संतुलित उर्वरक के प्रयोग और प्राकृतिक खेती की विधियों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि कम लागत में बेहतर उत्पादन संभव है, यदि किसान वैज्ञानिक पद्धति अपनाएं।

वैज्ञानिक प्रमोद कुमार ने धान की सीधी बुवाई और ड्रम सीडर तकनीक के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने अमरूद और बेर जैसे फलों की खेती कम पानी में कैसे की जा सकती है, इस पर भी प्रकाश डाला। वहीं कृषि पदाधिकारी दीपक कुमार ने विभाग की सभी सरकारी योजनाओं की जानकारी दी।

**ड्रोन तकनीक का प्रदर्शन और बागवानी का अवलोकन**

इस अवसर पर ड्रोन के माध्यम से कीटनाशक छिड़काव का लाइव प्रदर्शन किया गया, जिसे देखकर किसानों ने नई तकनीक के प्रति गहरी रुचि दिखाई। ग्रामीण किसान कमलेश कुमार के खेत में सांसद राम व वैज्ञानिकों की टीम ने जाकर ताइवान पिंक अमरूद और नींबू के बगीचे का निरीक्षण किया और उनकी बागवानी की सराहना की।

कार्यक्रम में सांसद प्रतिनिधि विजय ओझा, कृषि विज्ञान केंद्र के अधिकारी, जिला कृषि पदाधिकारी, कृषि वैज्ञानिक सुधीर झा, उद्यान पदाधिकारी, वरिष्ठ नेता रविंद्र पासवान, राम रेखा चंद्रवंशी सहित बड़ी संख्या में किसान व ग्रामीण उपस्थित थे।

## 25 वर्षीय युवक ने की आत्महत्या, प्रेम प्रसंग की आशंका

**मेदिनीनगर।** शहर थाना क्षेत्र के हमीदगंज मोहल्ले में जनार्दन दुबे के 25 वर्षीय पुत्र जितेश दुबे ने मंगलवार को फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। प्रारंभिक सूचना के अनुसार, युवक किसी प्रेम प्रसंग को लेकर मानसिक तनाव में था। फिलहाल परिजनों ने कोई बयान नहीं दिया है और पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## मतदान केंद्रों के पुनर्गठन को लेकर सक्रिय हुआ प्रशासन, उपायुक्त समीरा एस ने दिए कई निर्देश




**मेदिनीनगर।** लोकतंत्र को मजबूत करने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम बढ़ाते हुए जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त समीरा एस ने मंगलवार को समाहरणालय सभागार में जिले के सभी विधानसभा क्षेत्रों के निर्वाचक निबंधन पदाधिकारियों एवं सहायक पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में उपायुक्त ने चुनाव आयोग के दिशा-निर्देशों के आलोक में स्पष्ट रूप से कहा कि जिन मतदान केंद्रों पर मतदाताओं की संख्या 1200 से अधिक है, उनका शीघ्रता से सत्यापन कर रेशनलाइजेशन की प्रक्रिया प्रारंभ की जाए। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि पुनरीक्षण कार्य से पूर्व ही मतदान केंद्रों का भौतिक सत्यापन कर उनकी स्थिति को लेकर आवश्यक निर्णय लिए जाएं। उपायुक्त ने यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि किसी भी परिवार के सदस्य एक ही मतदान केंद्र व अनुभाग में निबंधित हों। साथ ही, जर्जर या असुविधाजनक भवनों में स्थित मतदान केंद्रों को बदलने की प्रक्रिया भी समय पर पूरी की जाए। उन्होंने बीएलओ एवं पर्यवेक्षकों की नियुक्ति को लेकर भी सख्ती दिखाई और कहा कि किसी भी मतदान केंद्र पर ये पद खाली नहीं रहने चाहिए। संबंधित अधिकारियों को इस बाबत प्रमाण पत्र देने का निर्देश भी दिया गया। बैठक में प्रशिक्षण कार्यक्रमों की रूपरेखा, दावा-आपत्ति निपटान, पीवीसी ईपिक वितरण सहित अन्य चुनावी तैयारियों पर भी विस्तार से चर्चा हुई। उपविकास आयुक्त शब्बीर अहमद सहित सभी संबंधित पदाधिकारी बैठक में मौजूद रहे।

## सरकारी स्कूलों में पहली बार होगा लिटिल चैंप फुटबॉल टूर्नामेंट, अंडर-12 छात्र-छात्राएं लेंगी भाग

**मेदिनीनगर।** जिले के सरकारी व सहायता प्राप्त प्राथमिक विद्यालयों में अध्ययनरत 8 से 12 वर्ष की उम्र के छात्र-छात्राओं के लिए 'लिटिल चैंप फुटबॉल टूर्नामेंट' का आयोजन पहली बार किया जा रहा है। यह प्रतियोगिता झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद की पहल पर आयोजित की जा रही है, जिसमें कक्षा 3 से 5 तक के छात्र-छात्राएं भाग लेंगे। विद्यालय स्तर पर यह अंडर-12 फुटबॉल टूर्नामेंट 14 जून को आयोजित होगा। इसके बाद चयनित टीमें 20 जून को प्रखंड स्तर, 25 जून को जिला स्तर और 2 से 4 जुलाई के बीच राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेंगी।

**पोशाक, जर्सी और जर्सी नंबर अनिवार्य :** समग्र शिक्षा अभियान के एपीओ राजेश कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि खिलाड़ियों की उम्र की गणना 31 दिसंबर 2025 के अनुसार की जाएगी। प्रत्येक टीम में 12 खिलाड़ी होंगे और सभी एक ही विद्यालय के होने चाहिए। खिलाड़ियों के लिए निर्धारित पोशाक, जर्सी और जर्सी नंबर अनिवार्य होंगे। मैच की अवधि 15-05-15 मिनट की होगी। यदि विद्यालय परिसर में पर्याप्त स्थान नहीं है, तो नजदीकी मैदान में शिक्षकों की देखरेख में टूर्नामेंट कराया जाएगा। विद्यालय स्तर पर विजेता टीम प्रखंड स्तर की प्रतियोगिता में भाग लेगी। इस पहल का उद्देश्य छोटे बच्चों में खेल भावना को प्रोत्साहित करना है, ताकि वे कम उम्र से ही खेलों के प्रति रुचि लें और टीम भावना विकसित करें।

## एनजीटी के आदेश पर 10 जून से 15 अक्टूबर तक पलामू की नदियों से बालू उठाव पर रोक

**मेदिनीनगर।** नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) के आदेशानुसार 10 जून से 15 अक्टूबर तक पलामू जिले के किसी भी नदी से बालू खनन पर रोक लगा दी गई है। यह आदेश मानसून के दौरान नदियों की सुरक्षा और पर्यावरण संरक्षण को ध्यान में रखते हुए हर वर्ष लागू किया जाता है।जिला खनन पदाधिकारी सुनील कुमार ने जानकारी दी कि इस अवधि में जिले के सभी 73 कैटेगरी-1 और 19 कैटेगरी-2 बालू घाटों से बालू का उठाव पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। उन्होंने कहा कि यदि इस अवधि में कोई व्यक्ति या समूह बालू उठाव करता पाया गया, तो उस पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। गौरतलब है कि कैटेगरी-1 के घाटों से स्थानीय प्राधिकार की अनुमति से सीमित खनन होता है, जबकि कैटेगरी-2 के घाटों का आवंटन नीलामी के माध्यम से किया जाता है। हालांकि, इनमें से कई घाटों पर पहले से ही खनन कार्य रुका हुआ है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि 16 अक्टूबर से यह रोक स्वतः समाप्त हो जाएगी और पुनः वैध रूप से बालू उठाव शुरू हो सकेगा। वहीं, अवैध खनन की घटनाओं पर नजर रखने के लिए प्रशासन सतर्क है और नियमित कार्रवाई की जा रही है।

# पलामू में अवैध खनन पर जिला प्रशासन की बड़ी कार्रवाई, चार वाहन जब्त, प्राथमिकी दर्ज

● वाहन मालिक-चालक सहित अज्ञात लोगों पर मामला दर्ज

**नवीन मेल संवाददाता**




**मेदिनीनगर।** पलामू जिले में खनिज संपदा के अवैध दोहन पर अंकुश लगाने को लेकर जिला प्रशासन ने कड़ा रुख अपनाया है। जिला खनन पदाधिकारी सुनील कुमार के नेतृत्व में बीती रात पांकी और लेस्लीगंज थाना क्षेत्रों में छापेमारी कर अवैध रूप से लदे चार खनिज वाहनों को जब्त किया गया। इस कार्रवाई के तहत ट्रक और ट्रैक्टरों में लदे कोयला व बालू को बरामद करते हुए संबंधित मालिकों, चालकों और अज्ञात सहयोगियों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की गई है।

पांकी थाना क्षेत्र में ट्रक से 700 CFT कोयला बरामद किया गया। इस वाहन के मालिक बलदेव भोक्ता (पिता- बेचन गंझु, ग्राम- चुरू, नवादा, बालूमाथ) सहित चालक और अन्य अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। लेस्लीगंज थाना क्षेत्र में तीन अलग-अलग ट्रैक्टरों से 100-100 CFT बालू जब्त किया गया। जिला खनन पदाधिकारी सुनील कुमार ने बताया कि सभी मामलों में खनन अधिनियम एवं सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाने की धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि अवैध खनन के खिलाफ आगे भी इसी प्रकार की सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

## 100 पंचायतों की आवास प्रगति की समीक्षा धीमी गति पर डीडीसी ने जताई नाराजगी

**मेदिनीनगर।** प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) एवं पीएम जन-मन कार्यक्रम के अंतर्गत न्यूनतम प्रगति वाले 100 पंचायतों की समीक्षा मंगलवार को समाहरणालय सभागार में उप विकास आयुक्त शब्बीर अहमद ने की। बैठक में डीडीसी ने आवास निर्माण में निर्धारित लक्ष्यों के अनुरूप प्रगति नहीं होने पर कड़ी नाराजगी जताई और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई की चेतावनी दी। उन्होंने कहा कि आवास योजना के अंतर्गत जिन लाभुकों के मकान अभी तक अधूरे हैं, उन्हें हर हाल में तय समय सीमा के भीतर पूरा किया जाए। उन्होंने हरिहरगंज, पिपरा, हुसैनाबाद, हैदरनगर, मोहम्मदगंज, मनातू, छतरपुर, विश्रामपुर, नौडिहा बाजार, पांडू, नावा बाजार, उंटारी रोड, रामगढ़, पंडवा, पाटन, सतबरवा, तरहसी, नीलांबर-पीतांबरपुर, मेदिनीनगर एवं चैनपुर प्रखंड के कार्यों की प्रखंडवार गहन समीक्षा की। डीडीसी ने स्पष्ट निर्देश दिया कि सभी पंचायत सचिव और प्रखंड आवास समन्वयक एक सप्ताह के भीतर 2016-22 के लम्बित आवासों को हर हाल में पूर्ण कराएं। उन्होंने कहा कि लापरवाही बरतने वाले कर्मियों के खिलाफ विभागीय कार्रवाई की जाएगी। इस मौके पर डीआरडीए निदेशक रतन कुमार सिंह, जिला प्रशिक्षण समन्वयक अभय कुमार, सभी प्रखंडों के प्रखंड आवास समन्वयक एवं संबंधित पंचायत सचिव उपस्थित थे।

**कार्यक्रम** जिले में निषिद्ध मादक पदार्थों के खिलाफ कार्यशाला, नशे से मुक्ति की दिशा में कदम

# जागरूकता अभियान के तहत उपायुक्त ने की नशा सेवन के विरुद्ध शपथ

**नवीन मेल संवाददाता**



### नशा, एक गंभीर समस्या : उपायुक्त

उपायुक्त समीरा एस ने कार्यक्रम के दौरान कहा कि नशे का समाज पर अत्यधिक नकारात्मक प्रभाव पड़ता है, और इसे समाप्त करने की जिम्मेदारी हम सबकी है। उन्होंने बताया कि मादक पदार्थों पर रोक लगाने के लिए जिले में व्यापक जागरूकता अभियान चलाना आवश्यक है। साथ ही, उन्होंने चिंता व्यक्त की कि स्कूली बच्चे भी इस चपेट में आ रहे हैं, जो देश का भविष्य हैं। उन्होंने सभी उपस्थित लोगों से आग्रह किया कि वे इस प्रशिक्षण से प्राप्त जानकारी को दूसरों तक पहुंचाने का कार्य करें।

**मेदिनीनगर।** समाहरणालय के सभागार में आज जिला समाज कल्याण विभाग द्वारा निषिद्ध मादक पदार्थों के इस्तेमाल और इस पर रोक लगाने के उद्देश्य से जिला स्तरीय प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी श्रीमती समीरा एस ने की। कार्यक्रम की शुरुआत उपायुक्त, उप विकास आयुक्त, सिविल सर्जन और जिला समाज कल्याण पदाधिकारी ने दीप प्रज्वलित कर की।

इस अवसर पर सभी उपस्थित लोगों को नशा सेवन के खिलाफ शपथ दिलाई गई। उप विकास आयुक्त शब्बीर अहमद ने नशे के दुष्प्रभावों के बारे में विस्तृत जानकारी दी और इसके खिलाफ आम जन में जागरूकता फैलाने की आवश्यकता पर जोर दिया। सिविल सर्जन डॉ. अनिल कुमार ने नशीले पदार्थों के स्वास्थ्य पर प्रभावों को रेखांकित किया।

इस कार्यशाला में नशीले पदार्थों के दुरुपयोग, जीवन कौशल, प्रतिरोध तकनीक, 15 दिवसीय जागरूकता अभियान योजना और संचार एवं सामुदायिक लामबंदी जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विशेषज्ञों द्वारा विस्तृत जानकारी दी गई। प्रशिक्षण में महिला पर्यवेक्षिका शांति, सरस्वती कुमारी, लीलावती कुमारी और आरती कुमारी की अहम भूमिका रही।

इस कार्यशाला में उपायुक्त समीरा एस, उप विकास आयुक्त शब्बीर अहमद, सिविल सर्जन डॉ. अनिल कुमार, सामाजिक सुरक्षा के सहायक निदेशक विक्रम आनंद, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी नीता चौहान और अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# नशे के विरुद्ध जागरूकता अभियान की शुरुआत, 10 से 26 जून तक चलेगा अभियान

● नशे के नुकसान के प्रति युवाओं और आम जनता को जागरूक करने की पहल

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** 10 जून से 26 जून तक राज्यव्यापी नशा मुक्ति जागरूकता अभियान के तहत, मंगलवार को समाहरणालय सभागार से एलईडी युक्त जागरूकता वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। यह वाहन जिले के विभिन्न प्रखंडों में जाकर, ऑडियो-विडियो के माध्यम से निषिद्ध मादक पदार्थों के सेवन से होने वाली कुरीतियों के बारे में आम जनता को अवगत कराएगा।

उपायुक्त ने इस अवसर पर कहा कि आज जिले में नशा मुक्ति अभियान का शुभारंभ किया गया है और इसके तहत एक कार्यशाला का भी आयोजन किया गया है। उन्होंने चिंता जताई कि इन दिनों नशीला पदार्थ युवाओं तक आसानी से पहुंच रहा है, जो एक गंभीर समस्या है। ऐसे में युवाओं और आमजनों को नशे से होने वाले नुकसान के बारे में जागरूक करने की आवश्यकता है। उपायुक्त ने यह भी कहा कि नशा एक सामाजिक बुराई है, जो शारीरिक, मानसिक और सामाजिक नुकसान पहुँचा रही है। इसे रोकने के लिए हमें स्वयं जागरूक रहना होगा और दूसरों को भी जागरूक करना होगा। यही प्रयास जिले को नशामुक्त बनाने में सहायक साबित होगा। इस अवसर पर जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ. असीम कुमार भी उपस्थित थे।

# विद्यालय से पेय नल की चोरी, बच्चे प्यासे रहे

**नवीन मेल संवाददाता**

**रमना।** राज्यकीय मध्य विद्यालय सिलीदाग-2 में सोमवार रात अज्ञात असामाजिक तत्वों ने पेय नल की चोरी कर ली, जिससे छात्रों को पीने के पानी के लिए परेशान होना पड़ा। प्रधानाध्यापक नंदकिशोर चौबे ने बताया कि विद्यालय पहले से ही कई अव्यवस्थाओं से जूझ रहा है। उन्होंने व्यंग्यात्मक लहजे में कहा, 'यदि एक-एक सामान की चोरी करनी है तो पूरा विद्यालय ही ले जाएं।' विद्यालय की भूमि का अब तक सीमांकन नहीं हुआ है, जिस कारण चारदीवारी नहीं बन सकी है। विद्यालय परिसर में





असामाजिक तत्वों का जमावड़ा, मवेशियों की बंधाई और गंदगी आम बात हो गई है। उन्होंने बताया कि हाल ही में लगाए गए पानी टंकी और नल को पहले भी क्षतिग्रस्त किया गया था जिसकी शिकायत पुलिस और अंचल कार्यालय को की गई थी।

# राजद विधायक नरेश सिंह ने डीआईजी से की औपचारिक भेंट, पुलिस-पब्लिक संबंध सुधार पर हुई चर्चा

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र के राष्ट्रीय जनता दल (राजद) विधायक नरेश प्रसाद सिंह ने मंगलवार को डीआईजी नौशाद आलम से औपचारिक मुलाकात की। यह भेंट पुलिस-पब्लिक रिलेशन को सशक्त बनाने और आम नागरिकों की शिकायतों के त्वरित निष्पादन की दिशा में एक पहल के रूप में हुई। मुलाकात के दौरान विधायक ने डीआईजी के समक्ष क्षेत्रीय जनसमस्याओं को विस्तार से रखा और पुलिसिंग व्यवस्था को अधिक पारदर्शी और जवाबदेह बनाने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने विशेष रूप से ग्रामीण



क्षेत्रों में आम जनता की समस्याओं के प्रति पुलिस की संवेदनशीलता और तत्परता पर ध्यान आकर्षित कराया। इस पर डीआईजी नौशाद आलम ने आश्वस्त किया कि जनता और पुलिस के बीच विश्वास को और मजबूत करने के लिए विशेष दिशा-निर्देश जारी किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि शिकायतों के निष्पादन में कोताही अब बर्दाश्त नहीं की जाएगी और प्रत्येक शिकायत को गंभीरता से लिया जाएगा। डीआईजी ने यह भी कहा कि यदि कहीं कोई विशेष समस्या सामने आती है या पुलिस व्यवस्था में सुधार की आवश्यकता प्रतीत होती है, तो स्वयं उन्हें अवगत कराएं, ताकि समय रहते उस पर कार्रवाई की जा सके। उन्होंने विधायक को भरोसा दिलाया कि पुलिसिंग को और बेहतर बनाने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। विधायक ने बताया कि चूंकि हाल ही में डीआईजी ने पलामू क्षेत्र का प्रभार संभाला है, इसलिए यह भेंट औपचारिक थी और उन्होंने इसे आवश्यक समझा ताकि क्षेत्र की जनता की अपेक्षाएं सीधे उनके समक्ष रखी जा सकें।

## मनरेगा योजनाओं की स्वीकृति पंचायत समिति से अनुमोदन के बाद हो : प्रमुख

प्रखंड प्रमुख चंद्रावती देवी ने मंगलवार को गढ़वा उपायुक्त दिनेश कुमार यादव से मुलाकात कर उन्हें अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया और प्रखंड की विभिन्न समस्याओं के समाधान का आग्रह किया। उन्होंने आवेदन सौंपते हुए कहा कि मनरेगा योजनाओं की स्वीकृति पंचायत समिति की बैठक में अनुमोदन के पश्चात ही होनी चाहिए, जैसा कि मनरेगा आयुक्त, रांची द्वारा निर्गत पत्र में स्पष्ट निर्देश है। वर्तमान में इन योजनाओं की स्वीकृति मनमाने ढंग से की जा रही है, जिस पर प्रमुख ने जांच कर आवश्यक कदम उठाने की मांग की।

## रंका में आम उत्सव और बागवानी मेला का भव्य आयोजन

**रंका।** प्रखंड मुख्यालय मैदान में सोमवार को एकदिवसीय आम उत्सव व बागवानी मेला का आयोजन हुआ, जिसका उद्घाटन बीडीओ शुभम बेला टोपनो, सीओ शिवपूजन तिवारी व प्रखंड प्रमुख अनुभा सिंह ने दीप प्रज्वलन कर किया। प्रखंड के विभिन्न पंचायतों जैसे लिदीकंडा, बिश्रामपुर, चुटिया, खारडिया, बहाहरा, कटरा, रंका व सिरोई खुर्द से किसानों द्वारा आम व कटहल के फल प्रदर्शित किए गए। जेएसएलपीएस की दीदियों द्वारा आम से बने उत्पादों जैसे अचार, चूर्ण आदि के स्टॉल भी लगाए गए, जिससे महिलाएं आत्मनिर्भर बनने की दिशा में प्रेरित हो रही हैं। बीडीओ व प्रमुख ने आम बागवानी योजना के तहत प्रखंड में आए बदलाव की सराहना की। कार्यक्रम का संचालन हेमंत लकड़ा ने किया। मौके पर कई पंचायत प्रतिनिधि व अधिकारी उपस्थित रहे।

## रामासाहू उच्च विद्यालय में विद्यार्थियों को दी गई सड़क सुरक्षा की जानकारी

**गढ़वा।** जिला परिवहन पदाधिकारी धीरज प्रकाश के निर्देश पर रामासाहू उच्च विद्यालय में सड़क सुरक्षा से संबंधित जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें विद्यार्थियों को सुरक्षित यातायात के नियमों की जानकारी दी गई। बताया गया कि केवल व्यस्क होने के बाद ही ड्राइविंग लाइसेंस प्राप्त कर वाहन चलाना चाहिए। वाहन चलाते समय या उस पर बैठते समय हेलमेट व सीट बेल्ट का अनिवार्य रूप से उपयोग करें। वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग न करें। सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु यातायात नियमों का पालन आवश्यक है। कार्यक्रम में जिला सड़क सुरक्षा प्रबंधक संजय बैठा, जिला परिवहन कार्यालय के नीरज कुमार पांडे और विनय तिवारी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## प्रशस्त ऐप को लेकर प्रधानाध्यापकों को मिला प्रशिक्षण

**श्री बंशीधर नगर।** प्लस टू उच्च विद्यालय के सभागार में मंगलवार को प्रखंड के सभी विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों व एक-एक शिक्षक को 'प्रशस्त' ऐप को लेकर एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। इस अवसर पर प्रशिक्षक के रूप में बीआरपी श्रीकांत चौबे, रिसोर्स शिक्षक शशिकांत पाल और एमआईएस राजकुमार कुशवाहा उपस्थित थे। प्रशिक्षकों ने बताया कि यह ऐप एनसीईआरटी द्वारा विकसित किया गया है, जिसका उपयोग दिव्यांग बच्चों की पहचान हेतु किया जाता है। श्रीकांत चौबे ने बताया कि इस ऐप के माध्यम से 64 विकल्पों में से उपयुक्त विकल्पों का चयन कर बच्चों की जानकारी दर्ज की जाती है। राजकुमार कुशवाहा ने बताया कि शिक्षक प्ले स्टोर से यह ऐप डाउनलोड कर सकते हैं, और उन्हें अपने लॉगिन के लिए खाता बनाना होगा। यू-डाइस प्लस में रजिस्टर्ड ईमेल आईडी से ही लॉगिन कर बच्चों का वेरिफिकेशन किया जाएगा। प्रशिक्षण में उपस्थित शिक्षकों को ऐप के तकनीकी पहलुओं की जानकारी दी गई तथा तकनीकी समस्या आने पर संपर्क कर समाधान प्राप्त करने का सुझाव दिया गया। प्रशिक्षण में बीपीओ तहमीना परवीन, बीआरपी प्रकाश कुमार सिंह, सीआरपी संजय कुमार सिंह, शक्तिदास सिन्हा, शोभा पांडेय, शिक्षक अखिलेश प्रसाद, नरेंद्र श्रीवास्तव, शशिकांत यादव, बिनोद ठाकुर, अलीम अंसारी, अनूप विश्वकर्मा, नित्यानंद तिवारी, रमेश प्रसाद, निर्मल कुमार, अमर जायसवाल, रूबी कुमारी, संजय मेहता, उदय कुमार, मुनेश्वर मेहता, मदन राम, नरेश राम, संजय शुक्ल, नीलम पांडेय, संध्या कुमारी, मीरा कुमारी सहित सभी विद्यालयों के प्रधानाध्यापक उपस्थित थे।

## मेराल थाना में विवाद निपटारा शिविर, बीस मामलों का हुआ निष्पादन

**मेराल।** थाना सभागार में मंगलवार को आयोजित विवाद निष्पादन शिविर में विभिन्न पंचायतों से आए 20 मामलों में अधिकांश का निपटारा कर लिया गया। मेराल पश्चिमी पंचायत से 15, हासनदाग पंचायत से भूमि विवाद से जुड़े 2 और बाना पंचायत से आवास संबंधी 4 मामले शिविर में प्रस्तुत किए गए। बीडीओ सतीश भगत ने बताया कि कुछ लाभुकों ने तीसरी किस्त लेने के बावजूद आवास निर्माण कार्य पूरा नहीं किया है, ऐसे मामलों में रिकवरी की जाएगी। भूमि विवादों को अंचल कार्यालय के माध्यम से सुलझाया जाएगा। इस अवसर पर आवास समन्वयक रशीद अंसारी, स्वयंसेवक समेत कई लोग मौजूद रहे।

# उपायुक्त ने प्रज्ञा केंद्रों के संचालन को लेकर की समीक्षा बैठक

**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** जिले में संचालित प्रज्ञा केंद्रों की कार्यप्रणाली, सेवाओं की गुणवत्ता और आमजन तक तकनीकी सुविधाओं की पहुंच सुनिश्चित करने को लेकर उपायुक्त दिनेश कुमार यादव की अध्यक्षता में उनके कार्यालय वेश्म में एक बैठक आयोजित की गई। सीएससी मैनेजर ने जानकारी दी कि जिले में कुल 2317 पंजीकृत प्रज्ञा केंद्र हैं, जिनमें से 1300 सक्रिय रूप से कार्यरत हैं। इन केंद्रों के माध्यम से डिजिटल माध्यम से सरकारी योजनाओं, वित्तीय सेवाओं, शिक्षा, स्वास्थ्य और अन्य आवश्यक सेवाएं प्रदान की जाती हैं। उपायुक्त यादव ने निर्देश



दिया कि केंद्रों में पारदर्शिता, समयबद्धता और सेवा की गुणवत्ता सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि जाति, आवासीय, आय प्रमाण पत्र, आयुष्मान कार्ड, राशन कार्ड, पैन कार्ड, आधार जैसी सेवाएं सुगमता से उपलब्ध होनी चाहिए। पंचायत सचिव व मुखिया को ग्राम सभा के माध्यम से लोगों को इन सुविधाओं के बारे में जागरूक करने को कहा गया। उन्होंने निर्देश दिया कि सेवा दर सूची (रेट चार्ट) और आवश्यक दस्तावेजों की सूची प्रत्येक केंद्र पर प्रदर्शित की जाए और एक शिकायत निवारण हेतु मोबाइल नंबर भी जारी किया जाए। बिना वैध सीएससी आईडी के कार्य करने या तय दर से अधिक शुल्क लेने पर सख्त कार्रवाई होगी। बीडीओ को नियमित निरीक्षण कर रिपोर्ट देने का निर्देश दिया गया। बैठक में गढ़वा बीडीओ कुमार नरेंद्र नारायण, अंचल अधिकारी सफी आलम, सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा नीरज कुमार, जिला सूचना विज्ञान पदाधिकारी चंद्रशेखर पटेल, ई-डिस्ट्रिक्ट मैनेजर शिव नारायण पासवान, डीपीओ यूआईडी गिरिश्वर सिंह, सीएससी मैनेजर मनीष कुमार व कौशल किशोर सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

## कैलान पंचायत में जिला विधिक सेवा प्राधिकार शिविर आयोजित

**नवीन मेल संवाददाता**

**भवनाथपुर।** झालसा रांची के मार्गदर्शन में और जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, गढ़वा के तत्वावधान में कैलान पंचायत में विधिक जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। शिविर की अध्यक्षता प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश नलिन कुमार और सचिव निभा रंजन लकड़ा ने की। मुखिया प्रतिनिधि रामप्रताप यादव की उपस्थिति में 150 ग्रामीणों को पर्यावरण संरक्षण, बाल विवाह, बाल मजदूरी, शिक्षा, स्वास्थ्य व कानूनों की जानकारी दी गई। पीएलवी अरविंद तिवारी ने बताया कि पेड़ लगाने और उसकी देखभाल की जिम्मेदारी भी सामाजिक सरोकार का हिस्सा है। शिविर में साइबर क्राइम, आपात नंबर (100, 101, 108, 1098), सूचना का अधिकार, घरेलू हिंसा, देह व्यापार,



भरण-पोषण जैसे विषयों पर जानकारी दी गई। अंत में सभी ने बाल विवाह, बाल मजदूरी, पर्यावरण संरक्षण को लेकर शपथ ली। शिविर में रामप्रताप यादव, संजय यादव, मेघनाथ यादव, अनिरुद्ध यादव, सुखदेव यादव, रामधनी, विकास राम, गणेश, नरेश, भुनेश्वर, कामेश्वर, श्यामलाल, अमरनाथ, जातुल, विशेश्वर, बालेश्वर सहित सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।

## सीएचसी में डिजिटल एक्स-रे मशीन खराब, एसडीओ ने की जांच

**नवीन मेल संवाददाता**

**भवनाथपुर।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) भवनाथपुर में 19 माह पूर्व स्थापित डिजिटल एक्स-रे मशीन के खराब होने की खबर दैनिक जागरण में प्रमुखता से प्रकाशित होने के बाद स्वास्थ्य विभाग और प्रशासन हरकत में आ गया। गढ़वा उपायुक्त दिनेश कुमार के निर्देश पर श्री बंशीधर नगर के अनुमंडल पदाधिकारी (एसडीओ) मंगलवार को भवनाथपुर सीएचसी पहुंचे। एसडीओ ने अस्पताल कर्मियों से मशीन की स्थिति और संचालन में आ रही तकनीकी



समस्याओं की जानकारी ली। सिविल सर्जन डॉ. अशोक कुमार से दूरभाष पर बातचीत कर विस्तृत विवरण प्राप्त किया गया। सिविल सर्जन ने बताया कि मशीन में तकनीकी खराबी है, जिसकी सूचना संबंधित एजेंसी को दे दी गई है और तीन दिनों के भीतर इसे पुनः चालू कर दिया जाएगा। गौरतलब है कि मशीन खराब होने से मरीजों को निजी केंद्रों या दूरवर्ती अस्पतालों में जाना पड़ रहा था, जिससे समय और पैसे दोनों की बबार्दी हो रही थी।

## शादी का झांसा देकर महिला से दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार

**कांडी।** कांडी थाना क्षेत्र में शादी का झांसा देकर यौन शोषण का मामला सामने आया है। पीड़िता के आवेदन पर थाना में भारतीय न्याय संहिता एवं दहेज प्रथा प्रतिषेध अधिनियम की धारा 4 के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। थाना प्रभारी अविनाश राज ने बताया कि कांड के प्राथमिक अभियुक्त आलोक चौधरी, पिता जनेश्वर चौधरी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।


**ई0 प्रोक्योरमेन्ट सेल**
**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, लातेहार**

**ई- प्रोक्योरमेन्ट नोटिस**

ई–टेन्डर रेफरेन्स नं0–03/2025-26/EE/BCD/LATEHAR दिनांक– 10.06.2025

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रू0) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|
| 1 | Construction of Multi Purpose Centre (MPC) in Village Maromar of Block Garu under Latehar District. | 59,94,700.00 | 06 (Six) Months |

1. वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि :– 17/06/2025 को 11:00 बजे
2. बिड प्राप्ति के लिए अन्तिम तिथि/समय :– 24/06/2025 को 11:00 बजे
3. निविदा प्रकाशित करने वाले कार्यालय का नाम एवं पत्ता :– कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, लातेहार।
4. निविदा खोलने की तिथि/समय एवं स्थान :– 25/06/2025 को 11:30 बजे नोडल पदाधिकारी, ई0 प्रोक्योरमेन्ट सेल, अधीक्षण अभियंता का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग, भवन अंचल सं0–02, राँची।
5. प्रोक्योरमेन्ट पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या :–9431501121
6. ई–प्रोक्योरमेन्ट सेल का हेल्पलाईन संख्या :–8434414939
7. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
8. सूचना प्रौधोगिकी एवं ई–गवर्नेस विभाग, झारखण्ड सरकार के आदेश ज्ञापांक 120 दिनांक 03.10.2023 के द्वारा निर्गत SOP (मानक संचालन प्रक्रिया) एवं भवन निर्माण विभाग, झारखण्ड सरकार के पत्रांक 2229 दिनांक 06.10.2023 के आलोक में निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, SOP के तहत् अग्रधन की राशि उसी खाते में वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सम्पूर्ण जवाबदेही निविदादाता की होगी।

- अन्य किसी भी प्रकार के बदलाव की सूचना http://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
भवन प्रमण्डल, लातेहार

PR 354627 Building(25-26)#D


## रंका में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने मनाया हिंदू साम्राज्य दिवस

**रंका।** मंगलवार को रंका प्रखंड के रंगीला बाबा प्रांगण में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की प्रभात शाखा द्वारा हिंदू साम्राज्य दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में शाखा लगाकर शारीरिक व्यायाम, गीत, परिचय सत्र और बौद्धिक सत्र आयोजित किए गए। खंड बौद्धिक प्रमुख प्रवीण कुमार ने छत्रपति शिवाजी महाराज के जीवन और राज्याभिषेक दिवस की ऐतिहासिक महत्ता पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि यह दिन भारतीय स्वाभिमान, आत्मनिर्भरता और संस्कृति के गौरव का प्रतीक है। कार्यक्रम के अंत में 4 ग्रामीण मोहल्लों के बीच कबड्डी प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें 7 टीमों ने भाग लिया। विजेताओं को अतिथियों द्वारा मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया। मौके पर कई स्वयंसेवक, गणमान्य लोग व ग्रामीण उपस्थित थे।

## रणपुरा बना चैंपियनः स्व. रामपाल सिंह क्रिकेट टूर्नामेंट का रोमांचक फाइनल

**नवीन मेल संवाददाता**

**चिनियां।** बरवाडीह पंचायत के सिमरटोलिया मैदान में स्व. रामपाल सिंह स्मृति क्रिकेट टूनार्मेंट 2025 का भव्य समापन हुआ। फाइनल मुकाबला रणपुरा बनाम केतमा के बीच खेला गया, जिसमें रणपुरा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जीत दर्ज की। रणपुरा ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी चुनी। केतमा ने 10 ओवर में 60 रन बनाए, जबकि रणपुरा ने मात्र 4 ओवर में 1 विकेट खोकर 61 रन बनाकर 9 विकेट से फाइनल अपने नाम कर लिया। मुखिया पम्मी देवी ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि गांव के युवाओं में अपार प्रतिभा है, आवश्यकता केवल दिशा और मंच की है। उन्होंने आयोजन समिति को धन्यवाद देते हुए विजेता टीम को ?16,000 नगद और ट्रॉफी तथा उपविजेता को ?10,000 नगद व ट्रॉफी प्रदान की। मौके पर मुखिया प्रतिनिधि मुख्तार अंसारी, पंचायत सचिव शहजाद अंसारी, संतोष सिंह, उमेश यादव, विजय यादव, सत्येंद्र पासवान समेत कई लोग उपस्थित थे। आयोजन समिति में तेज सिंह, सत्यम सिंह, आनंद सिंह, अभिमन्यु, आदित्य सहित कई युवाओं की अहम भूमिका रही।

## चिनियां की 54 गर्भवती आदिवासी महिलाओं का गढ़वा में स्वास्थ्य परीक्षण

**नवीन मेल संवाददाता**

**चिनियां।** प्रखंड की सात पंचायतों से आईं 54 आदिम जनजातीय गर्भवती महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण मंगलवार को गढ़वा सदर अस्पताल में कराया गया। यह पहल सहभागी शिक्षण केंद्र के सहयोग से पहली बार की गई, जिसमें अल्ट्रासाउंड सहित कई जांचें की गईं। महिलाओं की हीमोग्लोबिन,



वजन, पोषण स्तर और रक्त जांच के साथ विशेषज्ञों द्वारा व्यक्तिगत परामर्श दिया गया। डॉक्टरों ने संतुलित आहार, स्वच्छता और नियमित जांच की आवश्यकता पर जोर दिया। कई महिलाओं ने पहली बार अल्ट्रासाउंड कराते हुए खुशी जाहिर की और बताया कि अब तक उन्होंने केवल घरेलू देखभाल पर भरोसा किया था। इस पहल की अस्पताल कर्मियों ने भी सराहना की और कहा कि यदि ऐसी पहलें जारी रहीं तो सुदूरवर्ती क्षेत्रों में मातृ-शिशु स्वास्थ्य में सुधार संभव है।


**जिला कृषि कार्यालय, पलामू**

**पलामू जिला के किसान भाईयों/बहनों के लिए आवश्यक सूचना**

पलामू जिला के सभी किसान भाईयों/बहनों को सूचित करना है कि कृषि पशुपालन एवं सहाकारिता विभाग, झारखण्ड, रॉची द्वारा किसानों के हितार्थ संचालित योजना यथा बीजविनिमय एवं वितरण योजना, बिरसा बीज उत्पादन एवं फसल विस्तार योजनान्तर्गत खरीफ 2025 में जिले के पैक्स/एफ0पी0ओ0 को निम्नांकित फसलों का बीज Block Chain Technology में पंजीकृत किसानों को 50 प्रतिशत अनुदान पर वितरण हेतु उपलब्ध कराया जा रहा है। वैसे किसान बन्धु जो अबतक अपना पंजीकरण Block Chain Technology में नही कराये है वे अविलंब अपना आधार कार्ड, मोबाईल नं0 एवं जमीन के रसीद के साथ अपने प्रखण्ड के BAO/BTM/ATM/VLW/PACS/FPOs से सर्म्पक करके अपना पंजीकरण करा कर बीज प्राप्त कर सकते हैं।

अनुदानितबीज विवरणी

| क्र० सं० | फसल का नाम | प्रभेद | कृषक अंशदान राशि (50%) | अनुदान की राशि (50%) | स्वीकृतदर (रूपया/क्विंटल) | आवंटित बीज की मात्रा (क्वींटल में) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | धान | PAC-801 | 17985 | 17985 | 35970 | 200 |
| | | PNPH-24 | 18825 | 18825 | 37650 | 100 |
| | | AZ8433DT (IET28160) | 22500 | 22500 | 45000 | 75 |
| | | BS-129G Arize 6129 gold) | 19000 | 19000 | 38000 | 50 |
| | | DRRH-2 | 11100 | 11100 | 22200 | 1000 |
| | | MTU-1010 | 2100 | 2100 | 4200 | 200 |
| | | IR-64-DRT | 1995 | 1995 | 3990 | 100 |
| | | IR-64 | 2100 | 2100 | 4200 | 100 |
| | | Rajendra Mansuri | 1950 | 1950 | 3900 | 250 |
| | | Sava-7301 | 21350 | 21350 | 42700 | 200 |
| 2 | अरहर | Ranendra Arhar-1 | 6232.5 | 6232.5 | 12465 | 50 |
| | | IPA-203 | 7000 | 7000 | 14000 | 50 |
| 3 | ज्वार | CSV-15 | 2525 | 2525 | 5050 | 50 |
| 4 | रागी | VL-379 | 3700 | 3700 | 7400 | 50 |
| 5 | जौ | RD-2794 | 2100 | 2100 | 4200 | 30 |
| 6 | उरद | PU-31 | 6825 | 6825 | 13650 | 50 |
| 7 | मूँगबीन | IPM-205-07 | 6825 | 6825 | 13650 | 100 |
| 8 | मूँगफली | Girinar-4 | 5500 | 5500 | 11000 | 100 |
| 9 | तील | RT-351 | 13000 | 13000 | 26000 | 20 |
| 10 | मक्का | HQPM-1 | 11850 | 11850 | 23700 | 155 |
| | | NMH-803 | 12600 | 12600 | 25200 | 50 |
| | | IMH-224 | 8400 | 8400 | 16800 | 50 |
| | | BIO-9682 | 14500 | 14500 | 29000 | 50 |
| | | DMRH-1308 | 11500 | 11500 | 23000 | 50 |
| | | DHM-117 | 9300 | 9300 | 18600 | 50 |
| | | DMRH-1301 | 7250 | 7250 | 14500 | 50 |
| | | DHM-121 | 5250 | 5250 | 10500 | 50 |

जिला कृषि पदाधिकारी
पलामू

PR 354596 District (25-26)_D


**अपराध-समीक्षा**

### अपराध गोष्ठी का आयोजन, सुरक्षा व न्यायिक व्यवस्था पर सख्त निर्देश

# सड़क सुरक्षा, साइबर क्राइम से लेकर लंबित मामलों पर त्वरित कार्रवाई के निर्देश



**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा (झारखंड)।** जिले में कानून-व्यवस्था को अधिक सशक्त और उत्तरदायी बनाने की दिशा में पुलिस अधीक्षक अमन कुमार (भारतीय पुलिस सेवा) की अध्यक्षता में पुलिस अधीक्षक कार्यालय, सभागार कक्ष में अपराध गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस उच्चस्तरीय बैठक में पुलिस उपाधीक्षक, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, पुलिस निरीक्षक, थाना/ओपी प्रभारी और शाखा प्रभारी समेत समस्त पुलिस अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में एसपी ने कहा कि आगामी मुहर्रम पर्व को लेकर सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए जाएं। सड़क सुरक्षा के तहत ब्लैक स्पॉट की पहचान कर दुर्घटनाओं में कमी लाने के

### ई-साक्ष्य पोर्टल पर प्रविष्टि सुनिश्चित करेंः एसपी

एसपी ने यह भी कहा कि अनुसंधानकर्ताओं को ई-साक्ष्य पोर्टल पर प्रविष्टि सुनिश्चित करनी चाहिए और थानावार प्रविष्टि कॉन्फ्रेंस पोर्टल में समय पर की जाए।

### पुलिस अधिकारियों ने रखी अपनी समस्याएं

गोष्ठी के बाद पुलिस सभा का आयोजन हुआ, जिसमें अधीक्षक ने पुलिसकर्मियों की व्यक्तिगत व कार्य संबंधी समस्याओं को सुना और उनके त्वरित समाधान के निर्देश संबंधित शाखाओं को दिए।

लिए विशेष कदम उठाने को कहा गया। वाहन चेकिंग के दौरान 'रक्षक ऐप' में विवरण दर्ज करना, नफीस पोर्टल में कैदियों की फिंगरप्रिंट प्रविष्टि, लंबित मामलों में आरोपियों की न्यायालय में समय पर प्रस्तुतिकरण, और अनुसंधान की प्रगति जैसे मुद्दों पर विशेष जोर दिया गया। एसपी ने एससी, एसटी एक्ट, पॉक्सो एक्ट, डायल-112, पासपोर्ट/ चरित्र सत्यापन, वारंट व कुर्की निष्पादन, चोरी, लूट, डकैती, साइबर अपराध, जेओएफएस, पीजी पोर्टल, एनडीपीएस , सीसीए तथा आईटी एक्ट जैसे मामलों में तेजी लाने के निर्देश दिए।

## क्षेत्रीय भाषा के नाम पर पलामू प्रमंडल के साथ भेदभाव का आरोप, राज्यपाल से मिला प्रतिनिधिमंडल

**गढ़वा।** क्षेत्रीय भाषा की सूची में कुड़ुख और नागपुरी को शामिल करने के विरोध में भाजपा प्रतिनिधिमंडल ने मंगलवार को राज्यपाल संतोष गंगवार से मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल में पूर्व विधायक भानु प्रताप शाही, राज्यसभा सांसद आदित्य साहू और भाजपा नेता विरंची नारायण शामिल थे। ज्ञापन सौंपते हुए उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य सरकार पलामू प्रमंडल के साथ भाषा के नाम पर भेदभाव कर रही है। प्रमंडल की परंपरागत भाषाएं मगही और भोजपुरी रही हैं, जो अब क्षेत्रीय भाषा की सूची से बाहर की जा रही हैं। प्रतिनिधियों ने कहा कि इससे यहां के युवाओं को प्रतियोगी परीक्षाओं में नुकसान हो रहा है। उन्होंने राज्यपाल से मांग की कि मगही और भोजपुरी को फिर से क्षेत्रीय भाषा के रूप में शामिल किया जाए ताकि युवाओं का भविष्य सुरक्षित रह सके।

# 24 घंटे के अंदर विजयपथ हत्याकांड का पुलिस ने किया उद्भेदन, गांव के तीन युवक गिरफ्तार

- डॉग स्क्वायड, टेक्निकल एनालिसिस व गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस को मिली बड़ी सफलता

**नवीन मेल संवाददाता**



**बालूमाथ (लातेहार)।** चौबीस घंटे के भीतर बालूमाथ पुलिस ने नाबालिग युवक विजयपथ हत्याकांड का खुलासा करते हुए गांव के ही तीन युवकों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। मंगलवार को बालूमाथ थाना परिसर में आयोजित प्रेस वार्ता में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बिनोद रवानी ने यह जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि विजयपथ, पिता बसत आनंद, निवासी चमातू ओझाटोला, थाना बालूमाथ की गुमशुदगी की सूचना पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए जांच शुरू की। रविवार को उसकी बाइक कुण्डी स्थित सीसीएल पीओ कार्यालय के समीप लावारिस हालत में मिली थी। अगले ही दिन मगध कोलियरी क्षेत्र में एक अर्धसड़ा शव बरामद हुआ, जिसकी पहचान विजयपथ के रूप में की गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर विशेष टीम का गठन कर डॉग स्क्वायड, तकनीकी विश्लेषण व गुप्तचरों की मदद से गहन जांच की गई। जांच में रोशन कुमार (19), जयबीर भुइया और कृष्णा कुमार—a॥ निवासी ग्राम चमातू, थाना बालूमाथ—की संलिप्तता सामने आई। रोशन कुमार ने पूछताछ में बताया कि वह मृतक की बहन से बात करना चाहता था, जिसका विरोध विजयपथ करता था। साथ ही उसने रोशन की एक अन्य प्रेमिका का नंबर किसी अन्य युवक को दे दिया था, जिससे नाराज होकर रोशन ने हत्या की साजिश रची।

घटना वाले दिन रोशन और जयबीर ने विजयपथ को बहाने से हहुरबा बाईपास के पास बुलाया। वहीं, रोशन ने नाले में धक्का देकर उसे नीचे गिरा दिया और चाकू से गला व पेट पर कई वार कर उसकी हत्या कर दी। बाद में शव को ठिकाने लगाने के लिए कृष्णा कुमार अपनी मारुति एस्प्रेसो कार से घटनास्थल पहुंचा और शव को मगध कोलियरी क्षेत्र में फेंक दिया।

पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त चाकू, मृतक के खून से सने मिट्टी-पत्ते, चप्पल, मोबाइल फोन व शव को ढोने में प्रयुक्त मारुति एस्प्रेसो कार बरामद कर ली है। गिरफ्तार तीनों आरोपी हत्या में अपनी संलिप्तता स्वीकार कर चुके हैं।

## कुंदा में राशन डीलर की मनमानी से परेशान हैं ग्रामीण

**मई-जून माह में कटौती कर दिया गया राशन, गरीबों पर आर्थिक बोझ**

**कुंदा (चतरा)।** प्रखंड क्षेत्र कुंदा में कई राशन डीलरों द्वारा मनमानी कर गरीब लाभुकों को मई और जून माह का पूरा राशन नहीं दिया गया। ग्रामीणों का आरोप है कि बीपीएल कार्डधारियों से एक किलो और अंत्योदय लाभुकों से 5 किलो चावल की कटौती की गई, जिससे उन्हें अतिरिक्त धन खर्च कर बाजार से अनाज खरीदना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने शिकायत की कि यह लगातार हो रही समस्या है और अब वे नए उपायुक्त से उम्मीद लगाए बैठे हैं कि इस पर कार्रवाई होगी। वहीं, राशन डीलर संघ अध्यक्ष अंबिका प्रसाद यादव ने सभी आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि सभी लाभुकों को पूर्ण राशन दिया गया है। इस विषय में पूछे जाने पर प्रभारी एमओ रंजन कुमार राजू ने कहा कि उन्हें अब तक इस संबंध में कोई जानकारी नहीं थी। अब जानकारी मिलने के बाद जांच कर दोषी डीलरों पर कार्रवाई की जाएगी।

## बेलवाही में छात्र-छात्राओं के बीच किताब व बैग का वितरण



**चंदवा।** उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय, बेलवाही के तीस छात्र-छात्राओं के बीच पंचायत समिति सदस्य अयूब खान एवं मुखिया नरेश भगत ने संयुक्त रूप से स्कूल बैग और पुस्तकें वितरित कीं। ये सामग्री शिक्षा विभाग द्वारा उपलब्ध कराई गई थी। विद्यालय के प्रधानाध्यापक बीगन राम और शिक्षिका बीराजमुनी देवी ने बताया कि कक्षा 1 से 5 तक के लिए अलग-अलग पुस्तकें दी गई हैं, जिससे छात्रों के शैक्षणिक विकास को बढ़ावा मिलेगा। इस मौके पर अयूब खान ने कहा कि शिक्षा को बढ़ावा देने तथा छात्रों को आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराने के लिए यह पहल की गई है। बच्चों के चेहरों पर बैग व किताबें पाकर विशेष उत्साह और मुस्कान देखी गई। मुखिया नरेश भगत ने कहा कि हर बच्चे को शिक्षा के समान अवसर और संसाधन मिलें, यह सरकार और विद्यालय दोनों की संयुक्त जिम्मेदारी है। पाठ्य सामग्री मिलने से बच्चों में पढ़ाई के प्रति रुचि और आत्मविश्वास बढ़ता है।

## विकसित कृषि संकल्प अभियान' में गांव-गांव पहुंच रही वैज्ञानिक सलाह, खेती को बनाया जा रहा उन्नत

**नवीन मेल संवाददाता**



**बालूमाथ।** भगिया पंचायत के ओकाया, शांति और चेतर गांवों में मंगलवार को कृषि विज्ञान केंद्र और लाह अनुसंधान केंद्र के वैज्ञानिकों की टीम ने किसानों को उन्नत कृषि तकनीकों और सरकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। यह कार्यक्रम 'विकसित कृषि संकल्प अभियान' के तहत चलाया जा रहा है, जो 29 मई से 12 जून तक जारी रहेगा। वरिष्ठ वैज्ञानिक महेश चंद्र जराई ने कहा कि अम्लीय मिट्टी में बेहतर उत्पादन के लिए डोलोमाइट या जिप्सम का प्रयोग जरूरी है। वहीं, डॉ. अर्णव राय चौधरी और उनकी टीम ने लाह उत्पादन की आधुनिक तकनीकों को साझा किया। डॉ. सुनीता कमल ने बीज की गुणवत्ता और उपचार की जानकारी दी।

अब तक इस अभियान में 45 गांवों को शामिल किया जा चुका है, जहां प्रतिदिन नौ गांवों का भ्रमण कर किसानों को तकनीकी सहायता दी जा रही है। कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के मार्गदर्शन में चल रहे इस अभियान के तहत 2000 से अधिक वैज्ञानिक देशभर में किसानों के बीच जाकर जागरूकता फैला रहे हैं।

## बिरसा कूप निर्माण कार्य पूर्ण, लेकिन एक वर्ष से बकाया है सामग्री की राशि

**नवीन मेल संवाददाता**

**कुंदा (चतरा)।** कुंदा एवं प्रतापपुर प्रखंडों में मनरेगा योजना के तहत निर्मित बिरसा कूपों का कार्य लगभग एक वर्ष पूर्व पूरा हो चुका है, लेकिन लाभुकों को अब तक सामग्री मद की राशि प्राप्त नहीं हुई है।

लाभुकों ने बताया कि कूप निर्माण हेतु उन्होंने कर्ज लेकर सामग्री की खरीद की थी, लेकिन अब राशि नहीं मिलने से उन्हें आर्थिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। उन्हें कर्ज का भुगतान ब्याज सहित करना पड़ रहा है।

बिरसा कूप योजना के तहत प्रति कूप पचास हजार रुपये की सामग्री सहायता राशि देने का प्रावधान है, लेकिन कई लाभुकों को यह राशि अब तक नहीं मिल पाई है।

इस विषय पर जब कुंदा के प्रखंड विकास पदाधिकारी साकेत कुमार सिन्हा से संपर्क करने की कोशिश की गई तो उन्होंने फोन नहीं उठाया।

## चंदवा प्रखंड कार्यालय में विधायक प्रकाश राम का जनता दरबार कल

**चंदवा।** लातेहार विधायक प्रकाश राम गुरुवार, 12 जून को दोपहर 11 बजे प्रखंड मुख्यालय सभागार में जनता दरबार का आयोजन करेंगे। विधायक प्रतिनिधि आदर्श रविराज ने बताया कि जनता दरबार में पूर्व में प्राप्त आवेदनों की समीक्षा की जाएगी और कार्यों की प्रगति रिपोर्ट ली जाएगी। साथ ही आम नागरिकों की नई समस्याएं सुनी जाएंगी और उनके समाधान हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए जाएंगे।

## नशे के खिलाफ जनजागरूकता का बिगुल, उपायुक्त ने किया रथ को रवाना



**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** नशे की गिरफ्त से समाज को मुक्ति दिलाने की दिशा में मंगलवार को एक नया अध्याय जुड़ा, जब उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता ने समाहरणालय परिसर से जनजागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह रथ 10 से 26 जून तक चलने वाले राज्यव्यापी अभियान के तहत जिले के कोने-कोने में जाकर लोगों को नशा मुक्ति का संदेश देगा। उपायुक्त ने मौके पर कहा, 'नशा व्यक्ति को केवल शारीरिक और मानसिक रूप से ही नहीं, बल्कि उसके सपनों और भविष्य को भी निगल जाता है। यह हमारे समाज की जड़ें कमजोर करता है।' उन्होंने जिलेवासियों से इस अभियान का हिस्सा बनने की अपील करते हुए कहा कि यह हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है कि नशे को जड़ से समाप्त करें। अभियान के अंतर्गत 24x7 सहायता के लिए टोल फ्री नंबर 112, तथा मानसिक स्वास्थ्य संस्थानों जैसे सिनपास रांची और एम्स देवघर की सहायता भी उपलब्ध कराई गई है। इस अवसर पर अपर समाहर्ता रामा रविदास, डीआरडीए निदेशक प्रभात रंजन चौधरी, उप निर्वाचन पदाधिकारी मेरी मड़की समेत कई पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## कमांडो क्लब बना चैम्पियन, आरआरसी को हराया 43 रन से

- स्व. प्रभाकर मिश्रा दिवा-रात्रि कैनवास क्रिकेट टूर्नामेंट संपन्न

**नवीन मेल संवाददाता**




**चंदवा।** हाई स्कूल खेल स्टेडियम में चल रहा स्व. प्रभाकर मिश्रा दिवा-रात्रि कैनवास क्रिकेट टूर्नामेंट सोमवार की रात समाप्त हुआ। फाइनल मुकाबला आरआरसी टोरी और कमांडो क्लब चंदवा के बीच खेला गया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए कमांडो क्लब ने निर्धारित 10 ओवरों में 100 रन बनाए। जवाब में आरआरसी की टीम 57 रन ही बना सकी। इस प्रकार कमांडो क्लब ने 43 रन से जीत दर्ज कर ट्रॉफी अपने नाम की। मैच की शुरुआत दीप प्रज्वलन और स्व. प्रभाकर मिश्रा के चित्र पर पुष्प अर्पण से हुई। इसके बाद भव्य आतिशबाजी के साथ फाइनल मुकाबले का आगाज हुआ।

फाइनल में लेपा को मैन ऑफ द मैच, अशफाक खान को मैन ऑफ द सीरीज, भोला को बेस्ट बॉलर और अनुप को बेस्ट बैट्समैन घोषित किया गया। अंपायर की भूमिका विजय सिंह व प्रशांत सिंह ने निभाई, जबकि स्कोरिंग दीपू ने की। कमेंट्री सौरभ श्रीवास्तव ने की। विजेता टीम को 31,000 की राशि व ट्रॉफी, तथा उपविजेता को 21,000 की राशि व ट्रॉफी प्रदान की गई।

### विश्व रक्तदान दिवस को लेकर चंदवा में बैठक आयोजित

## स्वयंसेवी संगठनों के साथ बनी कार्यक्रम की रूपरेखा, ब्लड बैंक स्थापना पर भी हुई चर्चा

**नवीन मेल संवाददाता**



**चंदवा।** आगामी 14 जून को विश्व रक्तदान दिवस के अवसर पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चंदवा में आयोजित रक्तदान कार्यक्रम की तैयारी को लेकर मंगलवार को बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. नीलिमा कुमारी ने की। इसमें रक्तदान वीरों से संपर्क साधने, प्रचार-प्रसार बढ़ाने तथा जनभागीदारी सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया गया।

डॉ. नीलिमा ने कहा कि ब्लड बैंक की स्थापना चंदवा में जरूरी है, ताकि स्थानीय जरूरतों को पूरा किया जा सके। बैठक में कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए कई बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। इस दौरान विधायक प्रतिनिधि (शिक्षा व पर्यटन विभाग) आदर्श रविराज, कुमार नवनीत, अंकित कुमार, निष्ठा फाउंडेशन के चंद्रभूषण केसरी उर्फ मंटू, विवेकानंद किशोर संस्थान के मोहनीश कुमार, हिंडाल्को कोल सीएसआर से जुड़े लोग, मेडिकल ऑफिसर डॉ. प्रकाश, डॉ. तरुण जोश लकड़ा, बीपीएम अमित कुमार सिंह, एमटीएस कृष्णाकांत कुमार, लिपिक बिनीता देवी, विकास रंजन और रमेश राम आदि उपस्थित थे।

## कांग्रेस संगठन सृजन कार्यक्रम में जुटे दिग्गज संविधान और संगठन को लेकर हुआ मंथन

**नवीन मेल संवाददाता**



**लातेहार।** मंगलवार को टाउन हॉल लातेहार में कांग्रेस के 'संगठन सृजन 2025' कार्यक्रम के तहत एक विशाल कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रदेश प्रभारी के. राजू, प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश, पंचायती राज मंत्री दीपिका सिंह पांडेय, राज्यसभा के पूर्व सांसद धीरज प्रसाद साहू सहित पार्टी के वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ता शामिल हुए।

प्रदेश प्रभारी ने जोर देकर कहा कि संगठन को गांव-गांव तक मजबूत करना कांग्रेस की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा, 'संविधान खतरे में है, और उसे बचाने के लिए हमें एकजुट होकर संघर्ष करना होगा।' प्रदेश अध्यक्ष ने कार्यक्रम को संगठन के पुनर्गठन की दिशा में एक निर्णायक कदम बताया। मंत्री दीपिका सिंह पांडेय ने पेशा कानून को लेकर सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई। कार्यक्रम में संगठनात्मक मजबूती, बूथ स्तर पर विस्तार और ग्रामीण स्तर पर कांग्रेस की पकड़ को मजबूत करने को लेकर रणनीति तैयार की गई। सम्मेलन में कार्यकारी जिलाध्यक्ष गुंजर उरांव, यूथ कांग्रेस उपाध्यक्ष आफताब आलम, महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष अनीता देवी समेत सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

**अनियमितता** — बेतला में धांधली का मामला बना चर्चा का विषय

## पीएम आवास को तोड़कर बना दिया पशु शेड

- ग्रामीणों ने की उपायुक्त से जांच की मांग, पुराने आवास तोड़कर नए लाभ

**नवीन मेल संवाददाता**



**बेतला (बरवाडीह)।** बरवाडीह प्रखंड के बेतला पंचायत अंतर्गत कुटमु निवासी उमेश कुमार बैठा द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत निर्मित आवास को तोड़कर मुख्यमंत्री पशुधन योजना के अंतर्गत बक्वाड 400 चुजा वाला पशु शेड बनाने का मामला सामने आया है। यह मामला ग्रामीणों के बीच चर्चा का विषय बन गया है।

गांव के लोगों ने आरोप लगाया कि एक ओर जहां अन्य गरीबों को मकान तक नसीब नहीं, वहीं पुराने आवास तोड़कर नए लाभ लिए जा रहे हैं। ग्रामीणों ने उपायुक्त से मामले की जांच कर दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है।

**सरकारी धन का दुरुपयोग है : ग्रामीण**

ग्रामीणों का कहना है कि उमेश बैठा के नाम से वर्ष 2016-17 में और उनके पिता शर्मा बैठा के नाम से 2017-18 में प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत हुआ था, जिसकी राशि 1.30 लाख थी। अब उन्हीं मकानों को तोड़कर नरेगा योजना से उमेश बैठा की पत्नी संगीता देवी के नाम से पशुधन शेड का निर्माण कराया जा रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि यह सरकारी धन का दुरुपयोग है और स्थानीय प्रशासन इस पर मौन है।

## एकलव्य आदर्श विद्यालय का संचालन 16 जून से प्रारंभ

**लातेहार।** परियोजना निदेशक प्रवीण गगरई ने एकलव्य आदर्श विद्यालय, निगाई लातेहार का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विद्यालय भवन और छात्रावास भवन की आधारभूत सुविधाओं की समीक्षा की। पाया गया कि दोनों भवनों का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है और विद्यालय का संचालन 16 जून से प्रारंभ किया जाना है। इस दौरान साफ-सफाई का कार्य मजदूरों के माध्यम से कराया जा रहा था। प्रवीण गगरई ने प्रभारी प्राचार्य और उपस्थित शिक्षकों को निर्देश दिया कि वे विद्यालय में उपस्थित रहकर कक्षाओं के अनुसार बेंच-डेस्क तथा छात्र-छात्राओं के लिए आवासीय बेड का अधिष्ठापन कार्य शीघ्र पूर्ण कर लें।


**कार्यालय : जिला परिषद, चतरा।**
(E.mail: districtboardchatra@gmail.com)

**–बंदोबस्ती हेतु आम सूचना–**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि चतरा जिला परिषद क्षेत्रान्तर्गत सिमरिया प्रखण्ड अन्तर्गत निर्मित **किसान भवन को (Builtup Area- 1761.89 sqft)** का आवंटन खुला डाक के माध्यम से तीन वर्षों (36 माह) के लिए किया जाना है। बन्दोवस्ती डाकवक्ता के द्वारा बोली गई अधिकतम डाक की राशि पर आवंटित किया जायेगा।

इच्छुक व्यक्ति दिनांक **12.06.2025** से **21.06.2025** तक **''चतरा जिला परिषद कार्यालय''** मो0 5,000/– (पाँच हजार रू0) की डिमाण्ड ड्राफ्ट जो **''DDC CUM CEO DISTRICT BOARD CHATRA''** के नाम से भुगतेय हो जमा कर फार्म प्राप्त कर सकता है।

| भवन का नाम | न्यूनतम डाक की राशि (एक वर्ष के लिए) | जमानत की राशि |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| **किसान भवन, सिमरिया** | 150000.00 (एक लाख पच्चास हजार रू0) | 37500.00 (सैंतीस हजार पाँच सौ रू0) |

**नियम शर्तें –**

1. आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि – दिनांक 23.06.2025 के अपराह्न 05.00 बजे तक।
2. डाकबोली की तिथि एवं समय – दिनांक 24.06.2025 के अपराह्न 02.00 बजे।
3. स्थान – जिला परिषद सभाकक्ष, चतरा
4. डाक बोली में उसी डाकवक्ता को भाग लेने की अनुमति दी जायेगी, जो वांछित कागजात (Technical Bid) की अहर्ता रखता हो। वांछित कागजात में सफल डाकवक्ता की सूची कार्यालय नोटिस बोर्ड पर प्रदर्शित किया जायेगा।
5. बन्दोबस्ती की न्यूनतम डाक की राशि मो0 150000.00 (एक लाख पच्चास हजार रू0) प्रति वर्ष (तीन वर्ष के लिए–450000.00 (चार लाख पच्चास हजार रू0) के लिए निर्धारित की गयी है। उच्चतम बोली द्वारा निर्धारित राशि पर बंदोबस्तीधारी को सरकार द्वारा निर्धारित GST अतिरिक्त भुगतान करना होगा।
6. सुरक्षित/जमानत की राशि **मो0 37500.00 (सैंतीस हजार पाँच सौ रू0)** बैंक ड्राफ्ट द्वारा ''उप विकास आयुक्त–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद, चतरा'' के पदनाम से जिला परिषद, चतरा कार्यालय में जमा करना अनिवार्य होगा। असफल जमाकर्त्ताओं की जमानत की राशि डाक समाप्ति के तुरंत बाद वापस कर दी जायेगी।
7. डाकवक्ता को जिला के स्थायी निवासी होने पर वरीयता प्रदान की जायेगी।
8. जिला परिषद में किसी भी प्रकार का बकाया रखने वाले व्यक्ति/फर्म बन्दोबस्ती हेतु डाक में भाग नहीं लेगें।
9. अद्योहस्ताक्षरी को बिना कारण बताये डाक को रद्द करने का अधिकार सुरक्षित है।
10. अन्य डाक की नियम एवं शर्तों की विस्तृत जानकारी जिला परिषद कार्यालय के सूचना पट्ट एवं www.chatra.nic.in पर देखा जा सकता है, जो इस सूचना का एक अभिन्न अंग होगा।

उप विकास आयुक्त–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,
जिला परिषद,चतरा।

PR 354571 (District) 25-26 (D)



**कार्यालय :- जिला स्वास्थ्य समिति, लातेहार**
Sadar Hospital Campus, Latehar. E Mail ID: drhslatehar3@gmail.com

**राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, झारखण्ड अंतर्गत जिला स्वास्थ्य समिति, लातेहार के अधीन अनुबंध आधारित पारा कर्मियों एवं अन्य प्रखण्ड/जिला स्तरीय पदों के रिक्त पदों पर संविदा/अनुबंध के आधार पर चयन/नियुक्ति हेतु विज्ञापन।**
**विज्ञापन सं0–01/2025 (DHS) आवेदन की अंतिम तिथि– (05.07.2025)**

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन झारखण्ड के तहत जिला स्वास्थ्य समिति, लातेहार के अधीन अनुबंध/संविदा आधारित रिक्त पदों पर विज्ञापन के माध्यम से चयन/नियुक्ति हेतु उपायुक्त सह अध्यक्ष जिला चयन समिति (स्वास्थ्य) लातेहार के अनुमोदनोपरांत राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, झारखण्ड अंतर्गत जिला स्वास्थ्य समिति लातेहार के अधीन नीचे अंकित जिला स्तरीय संविदा/अनुबंध आधारित रिक्त पदों पर चयन/नियुक्ति हेतु निबंधित डाक/स्पीड पोस्ट के माध्यम से निम्नवत् रूप से आवेदन पत्र आमंत्रित किया जाता है:–

01. राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, झारखण्ड अंतर्गत जिला स्वास्थ्य समिति, लातेहार के अधीन अनुबंध आधारित पदों की रिक्तयों का विवरण निम्नवत् है :–

| Sl No | Name of the Post | Unit/ Programme | Category wise Current Vacancy Status | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | UR | EWS | ST | SC | Total |
| 1 | ANMs | NHM RCH | 5 | 1 | 3 | 4 | 13 |
| 2 | Staff Nurse | NHM RCH | 1 | 1 | 1 | 3 | 6 |
| 3 | Lab Tech | NHM RCH | 1 | 1 | 1 | 0 | 3 |
| 4 | Block Data Manager | NHM RCH | 0 | 0 | 1 | 0 | 1 |
| 5 | AYUSH Pharmacists | NHM RCH | 0 | 0 | 1 | 0 | 1 |
| 6 | Nutritional Counsellors-MTC | NHM-MTC | 2 | 0 | 1 | 1 | 4 |
| 7 | ANM-MTC | NHM-MTC | 0 | 0 | 0 | 1 | 1 |
| 8 | Staff Nurse-SNCU | SNCU | 5 | 0 | 3 | 1 | 9 |
| 9 | Staff Nurse-NBSU | NBSU | 0 | 0 | 0 | 1 | 1 |
| 10 | ANM-RBSK | RBSK | 0 | 0 | 0 | 1 | 1 |
| 11 | Pharmacist-RBSK | RBSK | 3 | 0 | 2 | 1 | 6 |
| 12 | GNMs-CHC NCD Clinic | NPCDS and NPHCE | 1 | 0 | 1 | 0 | 2 |
| 13 | Counselors-CHC NCD Clinic | NPCDS and NPHCE | 1 | 0 | 1 | 1 | 3 |
| 14 | Hospital Attendants-NPHCE | NPCDS and NPHCE | 1 | 0 | 1 | 0 | 2 |
| 15 | Sanitary Attendants-NPHCE | NPCDS and NPHCE | 1 | 0 | 1 | 0 | 2 |
| 16 | Rehabilitation Worker-NPHCE | NPCDS and NPHCE | 3 | 0 | 2 | 1 | 6 |
| 17 | Psychiatric Social Worker-NMHP | National Mental Health Programme | 1 | 0 | 0 | 0 | 1 |
| 18 | Dist.Prog.Coordinator-NTEP | National Tuberculosis Elimination Program (NTEP) | 1 | 0 | 0 | 0 | 1 |
| 19 | PPM Coordinator-NTEP | National Tuberculosis Elimination Program (NTEP) | 1 | 0 | 0 | 0 | 1 |
| 20 | STS NTEP | National Tuberculosis Elimination Program (NTEP) | 1 | 0 | 1 | 0 | 2 |
| 21 | District VBD Consultant-NVBDCP | NVBDCP | 1 | 0 | 0 | 0 | 1 |
| 22 | Finance & Logistic Assistant-NVBDCP | NVBDCP | 1 | 0 | 0 | 0 | 1 |

- नोट:–रिक्तियों की संख्या में कमी/वृद्धि हो सकती है।
- उपरोक्त विज्ञापन संबंधी विस्तृत जानकारी, शर्तें, अर्हता, आवेदन का प्रपत्र आदि का अवलोकन लातेहार जिले के अधिकृत वेबसाईट http://latehar.nic.in पर देखा जा सकता है।

असैनिक शल्य चिकित्सक सह
मुख्य चिकित्सापदाधिकारी, लातेहार

PR 354569 Health Med Edu and Family Welfare (25-26)_D

### नगर भवन में कॅरियर काउंसलिंग आयोजित, शामिल हुए 10वीं से 12वीं के छात्र-छात्राएं

# कमी का आकलन करते हुए योजनाबद्ध तरीके से प्रयास करें : डीसी

**नवीन मेल संवाददाता**



**लोहरदगा।** उपायुक्त डॉ ताराचंद ने कहा कि कोई भी परीक्षा लोगों की सफलता या असफलता को परिभाषित नहीं कर सकती है। हर आदमी अपने आप में अदभूत है। असफलताएं जीवन का हिस्सा है। आप फिर से अपनी कमी का आकलन करते हुए बार बार प्रयास कीजिए सफलता जरूर आपके कदम चूमेगी। बादल छटने के बाद फिर से तारों की रौशनी बिखरती है उक्त बातें उपायुक्त डॉ ताराचंद ने आज नगर भवन में जिला प्रशासन की ओर से आयोजित कॅरियर काउंसलिंग में बतौर मुख्य अतिथि कही। इससे पहले कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्ज्वलित कर की गई।

उपायुक्त ने बॉलीवुड फिल्म मांझी के किरदार दशरथ माँझी द्वारा अकेले पहाड़ को काटकर रास्ते बनाने की अपनी दृढसंकल्प का उदाहरण देते हुए कहा कि जबतक तोड़ेगें नही, तबतक छोड़ेगें नहीं। उपायुक्त ने कहा कि इसी तरह का संकल्प छात्र-छात्राएं भी अपने जीवन में ले। जीवन में ली गयी संकल्प को पूरा करने के लिए जी तोड़ मेहनत करें। आप जितनी मेहनत करेंगे अपने लक्ष्य की ओर स्वयं को उतना ही नजदीक पाएंगे। आप स्वयं को सिद्ध करें। कार्यक्रम में डॉ ताराचंद द्वारा सभी छात्र-छात्राओं को मतदाता शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम अनुमंडल पदाधिकारी अमित कुमार, एनडीसी अभिनीत सूरज, बड़ी संख्या में 10वीं, 11वीं एवं 12वीं के छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

#### अपनी रुचि के अनुसार ही कॅरियर का चयन करें : उपविकास आयुक्त

उपविकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत ने कहा कि अपने जीवन में अपनी रुचि के अनुसार ही कॅरियर का चयन करना चाहिए। उपविकास आयुक्त ने कहा कि छात्र जीवन में अनुशासन बहुत जरूरी है। कार्यक्रम में उपनिर्वाचन पदाधिकारी धीरज कुमार ठाकुर ने कॉमर्स के क्षेत्र में कैरियर,अंचल अधिकारी भण्डरा दुर्गा कुमार ने स्मार्टफोन के दुरुपयोग को रोकने और इसके बेहतर इस्तेमाल की जानकारी दी तथा जिला सूचना विज्ञान पदाधिकारी आकाश सिंह ने आई टी के क्षेत्र में भविष्य की जानकारी साझा की। होमी के भाभा कोचिंग संस्थान की शिक्षिका दीक्षा ने भी बारहवीं उत्तीर्ण के बाद कैरियर की जानकारी दी।

## सरयू राय ने लोहरदगा स्थित 'एडपा' संग्रहालय का अवलोकन किया



**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** झारखंड विधानसभा के प्रतियुक्त विधानसभा समिति के सभापति सह जमशेदपुर के विधायक सरयु राय व जरमुंडी विधायक देवेंद्र कुंवर लोहरदगा दौरे के उपरांत बलदेव साहू कॉलेज निकट बर्म्मन हाईवे पेट्रोल पंप परिसर स्थित "एडपा" (कुडुख भाषा में घर) संग्रहालय का अवलोकन किया, जहां उन्होंने ढेकी, जाता, लोढ़ा सिलवट, ओखली, लटई, तार गाड़ी, चिपुल, गीली डंटा,अंटा,तीर धनुष, गूलेल चलाकर जहां अपना बचपना याद किया, वहीं गुंगू(पत्ता का बना रेनकोट), ठरकी(मवेशियों का जीपीएस), साइकिल डायनेमो, बांस का छाता, चीनी मिट्टी का बना विद्युत स्विच, पाषाण काल में भोजन बनने के उपकरण, मिट्टी के बर्तन, मिट्टी के चूल्हा, रेडियो, पटिया, रोयचो, हल जुवाठ, खटिया, लेदरा, कांसा का पईला व बर्तन, पुराने सिक्के, नकाशी दार दरवाजे, ढेलफोडवा, धूरमूस, गोइठा आदि देखकर कहा कि पहले के लोगों की जीवन शैली आज से काफी बेहतर था पहले के लोगों को ब्लड प्रेशर, शुगर, थायराइड, बाल सफेद व झड़ना, बैक पेन, आंखों की समस्या, डिप्रेशन आदि के शिकार नहीं होते थे। उसका कारण था पौष्टिक अनाज उपजाते थे फिर जाता, ढेकी, ओखली, लोढा सिलवट आदि से कूट पीसकर के मिट्टी के बर्तन में मिट्टी के चूल्हे पर लकड़ी व गोइठा तथा शारीरिक परिश्रम से बना भोजन अमृत होता था। पड़ोसी एक दूसरे के घरो का सामान बेहिचक उपयोग करते थे, सभी वर्ग के बच्चे लोग बिना खर्चे वाला क्षेत्रीय खेल खूब खेलते थे, संबंधों में प्रगाढ़ता रहती थी, कोई डिप्रेशन का शिकार नहीं होता था। द्वय विधायकों ने क्षेत्रीय स्नेक्स लकड़तोड़, लड़ूवा, लावा, गोपो का सेवन कर कहा कि क्षेत्रीय स्नैक्स "हेल्थ इस वेल्थ" तो होता ही है तथा क्षेत्रीय भोजन व क्षेत्रीय सामानों को बढ़ावा देने से रोजगार के अवसर भी सृजन होंगे। उन्होंने जीवन शैली सुधार हेतु "एडपा" एक प्रेरणा स्रोत स्थल बताया जो की सबों को देखना चाहिए। उन्होंने वहां लगे औषधीय पौधे पिस्ता बादाम, हिंग, लवंग, अर्जुन, महोगनी, लेमनग्रास, काजू, शहतूत, रुद्राक्ष, पान, सुपारी, कपूर, चीकू, लाल-सफेद चंदन, दालचीनी, कैक्टस, अनार, पारिजात, एलोवेरा, कड़ी पत्ता आदि का भी अवलोकन किया। मौके में भाजपा नेता ओम प्रकाश सिंह, एड़पा संग्रहालय प्रबंधक व पर्यावरण प्रेमी संजय बर्म्मन आदि मौजूद थे।

# नशा से रहें दूर, जीवन होता है इससे बर्बाद : डॉ ताराचंद

### उपायुक्त ने जागरुकता रथ को किया रवाना, युवाओं को दी सलाह

**नवीन मेल संवाददाता**



**लोहरदगा।** उपायुक्त डॉ ताराचंद ने जिला में निषिद्ध मादक पदार्थों के विरूद्ध जागरूकता अभियान चलाने के लिए जिला जनसम्पर्क कार्यालय के दो जागरूकता रथों को नगर भवन परिसर लोहरदगा से रवाना किया। इन जागरूकता रथो के द्वारा एलईडी के माध्यम से वीडियो फिल्म के द्वारा राज्य सरकार की ओर से निषिद्ध किए गए मादक पदार्थों से बचाव, नशा से दूर रहने, नशे के दुष्प्रभाव से संबंधित जानकारी दी जाएगी। उपायुक्त ने कहा कि आज नशाखोरी बहुत बड़ी समस्या है। इससे समाज के विशेषकर युवा वर्ग ग्रसित है। नशा के विभिन्न संसाधन इनकी पहुंच में हैं जिससे निजात दिलाना हमारा कर्तव्य है। जिला प्रशासन की ओर से लोहरदगा जिला के गांवों, पंचायतों में जागरूकता रथ के द्वारा लोगों को जागरूक किया जाएगा। इसमें विभिन्न निषिद्ध मादक पदार्थ के अधिनियमों की भी जानकारी दी जाएगी जिसके तहत निषिद्ध पदार्थो का भंडारण, सेवन व विक्रय दण्डनीय अपराध है। लोगों को ये सभी जानकारी जागरूकता वीडियो फिल्म द्वारा मिलेगी तो निषिद्ध पदार्थो के इस्तेमाल में काफी कमी आएगी। यह राज्यव्यापी जागरूकता अभियान 10 से 26 जून 2025 तक चलेगा। राज्य सरकार के निदेश पर लोहरदगा जिला में भी यह जागरूकता अभियान सभी पंचायतों में चलाया जा रहा है। मौके पर उपविकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत, अनुमंडल पदाधिकारी अमीत कुमार, जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी धीरज ठाकुर, जिला जनसम्पर्क पदाधिकारी, शिवनन्दन बड़ाईक, समेत अन्य उपस्थित थे।

#### निषेध मादक पदार्थ के विरुद्ध छात्र-छात्राओं ने निकाला प्रभात फेरी




**सेन्हा।** प्रखंड क्षेत्र के झलजमीरा पंचायत में छात्र-छात्राओं द्वारा निषेध मादक पदार्थ व नशामुक्ति के खिलाफ प्रभात फेरी निकाल कर ग्रामीणों को जागरुक किया गया। जिला पंचायती राज पदाधिकारी के निर्देश पर 10 जून से 26 जून तक नशामुक्त सप्ताह मनाने का निर्देश पर प्रखंड क्षेत्र के झलजमीरा पंचायत अन्तर्गत उत्क्रमित उच्च विद्यालय गगेया के छात्र-छात्राओं और शिक्षक शिक्षिकाओं ने हाथ मे बैनर लेकर निषेध मादक पदार्थ व नशामुक्ति के विरुद्ध पंचायत क्षेत्र के विभिन्न गांवों में भ्रमण कर जागरुकता अभियान चलते हुए लोगों को नशा से दूर रहने का अपील किया गया। वही विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक बुधन राम ने ग्रामीणों को सम्बोधित करते हुए कहा कि आज के समय मे बच्चे बुजुर्ग और नवजवान सभी नशा के गिरफ्त में हैं। स्वच्छ शरीर और स्वच्छ शरीर का निर्माण के लिये सभी लोगों को नशा से दूर होना पड़ेगा। नशा का सेवन करने से शारिरिक,मानसिक के अलावे आर्थिक परेशानियां बढ़ती है.नशा के कारण परिवार टूट रहा है। जिसे बच्चे बच्चियों के भविष्य बर्बाद हो रहा है। नशामुक्ति के लिये ग्रामीणों से अनुरोध किया गया। मौके पर बिनोद सिंह, प्रकाश कुमार वर्मा, आलोक भगत, अभिषेक कुमार समेत सभी शिक्षक शिक्षिका और छात्र छात्राएं शामिल थे।

### बिहार कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम ने किया झारखंड दौरा, कहा-

# धीरज बाबू झारखंड कांग्रेस के सबसे मजबूत स्तंभ हैं

**नवीन मेल संवाददाता**



**लोहरदगा।** बिहार कांग्रेस पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम रांची के मोराबादी स्थित राजकीय अतिथिशाला पहुंचे जहां झारखंड कांग्रेस प्रदेश के वरिष्ठ नेता सह अधिवक्ता सच्चिदानंद चौधरी ने उनका स्वागत गुलदस्ता देकर एवं शाल ओढ़ा कर किया बिहार चुनाव की सर गर्मी को देखते हुए श्री चौधरी ने कई अहम मुद्दों पर चर्चा किया इसके उपरांत बिहार प्रदेश अध्यक्ष ने झारखंड प्रभारी के राजू से मुलाकात की बताया जा रहा है कि के राजू के साथ बिहार अध्यक्ष की लगभग 1 घंटे तक बंद कमरे में कई अहम विषयों पर चर्चा हुई श्री राजू ने बताया कि बिहार में विधानसभा चुनाव है। इसलिए यह जरूरी है कि संगठनात्मक रूप से कांग्रेस पार्टी और भी मजबूत रहे ताकि इस चुनाव में पार्टी का प्रदर्शन अच्छा हो। उन्होंने नीतीश सरकार पर निशाना साधते हुए कहा है कि बिहार में अब नीतीश जी का दौरा खत्म हो गया है लोग अब बदलाव चाहते हैं। इसलिए इस बार का चुनाव पार्टी के लिए भी काफी अहम होगा। आगामी विधानसभा को लेकर कहीं रणनीतियों पर बात हुई। इसके साथ ही बिहार और झारखंड के संगठन सृजन हेतु कुछ रणनीतियां भी बनाई गई है ऐसा माना जा रहा है कि राजेश राम जी एवं के राजू के बीच हुई मुलाकात से संगठन को झारखंड और बिहार में काफी फायदा होगा। राजेश राम ने बिहार के राजनीतिक स्थिति से अवगत कराते हुए झारखंड प्रभारी के राजू से कहा कि झारखंड में धीरज बाबू कांग्रेस के सबसे मजबूत स्तंभ हैं। किसी भी संगठन की ताकत उसके कार्यकर्ता होते हैं मुझे अपने जुझारू कार्यकर्ताओं पर पूर्ण विश्वास है कि जिस प्रकार से बिहार में हमारे कार्यकर्ता कड़ी मेहनत कर रहे हैं लगातार क्षेत्र में दौरा कर रहे हैं। जन जन तक नीतीश एवं भाजपा के गठबंधन वाली सरकार के भ्रष्टाचार का काला चिट्ठा जनता के समक्ष उजागर कर रहे हैं। हम लोगों ने भूत स्तर तक अपनी कमेटी को मजबूती के साथ बना कर रखा है।

### मोदी सरकार के 11 वर्ष पूर्ण होने पर ओम प्रकाश सिंह ने दी बधाई, बताया 'अमृतकाल'



**लोहरदगा।** भाजपा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य एवं वरिष्ठ नेता ओम प्रकाश सिंह ने पीएम मोदी के 11 वर्ष के कार्यकाल पूर्ण होने पर पीएम व भाजपा नेतृत्व को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने इन वर्षों को देश के लिए "स्वर्णिम युग" तथा "अमृतकाल" की संज्ञा दी। ओम प्रकाश सिंह ने कहा कि पीएम के नेतृत्व में भारत ने विकास के सभी मानकों को पार करते हुए वैश्विक मंच पर एक सशक्त राष्ट्र के रूप में अपनी पहचान बनाई है। आज भारत विश्व की चौथी सबसे बड़ी आर्थिक शक्ति बनकर उभरा है, जो मोदी सरकार की दूरदर्शी नीतियों का प्रत्यक्ष प्रमाण है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने जो वादे किए थे, उन्हें कदम दर कदम पूरा किया है। अयोध्या में भगवान श्रीराम के भव्य मंदिर का निर्माण एक ऐतिहासिक उपलब्धि है। धारा 370 को हटाकर कश्मीर को मुख्यधारा से जोड़ा गया है, और तीन तलाक जैसे अमानवीय प्रथा को समाप्त कर महिलाओं को न्याय दिलाया गया है।

### एक दिवसीय मेगा स्वास्थ्य शिविर संपन्न

## 184 मरीजों का हुआ उपचार निशुल्क दवाओं का वितरण

**नवीन मेल संवाददाता**



**लोहरदगा।** कल्याण विभाग, झारखंड सरकार द्वारा वित्तपोषित कल्याण अस्पताल हेंसल बसारडीह (लोहरदगा) एवं विकास भारती बिशनपुर के संयुक्त तत्वावधान में सोमवार को एक दिवसीय मेगा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन विकास भारती परिसर में किया गया। शिविर में लोहरदगा, रांची व लातेहार जिलों के लगभग 50 गांवों से आए ग्रामीणों ने निशुल्क चिकित्सा परामर्श एवं जांच सुविधाओं का लाभ उठाया। रांची से आए वरिष्ठ चिकित्सकों की टीम ने विभिन्न रोगों की जांच व परामर्श प्रदान किया। प्रमुख चिकित्सकों में डॉ. विजय प्रसाद (हड्डी एवं नस रोग), डॉ. शिव शंकर मुंडा (एम. डी.), डॉ. अनुभव कुमार (दंत रोग), डॉ. दिलीप खेस एवं डॉ. पी. पी. सिन्हा (जनरल फिजिशियन) तथा डॉ. संजू कुमारी गुप्ता (नेत्र रोग) शामिल थे। शिविर में कुल 184 मरीजों का उपचार किया गया, जिनमें 52 हड्डी एवं नस रोग, 41 नेत्र रोग, 10 दंत रोग, 80 सामान्य रोग तथा 8 स्त्री रोग से संबंधित मरीज शामिल थे। इसके अतिरिक्त 7 एक्स-रे, 12 सिकल सेल जांच तथा 72 पैथोलॉजिकल जांच (29 मरीजों पर आधारित) की गईं। सभी मरीजों को निशुल्क दवाएं भी वितरित की गईं। शिविर के सफल संचालन में प्रबंधक प्रणव कुमार पाठक के साथ राजीव रंजन, मुकेश साहू, जमुना देवी, शिवम राय, अरुण राम, वरुण सिंह, अंशु कुमारी, सीमा कुमारी, सावित्री कुमारी, अनीता देवी, फारूक अंसारी, लक्ष्मी देवी एवं सुखमय कुंडू की अहम भूमिका रही। ग्रामीणों ने इस पहल की सराहना करते हुए भविष्य में ऐसे और शिविरों के आयोजन की अपेक्षा जताई।

**कार्यक्रम** संघ ने मनाया हिंदू साम्राज्य उत्सव व वीर शिवाजी को किया नमन, प्रांत संचालक बोले-

# शिवाजी का जीवन आज भी युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत

- **देश के भीतरी शत्रुओं को पहचानें व राष्ट्रविरोधी गतिविधियों से सतर्क रहें**

**नवीन मेल संवाददाता**



**लोहरदगा।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा मंगलवार को गुदरी बाजार स्थित खेमराज स्मृति भवन में हिंदू साम्राज्य दिनोत्सव मनाया गया। यह आयोजन ज्येष्ठ शुक्ल त्रयोदशी के दिन संपन्न हुआ, जिसे छत्रपति शिवाजी महाराज द्वारा हिंदू साम्राज्य की स्थापना के रूप में स्मरण किया जाता है। कार्यक्रम की शुरुआत भारत माता एवं छत्रपति शिवाजी महाराज के चित्र पर माल्यार्पण कर की गई। इस अवसर पर संघ के स्वयंसेवकों ने राष्ट्र भक्ति एवं शिवाजी के आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। मुख्य वक्ता कृपा शंकर सिंह ने भारत के इतिहास पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भारत ने लगभग 1100 वर्षों तक विदेशी आक्रांताओं की गुलामी झेली। उन्होंने बताया कि मुगलों और अंग्रेजों ने भारत की समृद्धि को लूटा और जबरन धर्मांतरण किया। ऐसे समय में छत्रपति शिवाजी का उदय हुआ, जिन्होंने अपनी माता जीजाबाई के मार्गदर्शन में हिंदू समाज को संगठित कर एक स्वाभिमानी हिंदू साम्राज्य की स्थापना की। उन्होंने शिवाजी की वीरता, रणनीतिक क्षमता और संगठन कुशलता की चर्चा करते हुए कहा कि कैसे उन्होंने अफजल खान एवं शाइस्ता खान जैसे शक्तिशाली विरोधियों को मात दी। उन्होंने यह भी बताया कि ज्येष्ठ शुक्ल त्रयोदशी के दिन ही शिवाजी महाराज ने हिंदवी स्वराज की नींव रखी थी। कार्यक्रम में विभाग सह संचालक मनोज दास, जिला संघचालक पुष्कर महतो, जिला कार्यवाह देवेंद्र मंडल, विभाग संपर्क प्रमुख सुधीर अग्रवाल, धर्म जागरण प्रमुख प्रदीप हिंद, नगर कार्यवाह तुलसी उरांव, सह नगर कार्यवाह विपुल तमेड़ा समेत सैकड़ों स्वयंसेवक एवं राष्ट्र सेविका समिति की बहनों की उपस्थिति रही।

इस अवसर पर लक्ष्मी नारायण भगत, शिव शंकर, सचिन साहू, हिमांशु केसरी, सहित अन्य स्वयंसेवकों ने भी भाग लिया।

#### राष्ट्र-विरोधी गतिविधियों से सतर्क रहें

कार्यक्रम के समापन पर प्रांत संचालक सच्चिदानंद अग्रवाल ने वर्तमान भारत की वैश्विक स्थिति पर बोलते हुए कहा कि देश आज मजबूत है और बाहरी ताकतों को जवाब देने में पूरी तरह सक्षम है। उन्होंने आह्वान किया कि अब समय है कि हम देश के भीतरी शत्रुओं को पहचानें और राष्ट्र विरोधी गतिविधियों से सतर्क रहें। उन्होंने शिवाजी महाराज को कुशल संगठनकर्ता, युद्धनीति विशेषज्ञ और राष्ट्रनायक बताते हुए कहा कि उनका जीवन आज भी युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत है।

## न्यूज बॉक्स

### आम उत्सव सह बागवानी मेला को लेकर पंचायत कर्मियों की बैठक हुई

**भंडरा।** प्रखंड कार्यालय स्थित सभा भवन में मंगलवार को उप विकास आयुक्त के निर्देशानुसार आम उत्सव सह बागवानी मेला के सफल आयोजन को लेकर पंचायत कर्मियों की बैठक संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता बीडीओ प्रतिमा कुमारी ने की। बैठक में आगामी 12 जून को प्रखंड में आयोजित आम उत्सव सह बागवानी मेला के सफल आयोजन को लेकर विस्तृत चर्चा हुई। मौके पर बीडीओ प्रतिमा कुमारी ने कहा कि एक दिवसीय आम उत्सव सह बागवानी मेला का उद्देश्य किसानों को प्रोत्साहित करते हुए आम बागवानी से जोड़ना है, ताकि किसान आम बागवानी के माध्यम से अपनी आर्थिक स्थिति को मजबूत कर सके। उन्होंने कहा कि 12 जून को आयोजित बागवानी मेला में सभी पंचायत कर्मी अपने-अपने पंचायत से आम बागवानी के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले किसानों को लेकर आएंगे, ताकि मेला में पहुंचे किसानों को उनसे आम बागवानी से जुड़ने के लिए प्रेरणा मिल सकें। मौके पर बीपीओ अभिषेक किशोर, तिवारी उरांव, रेखा कुमारी, बीरबल महली, नवप्रभात कुजूर, प्रभात भगत, मनीष मिश्रा सहित पंचायत कर्मी मौजूद थे।

### सेन्हा में कचरा पृथक्करण पर एक दिवसीय प्रशिक्षण सह कार्यशाला आयोजित

**सेन्हा/लोहरदगा।** सेन्हा प्रखंड मुख्यालय स्थित महात्मा गांधी सभागार में पेयजल एवं स्वच्छता विभाग द्वारा स्वच्छ भारत मिशन (द्वितीय चरण) के अंतर्गत "कचरा पृथक्करण" विषय पर एक दिवसीय प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का उद्घाटन प्रखंड प्रमुख श्रीमती फुलझरी देवी, जिला स्वच्छता समन्वयक परवेज आलम एवं ग्राम संगठन की दीदियों द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। प्रशिक्षण सत्र के दौरान परवेज आलम ने ठोस कचरा, जैविक-अजैविक कचरा, गंदा जल, तरल कचरा और काला जल के उचित प्रबंधन की विस्तृत जानकारी दी। इसके अतिरिक्त, व्यक्तिगत शौचालयों के निर्माण एवं पुराने शौचालयों की मरम्मति के बारे में भी प्रतिभागियों को जागरूक किया गया। ग्राम संगठन की दीदियों द्वारा हाल ही में ओडिशा राज्य का भ्रमण कर प्लास्टिक प्रबंधन के क्षेत्र में प्राप्त अनुभवों को साझा करने का भी निर्देश दिया गया, जिससे स्थानीय स्तर पर प्रभावी क्रियान्वयन संभव हो सके। प्रखंड प्रमुख फुलझरी देवी ने सभी प्रतिभागियों को अपनी जिम्मेदारियों का ईमानदारीपूर्वक निर्वहन करने की अपील करते हुए कहा कि स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाकर हम ग्राम से जिला स्तर तक एक स्वच्छ समाज की स्थापना कर सकते हैं। मौके पर प्रखंड स्वच्छता समन्वयक, कनिष्ठ अभियंता, जल सहिया, विभिन्न विद्यालयों के शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

### मैट्रिक - इंटर में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को किया सम्मानित

**सेन्हा-लोहरदगा।** प्रखंड क्षेत्र अन्तर्गत नन्दलाल प्लस टू उच्च विद्यालय में मैट्रिक व इंटर की परीक्षा में जिला और राज्य स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओ और अभिभावकों को विद्यालय परिवार की ओर से सम्मानित किया गया। वही जैक द्वारा आयोजित मैट्रिक को परीक्षा में जिला स्तर पर द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाली छात्रा ज्योति कुमारी को दो हजार रुपैया नगद राशि और इंटर विज्ञान की परीक्षा में राज्य स्तर पर नवां स्थान प्राप्त करने वाली छात्र रोशनी भगत को दस हजार रुपया नगद राशि देकर सम्मानित किया गया। वही इंटरमीडिएट विज्ञान, वाणिज्य और कला में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विज्ञान में सुरभि रानी, आफसाना खातून, छोटी कुमारी, अंजली कुमारी, महवीस बजाला, वाणिज्य में अनीस टाना भगत, वर्षा कुमारी, अंजू उरांव, स्नेहा खातून, सूरज उरांव, कैफ अंसारी, कला में पल्लवी कुमारी गौसिया खातून सहित अन्य छात्र-छात्राओं को भी पुरस्कार देकर सम्मानित किया किया गया तथा मैट्रिक परीक्षा के सफल छात्र-छात्राओं में सृष्टि कुमारी, नेहा परवीन, नोरिन सब्बा, सुम्बुल तारा को सहित अन्य विद्यार्थियों को डायरी, मेडल और फाइल देकर पुरस्कृत किया गया।

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, चतरा।**
Email - eengbcdchatra-jhr@nic.in
**शुद्धि–पत्र / सूचना**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि NIT-05/2025-26, PR354034 Building (25-26)#D पत्रांक 461 दिनांक 31.05.2025 द्वारा प्रकाशित निविदा को अपरिहार्य कारणवश रदद् की जाती है।

कार्यपालक अभियंता
भवन प्रमण्डल,चतरा।
PR 354626 Building (25-26)D

**कार्यालय कार्यपालक अभियन्ता,**
**एन0आर0ई0पी0, लोहरदगा**
**कार्यालय आदेश**

इस कार्यालय के पत्रांक 76 दिनांक 16.04. 2025 को निकाली गई ई0 निविदा संख्या 01/2025–26/NREP/LOHARDAGA पी0आर0 नं0 351293 (लोहरदगा) 25–26 डी0 दिनांक 29. 04025 को अपरिहार्य कारणवश् रद्द किया जाता है।

कार्यपालक अभियन्ता,
PR 354604 Lohardaga (25-26)_D एन0आर0ई0पी0,लोहरदगा

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**भवन निर्माण विभाग,**
**भवन प्रमण्डल, डालटनगंज**
**शुद्धि पत्र**

इस कार्यालय द्वारा निर्गत निविदा आमंत्रण सूचना, जिसका पी0आर0 नं0– PR 353450 District(25-26)_D है को क्रमांक 12 पर अंकित निविदा को अपरिहार्य कारणों से रद्द किया जाता है।

कार्यपालक अभियंता,
भवन प्रमण्डल, डालटनगंज।
PR.NO.354585 District(25-26):D

## उधार का पैसा देने के नाम पर बुलाकर युवक को मारी चाकू, रिम्स रेफर

**गुमला।** गुमला शहर के गौसनगर इमली पेड़ के पास उधार का पैसा देने के नाम पर बुलाकर गौसनगर निवासी 30 वर्षीय मोहम्मद बबलू खान को दो युवकों ने चाकू मार दिया। घटना सोमवार की रात 9:15 बजे की है। आनन फानन में घायल युवक को इलाज हेतु सदर अस्पताल लाया गया जहां इलाज के उपरांत गंभीर स्थिति को देखते हुए डॉक्टर ने उसे रिम्स रेफर कर दिया। युवक के सीने में तीन जगहों पर चाकू मारी गई है। पत्नी रईसा खातून ने बताया मोहल्ले के ही मोहम्मद साहेब और गोलू ने सोमवार की रात फोन कर मेरे पति को उधार का पैसा देने की बात कही। गौसनगर के इमली पेड़ के पास बुलाया और चाकू मार दिया। बताया कि मोहम्मद साहेब चोरी के केस में कुछ दिन पूर्व ही जेल से बाहर निकला है। कोर्ट से बेल कराने में मेरे पति ने 10 से 15 हजार रुपए खर्च किए थे। उन पैसों को मांगने पर टालमटोल करता था।

## दूध मुहे बच्चों की मां फांसी लगाकर की आत्महत्या

**घाघरा।** घाघरा थाना छेत्र के टोटाम्बी जातराटोली निवासी 24 वर्षीय कविता ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। कविता के पति बाहर कमाने गया है और वह माइक्रो फाइनेंस कंपनी से लोन लेकर आवास कक निर्माण किया था। हालांकि कविता को सरकारी आवास मिला था लेकिन घर बनाने में वह लोन भी ली थी। कयास लगाया जा रहा है कि लोन की राशि का भुगतान समय से न करने के कारण तंग आकर वह खुदकुशी कर ली हो। घटना के बावत कविता की चाची सास रोशनी ने बताया कि कविता मंगलवार की सुबह तबियत खराब होने एवं दवा लाने की बात कह अपने 6 माह के बच्चे को उसे सौप दवा लाने चली गई। काफी देर होने पर वह कविता के घर गई लेकिन घर में ताला बंद था। फिर बच्चे को दरवाजे के छेद से देखने को बोली तब देखा कि कविता छत पर लगे पाइप से तौलिया के सहारे वह झूल रही थी। घटना की सूचना थाना प्रभारी पुनीत मिंज को दी गई।

## एक ही रात में दो दुकानों में शटर तोड़ कर लाखो की मोबाईल की चोरी



**घाघरा।** घाघरा थाना छेत्र के गम्हरिया में सोमवार एवं मंगलवार की रात्रि जूता एवं मोबाइल दुकान में चोरी की घटना को अज्ञात चोरों अंजाम दिया। इस बात की जानकारी देते हुए मोबाइल दुकान के संचालक बालेश्वर साहू ने बताया कि करीब तीन दर्जन से अधिक नये एवं पुराने मोबाइल की चोरी की गई है। जिसमे लाखों का नुकसान उठाना पड़ा है। सटर के एक तरफ के लॉक खराब होने का फायदा उठा चोर ने दूसरे किनारे से सटर को उठाकर चोरी की घटना को अंजाम दिया। पास में ही स्थित जूता दुकान में भी एस्बेस्टस को तोड़ चोरी की घटना को अंजाम दिया गया। एक ही रात दो दुकानों में चोरी की घटना से गम्हरिया के दुकानदार में भय का मोहल है। दुकानदार ने करीब तीन लाख से अधिक के नुकसान का अंदाजा लगाते हुवे घाघरा थाने में लिखित शिकायत दी है। घटना की सूचना मंगलवार को घाघरा पुलिस को दी गयी और पुलिस घटना स्थल पहुँच विभिन्न बिंदुओं को लेकर जांच में जुटी है।

# ऑटो के पलटने से आठ लोग घायल, एक रिम्स रेफर

**नवीन मेल संवाददाता**

**गुमला।** सदर थाना क्षेत्र के आंजन पुल के समीप ऑटो के पलटने से ऑटो में सवार आठ लोग घायल हो गए। सभी घायलों को इलाज हेतु सदस्य पता लेगी या जहां इलाज के उपरांत गंभीर रूप से घायल बिशुनपुर थाना क्षेत्र के देवरा गाड़ी निवासी अमीन उरांव को रिम्स रेफर कर दिया गया। वहीं घटना में देवरा गानी निवासी पूनम देवी ललिता देवी सुनीता उरांव सोनामनी कुमारी बिरसमुनि कुमारी पावन्ती कुमारी और लक्ष्मी कुमारी घायल हो गए। जानकारी के मुताबिक सभी लोग शादी में आंजन के काशी टोली गांव बारात आए हुए थे शादी समाप्त होने के बाद एक टेंपो में सवार होकर सभी आंजन मंदिर पूजा पाठ करने चले गए। पूजा पाठ करने के बाद पहाड़ी से नीचे आ रहे थे तभी आंजन पुल के समीप मोड में अनियंत्रित होकर ऑटो पलट गया।

## भरनो में बाइक से गिरे एक ही परिवार के चार सदस्य

**भरनो (गुमला)।** एनएच-23 रांची-गुमला मुख्य मार्ग पर भरनो थाना क्षेत्र के नावाटोली नहर पुल के समीप मंगलवार दोपहर एक दर्दनाक सड़क दुर्घटना हुई। रांची के जगन्नाथपुर निवासी बबलू लोहरा (28) अपनी पत्नी मंजू देवी (22) एवं दो बच्चों—विक्की लोहरा (3) और सात माह की माही कुमारी—के साथ सिसई प्रखंड के सोगड़ा गांव स्थित मायके जा रहे थे। इसी दौरान पुल के पास बाइक अचानक नियंत्रण खो बैठी और चारों सड़क पर जा गिरे। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, तेज रफ्तार के कारण बाइक फिसल गई, जिससे परिवार के सभी सदस्य गंभीर रूप से घायल हो गए। उसी वक्त बेड़ो की ओर से आ रहे एक ऑटो चालक ने मानवता का परिचय देते हुए स्थानीय ग्रामीणों की मदद से घायलों को अपने वाहन में बिठाया और तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) भरनो पहुंचाया। सीएचसी प्रभारी डॉ. जाहिद अख्तर ने बताया कि प्राथमिक उपचार के बाद 3-वर्षीय विक्की की हालत नाज़ुक देख उसे रिम्स, रांची रेफर किया गया है, जबकि सात माह की माही कुमारी को बाल रोग विशेषज्ञ को दिखाने की सलाह दी गई।

### गुमला में नशामुक्ति अभियान की शुरुआत

# डीसी ने जागरूकता रथ को किया रवाना



**नवीन मेल संवाददाता**

**गुमला।** जिले में निषिद्ध मादक पदार्थों के विरुद्ध चलाए जा रहे राज्यव्यापी जागरूकता अभियान का शुभारंभ आज समाहरणालय परिसर से किया गया। उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित एवं पुलिस अधीक्षक श्री हारिस बिन ज़मान ने संयुक्त रूप से जिला जनसंपर्क विभाग द्वारा संचालित चार जागरूकता रथों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह अभियान 10 जून से 26 जून 2025 तक चलेगा, जिसका उद्देश्य जिले में नशामुक्ति के प्रति जन-जागरूकता फैलाना और विशेष रूप से युवाओं को नशे से दूर रखने हेतु सकारात्मक संदेश देना है। जागरूकता रथ प्रत्येक प्रखंडों में भ्रमण कर आम नागरिकों को मादक पदार्थों के दुष्परिणामों से अवगत कराएंगे। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में परियोजना निदेशक आईटीडीए, सिविल सर्जन, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, जिला खेल पदाधिकारी, समाज कल्याण पदाधिकारी, सूचना एवं विज्ञान पदाधिकारी सहित अनेक विभागों के अधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

## विद्यालयों में निकली प्रभातफेरी सह जागरूकता रैली नशामुक्त समाज के निर्माण की ओर मजबूत कदम

**नवीन मेल संवाददाता**



**गुमला।** निषिद्ध मादक पदार्थों की रोकथाम और युवाओं में नशामुक्ति के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से जिला प्रशासन गुमला द्वारा मंगलवार को जिले के माध्यमिक एवं उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में प्रभातफेरी सह जन-जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम जिलेभर में एक साथ संचालित किया गया, जिसमें छात्रों, शिक्षकों एवं शिक्षकेत्तर कर्मियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

रैली के दौरान छात्र-छात्राओं ने "नशा मुक्त समाज की ओर", "स्वस्थ जीवन–सफल जीवन", "नशा छोड़ो, जीवन जोड़ो" जैसे प्रेरणादायक नारों के माध्यम से गाँवों, मोहल्लों और बाज़ारों में आमजन को जागरूक किया। हाथों में तख्तियाँ और बैनर लिए विद्यार्थियों ने मादक पदार्थों के दुष्परिणामों पर जनमानस को संदेश दिए और जागरूकता पर्चे भी वितरित किए।

इस अवसर पर उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित ने कहा की नशामुक्त समाज की स्थापना के लिए प्रशासन अकेला प्रयास नहीं कर सकता। जब विद्यालय स्तर से इस अभियान की शुरुआत होती है, तो यह समाज को जागरूक और सक्रिय बनाने की दिशा में बेहद प्रभावी कदम बन जाता है। उन्होंने यह भी जोड़ा कि युवा वर्ग को यदि सही मार्गदर्शन मिले, तो वह स्वयं भी नशे से बचेगा और दूसरों को भी इससे दूर रखने का माध्यम बनेगा।

### मुख्य उद्देश्य

- युवा पीढ़ी को नशे से दूर रखना और सामाजिक चेतना जगाना
- विद्यालयों के माध्यम से पोषक क्षेत्रों में जनसहभागिता को प्रोत्साहित करना
- छात्र-छात्राओं के माध्यम से परिवार और समाज को प्रेरित करना

## मालम पंचायत में पीएम-जनमन योजना पर जागरूकता व नशा मुक्ति शपथ

**चैनपुर।** चैनपुर प्रखंड के मालम पंचायत के सुदूरवर्ती इलाकों में रहने वाले विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूह के परिवारों के बीच आज एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में चैनपुर के प्रखंड विकास पदाधिकारी यादव बैठा, प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी राममोहन साहू, पंचायत सचिव महताब आलम और बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।प्रखंड विकास पदाधिकारी यादव बैठा ने लोगों से सीधा संवाद करते हुए भारत सरकार की महत्वाकांक्षी 'प्रधानमंत्री जनमन' योजना के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने पीवीटीजी परिवारों को आश्वस्त किया कि वे इस योजना के तहत सरकार द्वारा चलाई जा रही सभी प्रकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठाने के हकदार हैं। बीडीओ ने उन्हें इन योजनाओं का अधिकतम लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया, ताकि उनके जीवन स्तर में सुधार आ सके।इस अवसर पर, प्रखंड विकास पदाधिकारी ने ग्रामीणों को नशा मुक्ति के लिए शपथ भी दिलवाई। उन्होंने सभी से नशे से दूर रहने और एक स्वस्थ एवं नशामुक्त समाज के निर्माण में अपना योगदान देने का आह्वान किया। यह पहल न केवल व्यक्तिगत स्वास्थ्य के लिए बल्कि सामुदायिक उत्थान के लिए भी महत्वपूर्ण मानी जा रही है।

# किसानों को खरीफ से बागवानी व सब्जी उत्पादन की मिली विस्तृत जानकारी

**नवीन मेल संवाददाता**

**चैनपुर।** चैनपुर प्रखंड की नौ पंचायतों-बर्वेनगर, बेंदोरा, चैनपुर, बामदा, मालम, रामपुर, छीछवानी, कातिंग और जनावल में विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत किसानों को खरीफ फसल से बागवानी की ओर बढ़ने और विभिन्न प्रकार की सब्जियां उगाने के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य किसानों को आधुनिक और टिकाऊ कृषि पद्धतियों को अपनाने के लिए प्रोत्साहित करना है। अभियान के दौरान, किसानों को टिकाऊ खेती के महत्व पर विशेष रूप से शिक्षित किया गया। कृषि विभाग के अधिकारियों ने विभिन्न सरकारी योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया, जिनका लाभ किसान अपनी आय बढ़ाने और कृषि उत्पादन में सुधार के लिए उठा सकते हैं। जागरूकता अभियान को सफल बनाने के लिए कृषि विज्ञान केंद्र द्वारा विशेष टीमों का गठन किया गया था। इन टीमों में तीन-तीन बीटीएम, एटीएम, कृषि मित्र और प्रगतिशील किसान शामिल थे। इन टीमों ने पंचायतों का दौरा किया, किसानों से सीधी बातचीत की, उनकी समस्याओं को समझा और उनके समाधान के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर संबंधित पंचायतों के मुखिया, पंचायत समिति सदस्य, वार्ड सदस्य और उप प्रमुख भी उपस्थित थे, जिन्होंने किसानों के साथ मिलकर इस पहल की सराहना की। आईसीएआर पलांडू रांची के प्रधान वैज्ञानिक डॉ. बीरेंद्र यादव और कृषि विज्ञान केंद्र के छह वैज्ञानिकों ने किसानों को खेती के रख-रखाव, फसल प्रबंधन और उन्नत कृषि तकनीकों के बारे में बहुमूल्य जानकारी प्रदान की।

# डीसी ने सुनीं जनता की समस्याएं, दिए त्वरित कार्रवाई के निर्देश



- **गुमला में मतदान केंद्रों के पुनर्गठन व चिन्हांकन को लेकर समीक्षा बैठक**

**नवीन मेल संवाददाता**

**गुमला।** जिले के आम नागरिकों की समस्याओं के समाधान हेतु मंगलवार को समाहरणालय स्थित सभागार में साप्ताहिक जन शिकायत निवारण दिवस का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित ने की। इस अवसर पर उपायुक्त ने विभिन्न प्रखंडों से आए नागरिकों की समस्याएं गंभीरतापूर्वक सुनीं और उनके त्वरित समाधान के लिए संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। कार्यक्रम में जिले के विभिन्न हिस्सों से लगभग 50 आवेदक अपनी समस्याओं को लेकर पहुंचे। प्रस्तुत आवेदनों में सड़क, बिजली, पेयजल, भूमि विवाद, सरकारी योजनाओं की सहायता, रोजगार, ज़मीन ऑनलाइन, आंगनबाड़ी सेविका चयन, खेल प्रशिक्षण केंद्र की मरम्मति, कस्तूरबा विद्यालय में नामांकन, चिकित्सा एवं शिक्षा संबंधी समस्याएं प्रमुख रहीं।

आगामी निर्वाचन प्रक्रिया को सुचारु और सुलभ बनाने के उद्देश्य से मतदान केंद्रों के रेशनलाइजेशन (पुनर्गठन) एवं आइडेंटिफिकेशन (चिन्हांकन) को लेकर मंगलवार को समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता उपायुक्त-सह-जिला निर्वाचन पदाधिकारी श्रीमती प्रेरणा दीक्षित ने की। बैठक में जिला निर्वाचन शाखा की पदाधिकारी सुषमा लकड़ा ने सभी प्रखंडों से प्राप्त कार्ययोजनाओं की विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की। उन्होंने बताया कि बारह सौ से अधिक की आबादी वाले क्षेत्रों में मतदान केंद्रों का पुनर्गठन करते हुए उन्हें सुलभ, सुविधायुक्त एवं समीपस्थ बनाया जाएगा। निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार, मतदान केंद्र की दूरी दो किलोमीटर के भीतर सुनिश्चित की जानी है।

## 14 मेधावी विद्यार्थियों का अजीम प्रेमजी विवि में चयन डीसी व एसपी ने दीं शुभकामनाएं



**गुमला।** गुमला जिले के लिए गौरवपूर्ण क्षण है कि जिले के 14 मेधावी विद्यार्थियों का चयन देश के प्रतिष्ठित अजीम प्रेमजी विश्वविद्यालय के बेंगलुरु एवं भोपाल परिसर में बीएससी, बीए और बीटेक जैसे उच्च शिक्षा कार्यक्रमों के लिए हुआ है। ये सभी विद्यार्थी शत-प्रतिशत छात्रवृत्ति के तहत पूरी तरह नि:शुल्क शिक्षा प्राप्त करेंगे। छात्रों का चयन विश्वविद्यालय द्वारा संचालित ब्रिज प्रोग्राम एवं प्रतियोगिता परीक्षा के माध्यम से हुआ है। यह सफलता न केवल चयनित छात्रों के लिए, बल्कि गुमला जिले की शैक्षणिक उन्नति का भी प्रतीक है, जो अन्य विद्यार्थियों को भी प्रेरित करेगी। इस उपलब्धि के उपलक्ष्य में उपायुक्त श्रीमती प्रेरणा दीक्षित और पुलिस अधीक्षक श्री हारिस बिन ज़मान ने चयनित छात्रों से मुलाकात की और उन्हें उज्ज्वल भविष्य के लिए हार्दिक शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि व्यक्तिगत स्तर पर सफलता के साथ-साथ जिले के लिए शैक्षिक प्रेरणा का स्रोत भी है। छात्रों को आत्मनिर्भर बनने और नई जगहों पर सजग रहने की सलाह दी। किसी भी समस्या की स्थिति में जिला प्रशासन से संपर्क करने को कहा। अभिभावकों का आभार जताते हुए उनकी भूमिका की सराहना की। उपायुक्त ने कहा, "गुमला जैसे आदिवासी बहुल जिले से राष्ट्रीय स्तर की प्रतिष्ठित संस्थानों में बच्चों का चयन यह सिद्ध करता है कि प्रतिभा किसी संसाधन की मोहताज नहीं होती। जिले के बच्चों में अपार क्षमता है, जरूरत है केवल सही मार्गदर्शन और अवसरों की।"

**सकारात्मक पहल** | झारखंड विस की प्रत्यायुक्त विधान समिति की समीक्षा बैठक संपन्न

# सेवा गारंटी अधिनियम के अनुपालन पर जोर

- **तीनों अनुमंडलों के एसडीओ सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे**

**नवीन मेल संवाददाता**



**गुमला।** गुमला जिला परिसदन सभागार में झारखंड विधानसभा की प्रत्यायुक्त विधान समिति की एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता समिति के सभापति सरयू राय ने की, जबकि सदस्य देवेंद्र कुंवर सहित जिले के वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी बैठक में उपस्थित रहे। बैठक का उद्देश्य राज्य सरकार द्वारा निर्धारित योजनाओं एवं झारखंड सेवा गारंटी अधिनियम, 2011 के प्रावधानों के क्रियान्वयन की स्थिति का मूल्यांकन करना था। इस दौरान उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित, पुलिस अधीक्षक हारिस बिन ज़मान, उप विकास आयुक्त दिलेश्वर महतो, अपर समाहर्ता, तीनों अनुमंडलों के एसडीओ सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। सभापति श्री राय ने निर्देश दिया कि सभी कार्यालयों में सेवा की समय-सीमा स्पष्ट रूप से प्रदर्शित की जाए, ताकि नागरिकों को यह जानकारी हो सके कि उन्हें कितने समय में सेवा प्राप्त होगी। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि समयसीमा में सेवा न मिलने पर नागरिक उच्चाधिकारियों से शिकायत कर सकते हैं और लापरवाह कर्मियों के विरुद्ध कार्रवाई संभव है।

### प्रमुख बिंदुओं पर हुई समीक्षा

दाखिल-खारिज मामलों की प्रगति की समीक्षा करते हुए लंबित मामलों के शीघ्र निपटारे के निर्देश। शिक्षा का अधिकार अधिनियम के तहत निजी विद्यालयों में आरक्षित सीटों की अद्यतन स्थिति का आकलन। सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट के अंतर्गत डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण, वर्गीकरण व निस्तारण प्रणाली को प्रभावी बनाने पर बल। जल जीवन मिशन के अंतर्गत पेयजल आपूर्ति और घरेलू जल कनेक्शन से संबंधित समस्याओं पर चर्चा।

## न्यूज बॉक्स

### सरना समाज में घर वापसी



**बसिया(गुमला)।** राजी पड़हा प्रार्थना सभा के तत्वावधान में आज यहां घर वापसी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। हाल के वर्षों में यहां धर्मांतरण के लिए शादी विवाह एक सरल सा माध्यम बन चुका है। इन घटनाओं से क्षुब्ध सरना समाज ने अब सख्त कदम उठाते हुए एक नई व्यवस्था का सूत्रपात कर दिया है। अपनी इस व्यवस्था के तहत आज यहाँ राजी पड़हा प्रार्थना सभा के तत्वाधान में तेतरा गांव के निवासी जेम्स तिर्की पिता पित्रियुस तिर्की के लिए सरना धर्म में घर वापसी का कार्यक्रम आयोजित किया गया। बताया जाता है कि आयोजित घर वापसी संस्कार के बाद ही जेम्स के लिए वैवाहिक कार्यक्रम का आयोजन की अनुमति दी गई। आयोजनकर्ताओं के अनुसार जेम्स तिर्की का विवाह मंजू उरांव के साथ पहले ही तय हो गया था। आम तौर पर ऐसे वैवाहिक संबंधों के लिए सरना धर्म के परित्याग की शर्तों का अनुपालन आवश्यक होता था परन्तु सरना समाज की सक्रियता और वर वधू की आस्था के आलोक में आज इनके लिए सरना शादी के आयोजन का निर्णय लिया गया। सरना शादी में घर वापसी आवश्यक होता है बहरहाल सरना धर्म रीति रिवाजों की जानकारी देते हुए पहान राजु उरांव एवं मनोहर उरांव की अगुवाई में पारंपरिक अनुष्ठान के साथ न केवल घर वापसी के अनुष्ठान किए गए बल्कि साथ साथ वैवाहिक संस्कार की रीति रिवाजों का अनुपालन भी किया गया। इस पूरे आयोजन में राजी पड़हा सरना प्रार्थना सभा के राष्ट्रीय प्रचारिका चिंतामणि उरांव, सरना धर्म बाबा संजय उरांव, विजय उरांव, संत कुमार उरांव, मनोहर उरांव, बिरसमनी उरांव चन्द्रमणी उरांव, बीता उरांव सहित बड़ी संख्या में परिजनों व ग्रामीणों की उपस्थिति दर्ज की गई।

### भरनो बीडीओ ने दो स्कूलों का लिया जायजा, दिए कड़े निर्देश



**भरनो।** भरनो प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) अरुण कुमार सिंह ने मंगलवार को प्रखंड अंतर्गत मध्य विद्यालय जुरा और मध्य विद्यालय कुसुम्बाहा का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने शिक्षकों की नियमित एवं समय पर उपस्थिति, मध्याह्न भोजन की व्यवस्था, शिक्षण गतिविधियां, शिशु पंजी, दाखिला पंजी सहित विभिन्न अभिलेखों की गहन जांच की। निरीक्षण के दौरान बीडीओ ने शिक्षक-अभिभावक बैठक पंजी, विद्यालय प्रबंधन समिति की बैठक, छात्रवृत्ति एवं पोशाक वितरण की स्थिति की भी जानकारी ली। साथ ही ड्रॉपआउट (पठन छोड़ चुके) बच्चों की सूची, बच्चों के आधार कार्ड एवं जन्म प्रमाण पत्रों की उपलब्धता की भी समीक्षा की गई। बीडीओ ने संबंधित विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों (एचएम) को निर्देश दिया कि सभी अभिलेखों का अद्यतन संधारण सुनिश्चित करें तथा जिनमें त्रुटियाँ पाई गई हैं, उन्हें शीघ्र सुधारकर प्रस्तुत करें। उन्होंने लापरवाही पर चेतावनी भी जारी की। निरीक्षण के समय विद्यालय के प्रधानाध्यापक गोबिंद झा सहित अन्य शिक्षक उपस्थित थे।


## कार्यालय, कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंधन अभिकरण (आत्मा), पलामू
### आवश्यक सूचना

National Mission on Edible Oil-Oilseed (NMMEO-OS) योजना अंतर्गत तेल निश्कर्शण एवं तिलहन संग्रहण, की क्षमता वर्द्धन हेतु जिले में 10 टन की क्षमता वाले तेल निश्कर्शण और तिलहनों के प्रसंस्करण हेतु मशीन का अधिष्ठापन किया जाना है। जिसके लिए योजना के तहत अधिकतम 33 प्रतिशत या 9,90,000/– (नौ लाख नब्बे हजार) रू0 का अनुदान निर्धारित है।

पलामू जिला के वैसे इच्छुक PACS/FPOs/Private Industries जो इस योजना का लाभ लेना चाहते है, वे दिनांक 11.06.2025 तक आत्मा, पलामू के कार्यालय में कार्यावधि में अपना आवेदन जमा कर सकते हैं।

परियोजना निदेशक
आत्मा, पलामू

PR 354593 District(25-26)D

## कार्यालय, जिला कृषि पदाधिकारी, पलामू
### पलामू जिला के किसान भाई/बहनों के लिए आवश्यक सूचना

पलामू जिला के सभी किसान भाईयों/बहनों को सूचित करना है कि RKVY-PDMC (Per Drop More Crop) योजनान्तर्गत 90 प्रतिशत अनुदान पर टपक सिंचाई प्रणाली/स्प्रिन्कलर प्रणाली का अधिष्ठापन किया जाना है। योजना के तहत जिला को वित्तीय वर्ष 2025–26 में निम्नानुसार लक्ष्य प्राप्त है :–

राष्ट्रीय कृषि विकास योजना कैफेटेरिया प्रति बूंद अधिक फसल योजना 2025–26 हेतु प्रखण्वर आवेदन सृजन का लक्ष्य

| क्र0 सं0 | प्रखण्ड का नाम | पंचायत की सं0 | ड्रीप का निर्धारित लक्ष्य हे0 में | लाभुकों की संख्या | स्प्रिंकलर का निर्धारित लक्ष्य हे0 में | लाभुकों की संख्या | प्रखण्ड का कुल लक्ष्य: कुल रकबा हे0 में | प्रखण्ड का कुल लक्ष्य: लाभुकों की सं0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Panki | 25 | 96.43 | 158 | 24.11 | 40 | 121 | 198 |
| 2 | Manatu | 7 | 27.00 | 44 | 6.75 | 11 | 34 | 55 |
| 3 | Tarhasi | 13 | 50.14 | 82 | 12.54 | 21 | 63 | 103 |
| 4 | Leshliganj | 16 | 61.71 | 101 | 15.43 | 25 | 77 | 126 |
| 5 | Vishrampur | 10 | 38.57 | 63 | 9.64 | 16 | 48 | 79 |
| 6 | NawaBazar | 8 | 30.86 | 51 | 7.71 | 13 | 39 | 64 |
| 7 | Pandu | 10 | 38.57 | 63 | 9.64 | 16 | 48 | 79 |
| 8 | Untari Road | 6 | 23.14 | 38 | 5.79 | 10 | 29 | 48 |
| 9 | Patan | 22 | 84.86 | 139 | 21.21 | 35 | 106 | 174 |
| 10 | Pandava | 8 | 30.86 | 51 | 7.71 | 13 | 39 | 64 |
| 11 | Chattarpur | 20 | 77.14 | 127 | 19.29 | 32 | 96 | 159 |
| 12 | Nawdiha Bazar | 12 | 46.28 | 76 | 11.57 | 19 | 58 | 95 |
| 13 | Haidernagar | 12 | 46.28 | 76 | 11.57 | 19 | 58 | 95 |
| 14 | Husainabad | 22 | 84.86 | 139 | 21.21 | 35 | 106 | 174 |
| 15 | Mohhamadganj | 8 | 30.86 | 51 | 7.71 | 13 | 39 | 64 |
| 16 | Hariharganj | 8 | 30.86 | 51 | 7.71 | 13 | 39 | 64 |
| 17 | Pipra | 6 | 23.14 | 38 | 5.79 | 10 | 29 | 48 |
| 18 | Chainpur | 25 | 96.43 | 158 | 24.11 | 40 | 121 | 198 |
| 19 | Medaninagar | 10 | 38.57 | 63 | 9.64 | 16 | 48 | 79 |
| 20 | Ramgarh | 7 | 27.00 | 44 | 6.75 | 11 | 34 | 55 |
| 21 | Satbarwa | 10 | 38.57 | 63 | 9.64 | 16 | 48 | 79 |
| | | जिला का कुल लक्ष्य | 1022.12 | 1676 | 255.53 | 424 | 1278 | 2100 |

वैसे इच्छुक किसान जिनके पास सिंचाई हेतु जलस्त्रोत एवं कम से कम 2 H.P. का पम्पसेट उपलब्ध है, वे अविलंब निम्नांकित दस्तावेज के साथ अपने प्रखण्ड के BAO/BTM/ATM/VLW से सम्पर्क करके अपना आवेदन जमा कर सकते हैं अथवा योजना के अधिकारिक पोर्टल www.jharkhandpdmc.com पर ऑनलाईन आवेदन कर योजना का लाभ उठा सकते हैं।

आवेदन हेतु आवश्यक दस्तावेज :
1. विहित प्रपत्र में पूर्णतः भरा हुआ आवेदन।
2. आधार कार्ड की छायाप्रति।
3. स्वअभिप्रमाणित जमीन का रसीद।
4. मुखीया/पंचायत समिति/जिला परिषद द्वारा अभिप्रमाणित वंशावली।
5. मुखीया/पंचायत समिति/जिला परिषद से अनुशंसा पत्र।
6. स्व अभिप्रमाणित घोषणा–पत्र।

जिला कृषि पदाधिकारी
पलामू

PR 354590 (District) 25-26 (D)

सुप्रभात

विचार प्रवाह

अगर मैं एक दरवाज़े से नहीं निकल पाया, तो मैं दूसरे दरवाज़े से निकल जाऊंगा या फिर एक दरवाज़ा बना लूंगा। चाहे वर्तमान कितना भी अंधकारमय क्यों न हो, कुछ शानदार ज़रूर होगा। - रवीन्द्रनाथ टैगोर

## संपादकीय

# अमेरिका सिर्फ लाभ की नीति पर

लोगों को लगा था ट्रंप के आने से अमेरिका बदलेगा पर पाकिस्तान का पूरी बेशर्मी से समर्थन कर दिखा दिया कि निजी स्वार्थ में सभी का बुरा की उसकी नीति नहीं बदली दूसरी ओर वह भारत के बड़े बाजार को भी खोना नहीं चाहता। हाल ही में अमेरिकी वाणिज्य मंत्री हॉवर्ड लटनिक ने कहा कि भारत और अमेरिका के बीच आंतरिक व्यापार समझौता इसी महीने पूरा होगा। पहले ऐसे समझौते को पूर्ण होने में दो या तीन साल लग जाते थे। विगत 29 मई को वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि मैनहैटन की अंतरराष्ट्रीय व्यापार अदालत द्वारा विभिन्न देशों के विरुद्ध डोनाल्ड ट्रंप के जवाबी शुल्क सहित अन्य शुल्कों को अवैध ठहराए जाने के बीच अमेरिका के साथ भारत की व्यापार वार्ता सही दिशा में आगे बढ़ती रहेगी। इस समय भारत-अमेरिका कारोबार के बढ़ने के बारे में तीन बातें रेखांकित हो रही हैं। एक, भारत और अमेरिका के बीच 25 जून, 2025 तक एक अंतरिम व्यापार समझौते की घोषणा हो सकती है। दो, भारत सरकार अपनी सरकारी खरीद बाजार का एक हिस्सा विदेशी कंपनियों के लिए खोलने जा रही है, जिसमें अमेरिकी कंपनियां भी शामिल होंगी। तीन, अमेरिकी कंपनियों के लिए भारत लाभ का बाजार बना हुआ है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की कड़ी चेतावनी के बाद भी एप्पल ने भारत में आईफोन विस्तार जारी रखने का संकेत दिया है। विगत 23 मई को वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने वॉशिंगटन में अमेरिकी वाणिज्य मंत्री हार्वर्ड लटनिक के साथ प्रस्तावित द्विपक्षीय व्यापार समझौते के पहले चरण की वार्ता में कहा कि पारस्परिक लाभ सुनिश्चित करने के लिए अंतरिम व्यापार व्यवस्था को आकार दिए जाने की संभावना है। ऐसे में अमेरिका के साथ अंतरिम व्यापारिक समझौता टैरिफ विवादों को सुलझाने और द्विपक्षीय आर्थिक सहयोग बढ़ाने की दिशा में एक बड़ा कदम साबित हो सकता है। इस संभावित अंतरिम व्यापार समझौते के तहत अमेरिका के बाजार में भारतीय वस्तुओं पर लगने वाले शुल्क को शून्य करवाने के लिए भारत भी अमेरिका की कई वस्तुओं पर शुल्क में राहत दे सकता है। अमेरिका भारत में कृषि उत्पादों का निर्यात करना चाहता है, लेकिन भारत सिर्फ गैर जेनिटिकली मोडिफायड (जीएम) कृषि उत्पादों को ही अपने बाजार में अनुमति देगा। भारत अमेरिका से सभी रोजगारपरक सेक्टर में शून्य शुल्क या अति कम शुल्क चाहता है, ताकि इन सेक्टर का अमेरिका में होने वाला निर्यात बढ़े, जिससे मैन्युफैक्चरिंग व रोजगार बढ़ोतरी में मदद मिलेगी। दूसरी तरफ, अमेरिका इलेक्ट्रिक वाहनों के साथ, वाइन, एथनॉल, कई औद्योगिक व कुछ खाद्य उत्पाद के शुल्क में छूट चाहता है। साथ ही वह भारत के गुणवत्ता नियंत्रण नियम में भी छूट चाहता है। पिछले दिनों अमेरिकी वित्तमंत्री स्कॉट बेसेंट ने भी कहा कि पूरी दुनिया में भारत ऐसे पहले देश के रूप में सामने है, जिसके साथ अमेरिका का द्विपक्षीय-कारोबार समझौता (बीटीए) प्रारंभिक आकार लेने के करीब है। भारत-अमेरिका के बीच बीटीए को 31 दिसंबर 2025 तक पूर्ण करना सुनिश्चित किया गया है। गौरतलब है कि विगत 13 फरवरी को पीएम मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनॉल्ड ट्रंप के बीच व्हाइट हाउस में हुई द्विपक्षीय वार्ता के दौरान दोनों देशों ने अमेरिकी व्यापार घाटे को कम करने, टैरिफ को कम करने, अधिक अमेरिकी तेल, गैस और लड़ाकू विमानों की खरीदारी करने और रियायतों पर भी सहमति व्यक्त की।

*अमेरिका भारत में कृषि उत्पादों का निर्यात करना चाहता है, लेकिन भारत सिर्फ गैर जेनिटिकली मोडिफायड (जीएम) कृषि उत्पादों को ही अपने बाजार में अनुमति देगा।*

# 100 साल के जीवन का लक्ष्य धन, तकनीक और विज्ञान



पिछली सदी से लंबे जीवन की आशा लगातार दुनिया के ज्यादातर देशों में बढ़ी है। महा-धनवानों में टेक अरबपति व खरबपति लंबे जीवन का रहस्य खोजने पर अड़े हुए हैं जिन्हें विश्वास है कि पर्याप्त धन, तकनीक और अत्याधुनिक विज्ञान के सहारे वे 120 या 150 साल तक ज़ी सकते हैं। लेकिन उनके प्रयास हममें से बाकी लोगों तक नहीं पहुंच रहे हैं। दुनिया में स्वास्थ्य की समस्या बढ़ती जा रही है कई उच्च आय वाले देशों जैसे इंग्लैंड और अमेरिका में जीवन प्रत्याशा पीछे जा रही है। ब्रिटेन में, कोविड महामारी से पहले ही ठहराव शुरू हो गया था और छह महीने कम हो गया है, और यू.एस. में 2.33 साल कम हो गया है। मोटापे की दर बढ़ रही है - न केवल अमीर देशों में, बल्कि घाना जैसी जगहों पर भी, जहाँ 1980 से मोटापे में 650% की वृद्धि हुई है। 65% नहीं; 650%। दुनिया के अधिकांश स्थानों पर स्वच्छ हवा दुर्लभ है। अवसाद जैसी मानसिक स्वास्थ्य स्थितियों बढ़ रही हैं, जो वित्तीय अनिश्चितता और तनाव से और भी बदतर हो गई हैं।

हमें दशकों से बताया गया है कि यदि हम खुद को अनुकूलित करें, तो हम लंबा, स्वस्थ जीवन जी सकते हैं। तो हम लंबे समय तक जीने के बारे में हमारे बढ़ते ज्ञान और हमारे सामूहिक स्वास्थ्य के पीछे जाने के बीच के अंतर को कैसे समझा सकते हैं? व्यक्तिगत रूप से, मैंने अपने लिए एक उपयुक्त महत्वाकांक्षी लक्ष्य निर्धारित किया है: अच्छे स्वास्थ्य के साथ 100 साल तक जीना और दूसरों को भी ऐसा करने में मदद करना। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय जीवन प्रत्याशा कैलकुलेटर के अनुसार, मेरे पास इतने लंबे समय तक जीने की 9.3% संभावना है (हालांकि इस समय के दौरान गुणवत्तापूर्ण जीवन जीना और भी चुनौतीपूर्ण है)। स्वास्थ्य के प्रति गहरी रुचि और जुनून रखने वाले व्यक्ति के रूप में, मैं सुपरफूड्स और क्या खाना चाहिए, इस पर नवीनतम शोध का अनुसरण करता हूँ। मैंने शुगर-फ्री डाइट की कोशिश की है; मैं कुछ समय के लिए शाकाहारी बन गया। मैंने लंबी दूरी तक दौड़ने से लेकर अंतराल तक HIIT (उच्च तीव्रता अंतराल प्रशिक्षण) से लेकर हायरॉक्स, आउटडोर बूट कैंप, स्पिन, हॉट पिलेट्स, बैरे और पेडलबोर्ड योग तक सभी तरह के अलग-अलग व्यायाम शासन आजमाए हैं। अपने 30 के दशक के मध्य में, मैंने फिटनेस, पोषण और स्वास्थ्य में अपनी रुचि को जोड़ने के लिए एक व्यक्तिगत प्रशिक्षक बनने का फैसला किया। हालाँकि, हर बार जब मेरा दिमाग "अनुकूलन" मार्ग पर जाता है, तो मुझे एक सार्वजनिक स्वास्थ्य वैज्ञानिक के रूप में अपनी मुख्य नौकरी और आजीवन कैरियर की याद आती है, जो उन कारकों पर गौर करता है जो प्रभावित करते हैं कि हम कितने लंबे समय तक जीवित रहेंगे। इनमें से ज़्यादातर व्यक्तिगत नियंत्रण से बाहर हैं और उनका संबंध उस देश और समुदाय से है जिसमें हम रहते हैं। सच तो यह है कि यह "स्व-सहायता" कथा स्वास्थ्य के काम करने के तरीके की वास्तविकता को नहीं दर्शाती है। वास्तव में, व्यक्तिगत ज़िम्मेदारी और आत्म-सुधार पर ध्यान केंद्रित करने से हम वास्तविक मुद्दे से विचलित हो गए हैं - सार्वजनिक नीति, बुनियादी ढांचा और समुदाय हमारे स्वास्थ्य की संभावनाओं और दीर्घायु को प्रभावित करने में क्या प्रभाव डालते हैं। सार्वजनिक स्वास्थ्य में, शोध परियोजनाओं ने उन जगहों का अध्ययन किया है जहाँ लोग काफी लंबा, स्वस्थ जीवन जीते हैं - जापान या दक्षिण कोरिया, या यूरोप के ज्यूरिख, मैड्रिड या सार्डिनिया के बारे में सोचें। इन जगहों पर, हृदय रोग और मोटापे जैसी पुरानी बीमारियाँ बहुत कम आम हैं।

आज की बात



**प्रोफेसर देवी श्रीधर**
अध्यक्ष, वैश्विक सार्वजनिक स्वास्थ्य विभाग, एडिनबर्ग विश्वविद्यालय

जापान को ही लें, जहाँ उत्तरी अमेरिकियों की तुलना में स्तन और प्रोस्टेट कैंसर 80% कम है और कूल्हे के फ्रैक्चर का जोखिम आधा है।इन शहरों और क्षेत्रों में रहने वाले लोगों के व्यवहार का विश्लेषण करने में बहुत काम किया गया है। इसके आधार पर, हमें उन बदलावों की सूची मिलती है जिन्हें हम लंबे समय तक जीने के लिए व्यक्तिगत स्तर पर कर सकते हैं, जैसे कि बड़े पैमाने पर पौधे-आधारित आहार अपनाना, रात में सात से नौ घंटे सोना और हर दिन एक निश्चित मात्रा में धूप में रहना। ये निश्चित रूप से सहायक हैं, लेकिन मुझे संदेह है कि उपरोक्त क्षेत्रों में शायद ही किसी ने कोई स्व-सहायता पुस्तक पढ़ी हो या दैनिक स्वास्थ्य संबंधी "करने योग्य" कार्य की सूची बनाई हो।इन जगहों के बारे में सबसे खास बात यह है कि वहां रहने वाले लोग सिर्फ़ व्यक्तिगत विकल्प नहीं चुनते जिससे बेहतर स्वास्थ्य प्राप्त हो - वे ऐसी जगहों पर रहते हैं जहां सरकार और संस्कृति द्वारा स्वस्थ जीवन को सामान्य माना जाता है। मोटापे के मुद्दे को लें: यू.के. जापान से ज़्यादा मोटा नहीं है क्योंकि यह एक ऐसा देश है जहां मौलिक रूप से अलग-अलग लोग हैं जो ज़्यादा वज़न रखना चुनते हैं या आलसी या मूर्ख हैं - इस तरह का तर्क न केवल भोला है, बल्कि यह ज़्यादा वज़न वाले लोगों को कलंकित करता है। वास्तव में ऐसा लगता है कि पसंद के स्तर पर, यू.के. डाइटिंग में ज़्यादा दिलचस्पी रखता है, यहाँ डाइट इंडस्ट्री का अनुमान है कि यह सालाना 2 बिलियन पाउंड का है और डाइट बुक्स की हर साल लाखों प्रतियां बिकती हैं। इसके विपरीत, जापान का डाइट इंडस्ट्री बहुत छोटा है, जिसकी कीमत सिर्फ़ 42.8 मिलियन डॉलर है।

मुख्य अंतर वास्तव में खाद्य वातावरण में है - जिसमें किफायती फल और सब्जियां, पौष्टिक स्कूली भोजन और सरकार से सहायता शामिल है - जिसका अर्थ है कि जापान में रहने वाले व्यक्ति के लिए स्वस्थ वज़न के भीतर रहना कहीं ज़्यादा आसान है। ब्रिटेन में आपके लिए संभावनाएं कम हैं। अगर आपके पास धन, समय और संसाधन हैं तो आप स्वस्थ "आउटलायर" बन सकते हैं या खुद को बड़ी सामाजिक चुनौतियों से दूर रख सकते हैं। आप एक एयर प्यूरीफायर ले जा सकते हैं, माचा लट्टे पी सकते हैं, महंगे अवकाश केंद्रों में तैर सकते हैं, यहाँ तक कि आपके लिए ताज़ी रोटी बनाने और पौष्टिक भोजन तैयार करने के लिए एक शेफ को भी रख सकते हैं। एक कारण है कि शाही होना या शाही परिवार में शादी करना एक लंबा और स्वस्थ जीवन जीने के सबसे पक्के तरीकों में से एक है। लेकिन हममें से जो आम लोग हैं, उनके लिए सामाजिक कारकों से पूरी तरह से बाहर निकलना संभव नहीं है: हमें हवा में सांस लेने के लिए बाहर जाना पड़ता है, सड़कों पर चलना और साइकिल चलाना पड़ता है, नल का पानी पीना पड़ता है और जहां हम रहते हैं या स्कूल में उपलब्ध खाद्य पदार्थ खाने पड़ते हैं। जैसा कि मैंने अपनी नई किताब में बताया है, अगर मैं 100 साल तक जीने वाला हूँ, तो मुझे अपनी कैलोरी गिनने और इंस्टाग्राम पर खुद की एक्सरसाइज़ की तस्वीरें पोस्ट करने से कहीं ज़्यादा की ज़रूरत है (जिसका मैं दोषी हूँ)। मुझे ऐसी दुनिया में रहने की ज़रूरत है जहाँ स्वास्थ्य एक सामूहिक ज़िम्मेदारी हो, न कि व्यक्तिगत। इसका मतलब है कि हम सभी को स्वस्थ बनाने वाली नीतियों का समर्थन करना - और ऐसे राजनेता जो अच्छे स्वास्थ्य के लिए परिस्थितियों को प्राथमिकता देते हैं जैसे कि विशेष रूप से बच्चों के लिए पौष्टिक भोजन, सक्रिय शहर, स्वच्छ वायु नीतियां, निवारक स्वास्थ्य सेवा और पानी का सार्वजनिक प्रावधान, जो कि सरकार द्वारा अपने नागरिकों को प्रदान की जाने वाली चीजों के मूल में होना चाहिए। दुनिया भर में इन सभी क्षेत्रों में जीवन को बेहतर बनाने के सबक हैं: ये ऐसे स्थान हैं जहां अच्छा स्वास्थ्य दैनिक जीवन का हिस्सा बना हुआ है। अगर हम 16वीं शताब्दी में पोंस डी लियोन की अमरता की खोज के बारे में सोचें - उस समय जब उनके मूल स्पेन में जीवन प्रत्याशा सिर्फ 25 से 30 साल थी, तो शायद सबक यह है कि लंबे, स्वस्थ जीवन का जवाब युवाओं के फव्वारे में नहीं बल्कि स्थिर सरकार, सार्वजनिक सेवाओं, विज्ञान और समुदाय के उदय में था। टेक अरबपति इस पर ध्यान दे सकते हैं।

# स्केलेटल फ्लोरोसिस गंभीर बीमारी बचाव के लिए करें योग

कंकालीय फ्लोरोसिस एक ऐसी बीमारी है जो हड्डियों में फ्लोरीन के अत्यधिक संचय के कारण होती है। यह मुख्य रूप से विकृत और भंगुर हड्डियों की विशेषता है। योगाचार्य महेश पाल बताते है कि जब फ्लोराइड के धुएं या धूल को साँस के द्वारा अंदर लिया जाता है या निगला जाता है, मुख्य रूप से हाइड्रोजन फ्लोराइड के रूप में, यह शरीर में फ्लोराइड आयनों के रूप में टूट जाता है। ये आयन पेट में एसिड के साथ प्रतिक्रिया करके हाइड्रोफ्लोरिक एसिड बनाते हैं जो हड्डी के कैल्शियम आयनों के साथ प्रतिक्रिया करके एक अघुलनशील नमक बनाता है जिसे कैल्शियम के साथ शरीर द्वारा धोया जाता है। इसका परिणाम यह होता है कि हड्डियों में कैल्शियम की मात्रा कम हो जाती है जिससे हड्डियों की ताकत में कमी आती है। कंकालीय फ्लोरोसिस हड्डियों में फ्लोराइड के अत्यधिक संचय के कारण होने वाली एक दुर्बल करने वाली हड्डी की बीमारी है। रोकथाम योग्य स्थिति होने के बावजूद, यह दुनिया के विभिन्न हिस्सों में एक महत्वपूर्ण स्वास्थ्य चिंता बनी हुई है, खासकर उन क्षेत्रों में जहां पीने के पानी में फ्लोराइड का स्तर अधिक है।कंकालीय फ्लोरोसिस मुख्य रूप से लंबे समय तक उच्च स्तर के फ्लोराइड के सेवन के कारण होता है। कई क्षेत्रों में, खास तौर पर भूजल में प्राकृतिक रूप से फ्लोराइड का उच्च स्तर होता है। अनुशंसित स्तर से अधिक फ्लोराइड सांद्रता वाला पीने का पानी कंकाल फ्लोरोसिस का सबसे आम कारण है। कुछ खाद्य पदार्थ, जैसे कि चाय की पत्तियां और समुद्री भोजन में फ्लोराइड का स्तर बहुत अधिक होता है। इन खाद्य पदार्थों का लंबे समय तक सेवन करने से कंकालीय फ्लोरोसिस विकसित हो सकता है। जब फ्लोराइड का सेवन किया जाता है, तो यह रक्तप्रवाह में अवशोषित हो जाता है और पूरे शरीर में फैल जाता है। फ्लोराइड का अधिकांश हिस्सा हड्डियों और दांतों में जमा हो जाता है, जहाँ यह हड्डियों के खनिज घटक हाइड्रॉक्सियापेटाइट में हाइड्रॉक्सिल समूहों की जगह ले लेता है, जिससे फ्लोरापेटाइट बनता है। अस्थि मैट्रिक्स में फ्लोराइड के समावेश से अस्थि की क्रिस्टलीय संरचना बदल जाती है। प्रारंभिक अवस्था में, इससे अस्थि घनत्व में वृद्धि होती है, जिसे ऑस्टियोस्क्लेरोसिस के रूप में जाना जाता है। जैसे-जैसे बीमारी बढ़ती है, हड्डी भंगुर और कम लोचदार हो जाती है, जिसके परिणामस्वरूप कंकाल संबंधी विकृतियाँ और फ्रैक्चर होते हैं। फ्लोराइड ऑस्टियोब्लास्ट और ऑस्टियोक्लास्ट को प्रभावित करता है, जो हड्डियों के निर्माण और पुनर्जीवन के लिए जिम्मेदार कोशिकाएं हैं।

सेहत की बात



**योगाचार्य महेश पाल**

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

# "कबीर समय से परे एक अमर चेतना"

संत कबीर दास जयंती विशेष

भारत की संत परंपरा में कबीरदास एक ऐसे लोकसंत रहे, जिन्होंने न केवल अध्यात्म के क्षेत्र में अमूल्य योगदान दिया, बल्कि समाज-सुधार, धर्म, नैतिकता और मानवीय मूल्यों की स्थापना के लिए जीवन पर्यंत संघर्ष किया। संत कबीर की जयंती (जो ज्येष्ठ पूर्णिमा को मनाई जाती है) केवल एक संत की स्मृति नहीं, बल्कि समाज को आईना दिखाने वाले उस चेतना की पुनः पुकार है जिसकी आज के समय में बेहद आवश्यकता है। संत कबीर दास का जन्म 15वीं शताब्दी में माना जाता है, अधिकांश विद्वान 1398 ई. को उनका जन्म वर्ष मानते हैं। उनका जन्म वाराणसी (काशी) के पास लहरतारा नामक स्थान पर हुआ था। जन्म से जुड़ी कई किंवदंतियां हैं, कुछ मानते हैं कि वे एक विधवा ब्राह्मणी के पुत्र थे जिन्हें समाज के डर से त्याग दिया गया और एक मुस्लिम जुलाहा दंपती नीरू और नीमा ने उनका पालन-पोषण किया। कबीर का पालन-पोषण मुस्लिम परिवार में हुआ लेकिन उनका मन सूफी और हिन्दू संत परंपरा दोनों से प्रभावित रहा। उन्होंने गुरु रामानंद को अपना आध्यात्मिक गुरु माना। कबीर अनपढ़ थे, परंतु ज्ञान के मामले में वे युगद्रष्टा थे। उनका संपूर्ण जीवन एक गहरे आध्यात्मिक, सामाजिक और सांस्कृतिक क्रांति का प्रतीक बन गया। कबीर के विचार किसी एक धर्म या संप्रदाय तक सीमित नहीं थे। वे कहते थे। "मस्जिद चढ़ि-चढ़ि जुलाहा कहे, मोरा अल्लाह औंधा। मंदिर में पुजारी चिल्लाए, हरि नाम कहां है बौंधा?" कबीर का पूरा जीवन जात-पात, पाखंड, अंधविश्वास और सामाजिक विषमताओं के खिलाफ एक निरंतर युद्ध था। उन्होंने न तो मूर्तिपूजा का समर्थन किया और न ही कट्टरपंथी विचारों का। उनके अनुसार भगवान तक पहुँचने का मार्ग सच्चे प्रेम, सेवा, करुणा और आत्म-शुद्धि से होकर जाता है। कबीर की रचनाएँ "बीजक", "साखी", "रमैनी" और "सबद" नामक संग्रहों में उपलब्ध हैं। उनकी भाषा सधुक्कड़ी (हिंदी, अवधी, ब्रज, भोजपुरी का मिश्रण) थी – सहज, जनमानस से जुड़ी और सरल। उनके दोहे तो आज भी जनजीवन में गूंजते हैं। "बुरा जो देखन मैं चला, बुरा न मिलिया कोय।
जो दिल खोजा आपना, मुझसे बुरा न कोय॥"
"पोथी पढ़ि पढ़ि जग मुआ, पंडित भया न कोय।
ढाई आखर प्रेम का, पढ़े सो पंडित होय॥"

आज का समाज जातिवाद, धार्मिक उन्माद, वैचारिक विषमता और मूल्यहीनता के दलदल में फंसा है। ऐसे समय में कबीर की वाणी और दर्शन एक प्रकाशपुंज के समान हैं। उन्होंने प्रेम और मानवीय एकता की बात की थी, जिसकी आवश्यकता आज हर घर, हर दिल को है। आज जब सोशल मीडिया पर नफ़रत और फेक न्यूज़ फैलती है, जब राजनीति समाज को धर्म और जाति के नाम पर बांटती है, तब कबीर की वाणी जैसे चेतावनी देती है। "जाति न पूछो साधु की, पूछ लीजिए ज्ञान।
मोल करो तलवार का, पड़ा रहन दो म्यान॥"

आज का युवा वर्ग दिशाहीनता, प्रतियोगिता और तनाव के दौर से गुजर रहा है। उन्हें आत्मिक शांति, नैतिक संबल और मूल्यपरक दृष्टि की आवश्यकता है। कबीर उनके लिए एक आदर्श हो सकते हैं – जिन्होंने अपने समय में समाज को आईना दिखाया, सच्चाई का साथ दिया और बिना किसी भय के अपनी बात कही। कबीर सिखाते हैं कि विचारों में स्वतंत्रता होनी चाहिए, परंतु अहंकार नहीं। धर्म का मूल उद्देश्य मानवता है, न कि आडंबर। सेवा, प्रेम और कर्म ही सच्चा धर्म है। अब सवाल यह उठता है कि आज कबीर जैसे संत की आवश्यकता क्यों? हम एक ऐसे समय में जी रहे हैं जहाँ धर्म राजनीति का हथियार बन गया है, जहाँ शिक्षित होकर भी व्यक्ति संवेदनहीन होता जा रहा है। ऐसे में एक और 'कबीर' की आवश्यकता है – जो समाज को उसका असली चेहरा दिखा सके, जो बिना डरे सच बोल सके, जो युवा हृदयों में मानवीय संवेदना जगा सके। कबीर दास आज भी उतने ही प्रासंगिक हैं जितने अपने समय में थे। आज उनका पुनर्पाठ आवश्यक है, क्योंकि उनके शब्दों में वह शक्ति है जो किसी क्रांति से कम नहीं।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

आपकी बात



**डॉ. दीपक प्रसाद**
रंगकर्मी, निर्देशक एवं सहायक आचार्य



## फेसबुक वॉल से




## एक्स से




## आज का दोहा

बैसाखी सी हाथ ले, चले मगर कुछ दूर।
स्वाद चखा, फिर हो गए, उतने ही मजबूर।।

**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

## रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत या इस पेज के लिए आर्टिकल कृपया भेजें artical.rnmail@gmail.com
कॉल/व्हाट्सएप 8292553444

**संपादक**

# रहस्यमय रिश्ता

आज अजीब वाकिया हुआ।तड़के सुबह रवि बाबू अपनी फटफटिया से मुझे साथ लेकर रामलाल जी के यहाँ पँहुच गए।दस मिनट तक साँकल बजाने पर अंततः रामलाल जी ने उठकर दरवाजा खोला।दरवाजा खुलते ही रवि बाबू अपनी रामायण लेकर शुरू हो गए। बोलने लगे- भाईसाहब, आज मेरा दुःख सेटेलाइट की ऊंचाई पर है।कल रात से घर में घमासान माहौल बना है। पत्नीश्री का पारा सातवें आसमान पर है। उसके अचानक व्यवहार से मैं हतप्रभ रह गया था। क्या कुछ नहीं कहा गया,क्या कुछ नहीं बीती। मैंने बात समझाने की भरपूर कोशिश भी की।पर वह कभी मेरी सुनती नहीं सो कल भी चुप करा दिया गया। मेरे पास चुपचाप सहन करने के अलावा और कोई चारा नहीं बचा था।कल रात खाना भी नहीं मिला। अभी सुबह उसकी नींद लगते ही भागकर आया हूँ, घर का दरवाजा ओठगां दिया है। बात करने से मन हल्का होता है।

**रामलाल-भाईसाहब, यह तो खुलासा कीजिए कि आखिर वजह क्या थी?**

रवि बाबू-पहले एक ग्लास पानी पीने दीजिए।सहज हो जाऊं तो बताऊं। करीब पाँच मिनट के बा द रवि बाबू ने बोलना शुरू किया-एक बुजुर्ग महिला है।मेरे मातहत थी।काम में निपुण।कार्यालय का कोई भी काम कहता,बिना त्रुटि के समय पर करती।कभी कभी स्वयं से ही काम कर डालती।ऐसे मौकों पर मेरा दृष्टिकोण फोन कर ले लेती और फिर उसी तरह काम हो जाता। आज शाम उसका फोन आया था।उसे निजी मदद यह चाहिए था कि उसके बीमार पति के लिए उसे बढ़िया फिजियोथेरेपिष्ट की जरूरत थी जो घर जाकर अपनी सेवाएं दे सके। फोन पर उसका नाम देख और उसकी आवाज सुनकर घर में मानो ज्वालामुखी ही फूट पड़ा।बाद में बात करता हूँ कहकर मैंने फोन रख दिया। भाईसाहब, कई रिश्ते ऐसे होते हैं जो घर के सदस्यों को अच्छे नहीं लगते,उन्हें नहीं भाते। जिन्हें आप कलह की वजह से गोपनीय रखते हैं। अगर वह व्यक्ति कोई स्त्री हुई तो आप घर की स्त्री का मनोविज्ञान तो समझते ही हैं। इन रिश्तों को रहस्यमय रिश्ता कह दिया जाता है। अधिकतर ऐसे रिश्ते पवित्र होते हैं पर रहस्यमय करार दिए जाते हैं। यह कहकर रवि बाबू फूट-फूट कर रोने लगे।

**रामलाल-और कितने रहस्यमय रिश्ते हैं आपके?**

रवि बाबू-दो और हैं। बताता हूँ।जब मैं कॉलेज में पढ़ता था तब वकालत की पढ़ाई कर रहे हमारे अच्छे मित्र सिद्दीकी घर आते। वह हमेशा ही घर में घुसने और घर की बातों में टांग अड़ाने के फिराक में रहता।माता-पिता और छोटे भाई उससे काफी चिढ़ते। कहते-घर को क्लब हाउस समझ रखा है क्या? जब कभी मैं उसके घर जाता,वह ऐसी परिस्थिति उत्पन्न करता कि उसके घर के बाहरी बरामदे से आगे अपनी ड्राइंगरूम तक मुझे नहीं जाने दिया जाता। पर वह बड़ा बुद्धिमान था,उसके तर्क और उसकी सलाह उत्तन हुआ करती थी। इसलिए घरवालों की हिदायत कि उससे दोस्ती मत रखो,हमने छिपकर उससे सम्बन्ध रखे। छोटे भाई तो पता चल गया। उसने धीरे से मुझे कहा-बड़ा रहस्यमय रिश्ता है जी। दूसरे व्यक्ति पांडा जी रहे। वे हमारे सहकर्मी और मातहत थे। कोई भी जटिल से जटिल काम उनको समझाकर सौंपता तो वे श्रीमान समय से पहले ही उसे ठीक ठीक पूरा कर डालने में माहिर थे। कार्यालय की गोपनीयता उन्होंने कभी नहीं तोड़ी जैसे भरोसा। पर उनके साथ एक दिक्कत थी। वे बड़ी गंदगी से रहते। उनके बदन से हमेशा बदबू आती रहती।आदतें गन्दी।मेरे घर में उनके आने पर अघोषित प्रतिबंध अन्तःपुर से लगा दिया गया था और मुझे सम्बन्ध न रखने की कड़ी चेतावनी भी दी गयी थी। पर उस अच्छे और भरोसेमंद इंसान से मैंने छिप छिप कर सम्बन्ध रखा। मेरे दूसरे एक दोस्त को यह बात मालूम हो गयी। वह हमेशा पांडा जी के बारे में मुझसे अकेले में कहता-बड़ा रहस्यमय रिश्ता है आपका। रामलाल-रवि बाबू,आप ऐसे ही रहस्यमय रिश्ते से डरे बैठे हैं। आपको हम बताते हैं।अपने भैया जी को ही लीजिए। अरे भैया जी वही, हमारे विधायक जी जो आजकल मंत्री महोदय हैं। वे अन्य सभी दलों के नेताओं की जमकर सरेआम बुराई करते,उनकी बखिया उधेड़ते। अपशब्द तक अपनी औकात से सार्वजनिक रूप में कह डालते।उन लोगों पर कानूनी करवाई कराकर जेल भेजने की बात हर प्रेस कांफ्रेंस में खुलेआम करते। जिस किसी दल की सरकार बनती वे दल बदल कर मंत्री बन बैठते। सत्ता पक्ष के मंत्री -नेता लोगों को महीने में एक दिन घर बुलाकर जबरदस्त पार्टी देते। पर अमूमन खाली रहे तो हर रविवार रात में बारी-बारी से विरोधियों को अपने फार्म हाउस में चुपके से बुलाते। उन्हें खुश करने के हथकंडे जैसे शराब-कबाब-शबाब में कोई कोर कसर बाकी नहीं रखते। खूब ठहाके लगाते। पर कभी कोई कारवाई नहीं करते। यह सब उस रहस्यमय रिश्ते की मांग है। **(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

व्यंग्य की बात



**डॉ प्रशांत करण**

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI.61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 ।प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', स्थानीय संपादक : राणा अरुण सिंह*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-834001, फोन नं.- 0651-3553943, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

स्नान पूर्णिमा की तैयारी जोरों पर

# भगवान जगन्नाथ करेंगे पवित्र स्नान

**एजेंसी। पुरी**

27 जून को होने वाली रथ यात्रा की प्रशासनिक तैयारियां भी शुरू हो गई हैं। मंदिर के सेवक अपने-अपने कार्यों में जुटे हैं, ताकि यह आयोजन सुचारु रूप से संपन्न हो। स्नान पूर्णिमा और रथ यात्रा को देखने के लिए देश-विदेश से लाखों श्रद्धालु पुरी पहुंचने लगे हैं। प्रशासन भी सुरक्षा और व्यवस्था के लिए कड़े इंतजाम कर रहा है।



ओडिशा के पुरी में भगवान जगन्नाथ की विश्व प्रसिद्ध रथ यात्रा से पहले स्नान पूर्णिमा उत्सव की तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। दैतापति सेवक बिनायक दास महापात्र ने समाचार एजेंसी आईएएनएस से बातचीत में इस पवित्र आयोजन के महत्व को बताया। उन्होंने कहा कि भारत में पुरी एक अनूठी जगह है, जहां भगवान जगन्नाथ स्वयं अपने भक्तों के बीच आते हैं। स्नान पूर्णिमा और रथ यात्रा जैसे आयोजन भगवान और भक्तों के बीच गहरे रिश्ते को दर्शाते हैं। बिनायक दास महापात्र ने बताया, "जब भगवान को बुखार होता है, तो ऐसा माना जाता है कि वह भक्तों के कष्ट अपने ऊपर ले लेते हैं। स्नान पूर्णिमा के बाद भगवान 15 दिनों तक 'अनासर' में रहते हैं, जहां विशेष अनुष्ठानों के साथ उनकी सेवा की जाती है। यह समय भगवान की अलौकिक शक्ति और भक्तों के प्रति उनके प्रेम को दिखाता है।" उन्होंने कहा कि नंदीघोष, तालध्वज और देवदलन रथों पर भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और सुभद्रा जनकपुर की यात्रा करते हैं और लाखों भक्त उनके दर्शन के लिए उमड़ पड़ते हैं। बुधवार, 11 जून को स्नान पूर्णिमा उत्सव मनाया जाएगा। इस दिन भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और सुभद्रा रत्न सिंहासन से निकलकर स्नान बेदी की ओर बढ़ेंगे।



# प्रयागराज में दिखा भक्ति, आस्था का अनोखा संगम

**एजेंसी। प्रयागराज**

आस्था की नगरी संगम नगरी प्रयागराज में ज्येष्ठ माह का पांचवा बड़ा मंगल बड़े धूमधाम से मनाया जा रहा है। सुबह ब्रह्म मुहूर्त से ही बंधवा हनुमान मंदिर में हजारों श्रद्धालु दर्शन और पूजन के लिए उमड़ पड़े। मंदिर में लंबी कतारें लगीं। भक्त तुलसी की माला, फूल, सिंदूर और लड्डू चढ़ाने के लिए उत्साहित नजर आए। मंदिर के बाहर और अंदर 'जय श्रीराम' के जयकारे गूंजे, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। ज्येष्ठ माह के हर मंगलवार को बड़ा मंगल या बुढ़वा मंगल कहा जाता है। यह दिन विशेष रूप से बजरंगबली को समर्पित होता है। भक्तगण इस दिन हनुमान जी को प्रसन्न करने के लिए व्रत रखते हैं, उनकी पूजा करते हैं, हनुमान चालीसा और सुंदरकांड का पाठ करते हैं। मान्यता है कि इस दिन सच्चे मन से पूजा करने से सभी मनोकामनाएं पूरी होती हैं और जीवन में सुख-शांति बनी रहती है। मंदिर परिसर में लोग पूरे उत्साह और श्रद्धा के साथ बजरंगबली की आराधना करते हुए दिखाई दिए। सुरक्षा व्यवस्था भी कड़ी रही ताकि श्रद्धालु आसानी और सुरक्षित तरीके से दर्शन कर सकें। बता दें कि बंधवा हनुमान मंदिर प्रयागराज का एक प्रसिद्ध और ऐतिहासिक मंदिर है। यहां लेटे हुए हनुमान जी की विशाल प्रतिमा है। ऐसा माना जाता है कि इस मूर्ति के दर्शन से मोक्ष की प्राप्ति होती है और भगवान हनुमान की विशेष कृपा मिलती है। मंदिर में आए श्रद्धालुओं ने बजरंगबली से अपने और अपने परिवार के लिए सुख, शांति और समृद्धि की कामना की।



## बड़ा मंगल : हनुमान मंदिर में उमड़े श्रद्धालु, 'जय श्रीराम' के नारों से गूंजा परिसर

अमेठी, 10 जून (आईएएनएस)। ज्येष्ठ माह के पांचवें मंगलवार को उत्तर प्रदेश के अमेठी स्थित हनुमान मंदिरों में श्रद्धालुओं की लंबी कतार देखने को मिली। हनुमान जी के दर्शन और पूजन के लिए लोगों में गजब का उत्साह नजर आया। खासकर 'जामों के गौरा' स्थित हनुमान गढ़ी मंदिर में दर्शनार्थियों का तांता लगा रहा। मंदिर परिसर में "संकट कटे मिटे सब पीरा, जो सुमिरे हनुमत बलबीरा" और हनुमान जी के जयकारों की गूंज सुनाई दी। श्रद्धालुओं ने मंदिरों के साथ-साथ चौराहों और कस्बों में स्टॉल लगाकर प्रसाद वितरण और भंडारे का आयोजन किया। भारी भीड़ को देखते हुए पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा के लिए रास्तों को डायवर्ट किया, ताकि व्यवस्था बनी रहे। वहीं, मिठाई और पूजन सामग्री की दुकानों पर भी प्रसाद लेने के लिए भीड़ देखने को मिली। हनुमान गढ़ी मंदिर में सुबह से ही भक्तों की लंबी कतारें लगी रहीं। श्रद्धालुओं ने पूजा-अर्चना कर मंगलकामनाएं मांगी। मंदिर परिसर में मेले जैसा माहौल रहा, जहां लोग भक्ति और आस्था में डूबे नजर आए। भक्तों का कहना था कि हनुमान जी के दर्शन से उनके सारे दुख-दर्द मिट जाते हैं।बता दें, ज्येष्ठ मास के मंगलवार को बड़का मंगल, बड़ा मंगल या बुढ़वा मंगल कहा जाता है।

## 20 लाख की रिश्वत मांगी, 10 लाख लेते ही रंगे हाथ धराए ओडिशा के आईएएस अधिकारी

**एजेंसी। ओडिशा**



ओडिशा सतर्कता विभाग ने रविवार को 2021 बैच के आईएएस अधिकारी धीमान चकमा को कथित तौर पर 10 लाख रुपये की रिश्वत लेते हुए पकड़ा। ओडिशा के कालाहांडी जिले में उप-कलेक्टर के पद पर तैनात चकमा ने एक स्थानीय व्यवसायी से 20 लाख रुपये की मांग की थी और कथित तौर पर रिश्वत की एक किस्त स्वीकार कर रहा था। चकमा के खिलाफ शिकायत दर्ज कराने वाले व्यवसायी ने आरोप लगाया कि आईएएस अधिकारी ने मांगी गई राशि का भुगतान न करने पर उसके व्यवसाय के खिलाफ कार्रवाई करने की धमकी दी। शिकायत के अनुसार, उप-कलेक्टर ने उन्हें ओडिशा के धरमगढ़ स्थित अपने सरकारी आवास पर बुलाया, रिश्वत की रकम ली और उसे वहां एक मेज की दराज में रख दिया। शिकायतकर्ता को धरमगढ़ स्थित अपने सरकारी आवास पर बुलाया, रिश्वत की राशि ली और उसे अपनी मेज की दराज में रख लिया। अधिकारी ने कथित तौर पर अलग-अलग मूल्यवर्ग के 100 रुपये के नोटों के सभी 26 बंडलों की गिनती की और फिर नकदी को अपने आवास कार्यालय की मेज के दराज के अंदर रख दिया। सतर्कता विभाग ने उनके आधिकारिक आवास से तलाशी के दौरान लगभग 47 लाख रुपये की नकदी भी बरामद की।

## सिर्फ 3 महीने में दिल्ली बर्बाद हो गई : अरविंद केजरीवाल

**एजेंसी। नई दिल्ली**



दिल्ली पुलिस द्वारा तोड़फोड़ विरोधी अभियान के खिलाफ प्रदर्शन के दौरान दिल्ली की नेता प्रतिपक्ष आतिशी को हिरासत में लिए जाने के बाद, आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने सत्तारूढ़ भाजपा सरकार पर कड़ा प्रहार करते हुए शहर की स्थिति खराब करने का आरोप लगाया। एक्स पर एक सोशल मीडिया पोस्ट में केजरीवाल ने लिखा, "उन्होंने सिर्फ तीन महीनों में दिल्ली को बर्बाद कर दिया।" दिल्ली पुलिस ने मंगलवार को दिल्ली की पूर्व मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी (आप) की नेता आतिशी को कालकाजी के भूमिहीन कैंप में तोड़फोड़ विरोधी प्रदर्शन में हिस्सा लेने के बाद हिरासत में ले लिया। पत्रकारों से बात करते हुए आतिशी ने सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी और मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता पर तीखा हमला करते हुए कहा कि भाजपा और रेखा गुप्ता को झुग्गी-झोपड़ी में रहने वाले लोग श्राप देंगे। उन्होंने कहा कि बीजेपी कल इन झुग्गियों को ध्वस्त करने जा रही है, और मुझे आज जेल भेजा जा रहा है क्योंकि मैं इन झुग्गीवासियों के लिए आवाज उठा रहा हूं। बीजेपी और रेखा गुप्ता को झुग्गी वालों की हाए लगेगी।' ...भाजपा कभी वापस नहीं आएगी।

'रक्षा शक्ति' के 11 साल पूरे, पीएम मोदी बोले

# आत्मनिर्भर बनने पर दिया पूरा ध्यान

» आत्मनिर्भर भारत' और 'मेक इन इंडिया' अभियानों की सफलता

» भारत अब एक वैश्विक रक्षा निर्यातक बन चुका है

**एजेंसी। नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए 'रक्षा शक्ति के 11 साल' पूरे होने का जश्न मनाया है। इसके साथ ही उन्होंने आधुनिकीकरण और आत्मनिर्भरता पर दोहरे फोकस को रेखांकित किया है।

'एक्स' पोस्ट में पीएम मोदी ने लिखा, "पिछले 11 वर्षों में हमारे रक्षा क्षेत्र में महत्वपूर्ण बदलाव हुए हैं, जिसमें आधुनिकीकरण और रक्षा उत्पादन के मामले में आत्मनिर्भर बनने पर स्पष्ट ध्यान दिया गया है। यह देखकर खुशी होती है कि भारत के लोग अपने देश को मजबूत बनाने के संकल्प के साथ कैसे एकजुट हुए हैं! रक्षा मंत्रालय और वरिष्ठ अधिकारियों ने प्रधानमंत्री की भावना को दोहराते हुए स्वदेशीकरण और नवाचार की दिशा में देश के कदम की तारीफ की है। रक्षा मंत्रालय ने इस उपलब्धि के बारे में अपने 'एक्स' अकाउंट पर विस्तार से लिखा है। मंत्रालय ने लिखा,"पिछले 11 वर्षों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में भारत का रक्षा क्षेत्र आत्मनिर्भरता की दिशा में ऐतिहासिक रूप से आगे बढ़ा है। आत्मनिर्भर भारत और मेक इन डंडिया जैसे अभियानों के तहत अब भारत रक्षा निर्यातक के रूप में वैश्विक स्तर पर उभरा है। ब्रह्मोस मिसाइल और उन्नत पनडुब्बियों जैसी स्वदेशी तकनीकों ने देश की सुरक्षा को और मजबूत किया है। आज भारत 100 से ज्यादा देशों को रक्षा उत्पाद निर्यात कर रहा है। इस अवसर पर हम एक सशक्त, सुरक्षित और आत्मनिर्भर भारत की दिशा में हुए इस परिवर्तन को नमन करते हैं।" इसके अलावा एक अन्य पोस्ट में रक्षा मंत्रालय ने लिखा, "प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई में, भारत का स्वदेशी रक्षा उत्पादन 2014 में 46,429 करोड़ रुपये से बढ़कर 2025 में 1,27,434 करोड़ रुपये तक पहुंच गया, जो 174 प्रतिशत वृद्धि है। आत्मनिर्भर भारत से आज हमारी राष्ट्रीय सुरक्षा को मजबूती मिल रही है। "रक्षा गलियारों में 50,083 करोड़ रुपये के निवेश के साथ, भारत अपनी निर्माण क्षमताओं को बढ़ा रहा है। यशस्वी प्रधानमंत्री जी की दूरदर्शी नीतियों से जम्मू और कश्मीर में 2023 से पत्थरबाजी की कोई घटना नहीं हुई, जो पहले की 2,654 घटनाओं से 100 प्रतिशत कमी को दर्शाती है।



## प्रधानमंत्री मोदी के 11 वर्षों में भारत का रक्षा और तकनीकी क्षेत्र में ऐतिहासिक उदय

"प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में सिर्फ 11 सालों में भारत ने अपनी रक्षा क्षमताओं में क्रांतिकारी बदलाव किए हैं, रणनीतिक वैश्विक साझेदारी को मजबूत किया है और स्पेस एक्सप्लोरेशन में ऐतिहासिक उपलब्धियां हासिल की हैं। आत्मनिर्भर भारत के उनके (पीएम मोदी) संकल्प से प्रेरित होकर, राष्ट्र ने आत्मनिर्भर नवाचार को अपनाकर ट्रेड और टेक्नोलॉजी में अपने प्रभाव को बढ़ाया है। यह प्रधानमंत्री मोदी के साहसिक दृष्टिकोण और मजबूत भारत के प्रति अटूट प्रतिबद्धता से प्रेरित होकर एक आत्मविश्वासी, निर्णायक और सम्मानित वैश्विक नेता के रूप में भारत के उदय की कहानी है।"मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने भी इस मौके पर पोस्ट किया। उन्होंने एक्स पर लिखा, "पीएम मोदी के ऐतिहासिक नेतृत्व में विगत 11 वर्षों में रक्षा क्षेत्र में हमारे भारत ने प्रत्येक आयाम में श्रेष्ठता सिद्ध की है। ऑपरेशन सिंदूर ने भारतीय सेना के पराक्रम को विश्व के सामने प्रस्तुत किया है। वर्ष 2014 की तुलना में स्वदेशी रक्षा उत्पादन 174 प्रतिशत की वृद्धि के साथ बढ़कर 1,27,434 करोड़ रुपये हुआ है, वहीं भारत दुनिया का 5वां सबसे बड़ा रक्षा उपकरण निर्यातक बन चुका है, यह 100 से ज्यादा देशों तक फैल चुका है, जो 2014 में शून्य था। हमें सैन्य प्रौद्योगिकी के मामले में नई वैश्विक पहचान मिली है।"

एनसीपी के स्थापना दिवस पर बोले शरद पवार

## कभी नहीं सोचा था पार्टी में दरार आएगी

**एजेंसी। नई दिल्ली**



एनसीपी (सपा) प्रमुख शरद पवार ने मंगलवार को कहा कि उन्होंने कभी नहीं सोचा था कि 26 साल पहले उनके द्वारा सह-स्थापित राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी में विभाजन होगा और उन्होंने चुनौतियों के बावजूद इसे आगे बढ़ाने के लिए अपने संगठन के कार्यकर्ताओं की सराहना की। पवार एनसीपी के 26वें स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित एक कार्यक्रम में बोल रहे थे, जिसका विभाजन 2023 में होगा। उन्होंने कहा कि पार्टी को कुछ चुनौतियों का सामना करना पड़ा, लेकिन आप बिना हतोत्साहित हुए पार्टी को आगे ले जाते रहे। पार्टी में विभाजन हुआ। हमने कभी नहीं सोचा था कि पार्टी में विभाजन होगा, लेकिन ऐसा हुआ। पवार ने कहा कि कुछ लोग दूसरी विचारधाराओं के साथ चले गए और यह विभाजन और बढ़ गया। मैं आज इस बारे में बात नहीं करना चाहता। लेकिन जो लोग पार्टी के प्रति वफादार रहे, वह हमारी पार्टी की विचारधारा के कारण था। उन्होंने कहा कि आने वाले चुनावों में एक अलग तस्वीर सामने आएगी। जुलाई 2023 में शरद पवार के भतीजे अजित पवार के तत्कालीन शिवसेना-भाजपा गठबंधन सरकार में शामिल होने के बाद एनसीपी का विभाजन हो गया।

## हिंदू धर्म को लेकर विवादित टिप्पणी करने वाला वजाहत खान गिरफ्तार

**एजेंसी। कोलकाता**



कोलकाता पुलिस ने हिंदू धर्म को लेकर विवादास्पद टिप्पणी करने वाले वजाहत खान को गिरफ्तार कर लिया है। वजाहत पर आरोप है कि उसने अपने सोशल मीडिया एक्स हैंडल पर हिंदू धर्म के बारे में अपमानजनक टिप्पणी की थी। इसके बाद उसके खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 196(1)(अ), 299, 352 और 353(1)(सी) के तहत प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। प्रसून मोइत्रा ने वजाहत खान के खिलाफ शिकायत दर्ज कराते हुए कड़ी कार्रवाई की भी मांग की है। मोइत्रा ने वजाहत की तरफ से किए गए पोस्ट को भी पुलिस को सौंपते हुए कहा कि आजकल धार्मिक भावनाओं के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी करने वाले लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जा रही है, तो ऐसी सूरत में मुझे पूरी उम्मीद है कि आप इस मामले को भी गंभीरता से लेंगे। उन्होंने कहा कि पुलिस को इस पूरे मामले में अपनी कार्यशैली को कुछ इस तरह से रखना होगा कि उनकी निष्पक्षता पर सवाल न उठे। हिंदू धर्म को लेकर अपने सोशल मीडिया एक्स हैंडल पर विवादित टिप्पणी करने वाला वजाहत खान कई दिनों से फरार चल रहा था।

# आज का राशिफल

**मेष :** मन प्रसन्न बना रहेगा। अचल संपत्ति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। परिवार के साथ मनोरंजनिक स्थल की यात्रा होगी। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी। भविष्य की योजनाओं पर विचार-विमर्श होगा। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। सभी का सहयोग मिलेगा।

**वृष :** दिन-भर का माहौल आडंबरपूर्ण और व्ययकारी होगा। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी के कारण तनाव पैदा हो सकता है। संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। कुछ कार्यक्रम बदलने होंगे। आवेग में आकर किये गए कार्यों का मलाल, अवसाद रहेगा। उतावलेपन से बचें। प्रेमभाव बढ़ेगा।

**मिथुन :** घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। मनोरथ सिद्धि का योग है। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। सभा-सोसायटी में सम्मान मिलेगा। पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे।

**कर्क :** सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। प्रेमभाव बढ़ेगा। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा।

**सिंह :** कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। स्वविवेक से कार्य करें। दुर्लभ स्वप्न साकार होंगे।

**कन्या :** आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। स्त्री पक्ष का सहयोग मिलेगा।

**तुला :** व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट अपव्यय के कारण बनेंगे। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। आय-व्यय समान रहेगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। मेल-मिलाप से कोशिश सफल होगी।

**वृश्चिक :** कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें, क्योंकि आगे कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा।

**धनु :** यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। अपने काम को प्राथमिकता से करें।

**मकर :** मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। मेहमानों का आगमन होगा। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। वाहन चालन में सावधानी बरतें। आय के अच्छे योग।

**कुंभ :** परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा।

**मीन :** अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। इच्छित कार्य सफल होंगे।

## मंत्रिमंडल की बैठक में 22 प्रस्तावों की मंजूरी पंचायतों में 8,093 लिपिकों की होगी बहाली

**एजेंसी। पटना**



बिहार में पंचायती राज व्यवस्था को दुरुस्त करने, पंचायत स्तरीय योजनाओं के सफल क्रियान्वयन तथा समुचित अभिलेखन के लिए ग्राम पंचायत कार्यालय और पंचायत राज अभियंत्रण संगठन कार्यालय के लिए जल्द ही 8,093 लिपिकों की बहाली की जाएगी। बिहार मंत्रिमंडल की सोमवार को हुई बैठक में इस प्रस्ताव को मंजूरी दे दी गई। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में हुई बैठक में विभिन्न विभागों से जुड़े कुल 22 प्रस्तावों को मंजूरी दी गई है। मंत्रिमंडल की बैठक के बाद मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग के अपर मुख्य सचिव एस सिद्धार्थ ने पत्रकारों को बैठक की जानकारी देते हुए बताया कि मंत्रिमंडल की बैठक में कई बड़े फैसले लिए गए हैं। बिहार सरकार की महिला सरकारी सेवकों को उनके पदस्थापना स्थल के निकट अवसान सुविधा उपलब्ध कराने की नीति के निर्धारण प्रस्ताव को मंजूरी दे दी गई है। मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग के अंतर्गत वायुयान संगठन निदेशालय में विभिन्न श्रेणी के चार नियोजन आधारित पदों को सृजित किया गया है। वहीं पटना के जयप्रकाश नारायण अस्पताल में स्पोर्ट्स इंजरी इकाई की स्थापना एवं संचालन के लिए 36 नए पदों को सृजित किया गया है। इसके अलावा बैठक में कृषि विपणन निदेशालय में विभिन्न कोटि के 14 पदों को सृजित करने के प्रस्ताव को भी मंजूरी दे दी गई है। उन्होंने बताया कि बैठक में प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महाअभियान के तहत राज्य के अनुसूचित जनजाति कोटि के चिह्नित नौ जनजाति के योग्य लाभुकों को केंद्र प्रायोजित प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण अंतर्गत आवास का लाभ देने की भी स्वीकृति प्रदान की गई है।

## नीतीश-बीजेपी ने लॉ एंड ऑर्डर का अंतिम संस्कार कर दिया



● बिहार में बढ़ते क्राइम पर लालू यादव ने कहा

**पटना।** बिहार में बढ़ती अपराध दर पर बढ़ती चिंता के बीच, राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव ने मंगलवार को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर तीखा हमला किया और राज्य की बिगड़ती कानून व्यवस्था पर सवाल उठाया। लालू-राबड़ी के दौर में "जंगल राज" की नीतीश कुमार की लंबे समय से चली आ रही आलोचना पर कटाक्ष करते हुए राजद नेता ने कहा, "नीतीश कुमार कहते थे कि लोग शाम 5 बजे के बाद अपने घरों से निकलने से डरते हैं। क्या ये सभी अपराध अब शाम 5 बजे के बाद हो रहे हैं।


झारखण्ड स्टेट फौरेस्ट डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लि०।

Jharkhand State Forest Development Corporation Ltd.

E-mail-dm.daltan_jsfdc@yahoo.co.in(A Govt. of Jharkhand undertaking ) Mob.No.947159065

कार्यालय: प्रमण्डलीय प्रबंधक,लघु वन पदार्थ परियोजना प्रमण्डल डालटनगंज, पलामू

**आवश्यक सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि वन निगम मुख्यालय रॉची के निदेशानुसार लघु वन पदार्थ परियोजना प्रमण्डल, डालटनगंज अन्तर्गत डालटनगंज स्थित चैनपुर वनागार, चैनपुर में भण्डारित विभिन्न प्रजाति के प्रकाष्ठ एवं जलावन की बिक्री आम नीलामी द्वारा की जायेगी। नीलामी में रखे गये प्रकाष्ठ प्रचयों की सूची प्रमण्डलीय कार्यालय, डालटनगंज से प्राप्त कर अवलोकन किया जा सकता हैं। वनागार में आम नीलामी की तिथि निम्नवत् हैः–

| वनागार का नाम | समय | जून– 2025 |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| चैनपुर वनागार चैनपुर | प्रारम्भ 11:00 बजे पूर्वाह्न से 1:00 बजे अपराह्न तक। | 12.06.2025 |

नीलामी में भाग लेने वाले व्यक्ति/व्यक्तियों/कम्पनियों को गेट मनी के रूप में 5000.00 रू0 (पॉच हजार) रूपया नगद नीलामी में भाग लेने के पूर्व गेट पर जमा करना होगा । नीलामी में भाग लेने वाले व्यक्ति/व्यक्तियों/कम्पनियों को पैन कार्ड,जी0एस0टी0 एवं आधार कार्ड की छाया प्रति जमा करना होगा। ह0/–

प्रमण्डलीय प्रबन्धक
लघु वन पदार्थ परियोजना प्रमण्डल, डालटनगंज

PR 354583 District (25-26)_D



कार्यालय : जिला परिषद, चतरा

(E.mail: districtboardchatra@gmail.com)

**- बंदोबस्ती हेतु आम सूचना -**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि चतरा जिला परिषद क्षेत्रान्तर्गत सिमरिया प्रखण्ड अन्तर्गत निर्मित भारत माता कल्याण मण्डप को (Builtup Area- 4794.25 sqft) का आवंटन खुला डाक के माध्यम से तीन वर्षों (36 माह) के लिए किया जाना है। बन्दोवस्ती डाकवक्ता के द्वारा बोली गई अधिकतम डाक की राशि पर आवंटित किया जायेगा।

इच्छुक व्यक्ति दिनांक 12.06.2025 से 21.06.2025 तक "चतरा जिला परिषद कार्यालय" मो0 10,000/– (दस हजार रू0) की डिमाण्ड ड्राफ्ट जो "**DDC CUM CEO DISTRICT BOARD CHATRA**" के नाम से भुगतेय हो जमा कर फार्म प्राप्त कर सकता है।

| भवन का नाम | न्यूनतम डाक की राशि (एक वर्ष के लिए) | जमानत की राशि |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| भारत माता कल्याण मण्डप, सिमरिया | 300000.00 (रू0 तीन लाख) | 75000.00 (रू0 पचहत्तर हजार) |

नियम शर्ते –

1. आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि – दिनांक 23.06.2025 के अपराह्न 05.00 बजे तक।
2. डाकबोली की तिथि एवं समय – दिनांक 24.06.2025 के अपराह्न 02.00 बजे।
3. स्थान – जिला परिषद सभाकक्ष, चतरा
4. डाक बोली में उसी डाकवक्ता को भाग लेने की अनुमति दी जायेगी, जो वांछित कागजात (Technical Bid) की अहर्ता रखता हो। वांछित कागजात में सफल डाकवक्ता की सूची कार्यालय नोटिस बोर्ड पर प्रदर्शित किया जायेगा।
5. बन्दोबस्ती की न्यूनतम डाक की राशि मो0 300000.00 (तीन लाख रू0) प्रति वर्ष (तीन वर्ष के लिए–900000.00 (नौ लाख रू0) के लिए निर्धारित की गयी है। उच्चतम बोली द्वारा निर्धारित राशि पर बंदोबस्तीधारी को सरकार द्वारा निर्धारित GST अतिरिक्त भुगतान करना होगा।
6. सुरक्षित/जमानत की राशि मो0 75000.00 (पचहत्तर हजार रू0) बैंक ड्राफ्ट द्वारा "उप विकास आयुक्त–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद, चतरा" के पदनाम से जिला परिषद, चतरा कार्यालय में जमा करना अनिवार्य होगा। असफल जमाकर्त्ताओं की जमानत की राशि डाक समाप्ति के तुरंत बाद वापस कर दी जायेगी।
7. डाकवक्ता को जिला के स्थायी निवासी होने पर वरीयता प्रदान की जायेगी।
8. जिला परिषद में किसी भी प्रकार का बकाया रखने वाले व्यक्ति/फर्म बन्दोबस्ती हेतु डाक में भाग नहीं लेगें।
9. अद्योहस्ताक्षरी को बिना कारण बताये डाक को रद्द करने का अधिकार सुरक्षित है।
10. अन्य डाक की नियम एवं शर्तों की विस्तृत जानकारी जिला परिषद कार्यालय के सूचना पट्ट एवं www.chatra.nic.in पर देखा जा सकता है, जो इस सूचना का एक अभिन्न अंग होगा।

उप विकास आयुक्त–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,
जिला परिषद, चतरा

PR 354573 District (25-26)_D



झारखण्ड सरकार

स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग

कार्यालय, झारखण्ड राज्य आयुष चिकित्सा परिषद्, राँची

E-mail- registrarjhayushmc@gmail.com

**सूचना**

विज्ञापन सं०– 01/2025 दिनांक– 10.06.2025

आयुश निदेशालय अन्तर्गत झारखण्ड राज्य आयुष चिकित्सा परिषद, राँची में पंजीकरण (स्थायी एवं अस्थायी), प्रमाणन, डेटा संशोधन अथवा अन्य प्रक्रियाओं हेतु अधिकृत वेबसाइट – https://amc.jharkhand.gov.in है। कोई भी आवदेक इस वेबसाइट के अलावा अन्य वेबसाईट का उपयोग न करें।

झारखण्ड राज्य आयुष चिकित्सा परिषद, राँची के संज्ञान में आया है कि फर्जी वेबसाईट —https://jsamc.in पर आयुश के चिकित्सकों से निबंधन हेतु Online आवेदन आमंत्रित किया जा रहा है। राज्य के आयुष चिकित्सकों को सूचित किया जाता है कि परिषद् के अधिकृत वेबसाईट का ही उपयोग करें। परिषद् का अन्य कोई वेबसाईट नहीं है। अगर कोई भी व्यक्ति झारखण्ड राज्य आयुश चिकित्सा परिषद्, राँची के नाम से संचालित किसी भी अन्य फर्जी वेबसाईट पर निबंधन हेतु आवेदन करता है तो यह कानूनन जुर्म की श्रेणी में आएगा।

ह0/-
निबंधक
झारखण्ड राज्य आयुष चिकित्सा परिषद्,, राँची।

PR.NO.354595 Health Med Edu and Family Welfare(25-26):D

### पुलिस ने चलाया नशा मुक्ति जागरूकता अभियान

**रांची।** मंगलवार को कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोय के नेतृत्व में कोतवाली थाना, डेली मार्केट थाना, हिंदपीढ़ी थाना और महिला थाना अंतर्गत विभिन्न स्थानों में आम लोगों के साथ बैठक कर नशा मुक्ति से संबंधित जागरूकता अभियान चलाया गया। साथ ही सभी को नशा मुक्त भारत का शपथ दिलवाया गया।

### कई तेज रफ्तार बाइक को किया गया जब्त

**रांची।** रांची शहर में तेज रफ्तार से तेज बाइक चालने वालों के चलते कई लोगों की जान जा चुकी है। वहीं कई लोग बड़े हादसे का शिकार हो चुके हैं। आए दिन इन बाइकर्स के चलते राहगीरों को खासी परेशानी उठानी पड़ती है। ऐसे ही बाइकर्स पर नकेल कसने के लिए सदर थाना की पुलिस ने बड़ी कारवाई की है। पुलिस की इस मुहिम में अब तक दर्जनों बाइक जब्त किया गया है। थाना प्रभारी कुलदीप के नेतृत्व में सदर थाना क्षेत्र से बड़ी संख्या में बाइक जब्त की गई है।

### 13 जून तक बारिश होने की संभावना

**रांची।** मौसम विभाग के अनुसार, मंगलवार से झारखंड में बारिश की शुरुआत हुई है जिसका असर अगले 13 जून तक जारी रहने की आशंका है। इस दौरान गरज-चमक के साथ तेज बारिश की संभावना है। वहीं, 11 जून के बाद से झारखंड के कई हिस्सों में मानसून की बारिश शुरु हो सकती है। विभाग ने येलो अलर्ट जारी किया है और लोगों को सावधान रहने की बात कही है।

## मोदी सरकार के 11 साल पूरे होने पर प्रोफेशनल मीट का आयोजन

# भाजपा सत्ता के लिए नहीं ,राष्ट्र सेवा के लिए समर्पित पार्टी : स्मृति ईरानी

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** मोदी सरकार के 11 साल बेमिसाल के उपलक्ष्य में रांची महानगर और ग्रामीण जिला भाजपा के संयुक्त तत्वावधान में लेक गार्डन अरगोड़ा में प्रोफेशनल मीट का आयोजन हुआ। प्रोफेशनल मीट में बड़ी संख्या में अधिवक्ता, डॉक्टर, प्राध्यापक, शिक्षक, इंजीनियर, सीए, सीएस, व्यवसाई शामिल हुए। इस अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि बोलते हुए पूर्व केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने कहा कि सबके साथ और सहयोग के कारण आज मोदी सरकार के 11 वर्ष बेमिसाल पूरे हो रहे। तीसरी बार मोदी सरकार भारत की जनता का आशीर्वाद है।

कहा कि मोदी जी के नेतृत्व में भाजपा सरकार सत्ता के लिए नहीं बल्कि गांव, गरीब, किसान व महिला की सेवा के लिए समर्पित है। भाजपा सत्ता की नहीं राष्ट्र की उन्नति के लिए संकल्पित है।

उन्होंने कहा कि विश्व की सबसे बड़ी पार्टी जो डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी, पंडित दीन दयाल उपाध्याय के बलिदान और करोड़ो कार्यकर्ताओं के त्याग तपस्या से सिंचित पार्टी है।

कहा कि मोदी सरकार गरीबों, महिलाओं, किसानों के कल्याण के लिए समर्पित है। करोड़ों रुपए इनके विकास पर खर्च हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि एक जमाने में देश ने यह भी देखा है कि कांग्रेस के कार्यक्रमों में 5-10 हजार रुपये के भोजन प्लेट परोसे जाते थे जबकि आज मोदी सरकार में 81 करोड़ गरीबों की थाली में भोजन परोसने का कार्य कर रही। कहा कि गरीब कल्याण, महिला सशक्तिकरण के साथ राष्ट्र का सम्मान मोदी सरकार सुनिश्चित कर रही। कहा कि धारा 370 हटाने पर खून की नदियां बहने की बात करने वाले लोगों ने देखा कि एक मच्छर भी इससे नहीं मरा। कहा कि आज मोदी सरकार के ऐतिहासिक कार्यों की प्रशंसा आज विरोधी भी करने को मजबूर हैं।

उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर ने आतंकवाद की जड़ों पर प्रहार कर उसे नेस्तनाबूद करने का काम किया है। आज दुनिया देख चुकी है कि भारत की ओर आंख उठाकर देखने का परिणाम क्या होगा। आज बढ़ता भारत, बदलता भारत ,आत्म निर्भर भारत ,स्वाभिमानी भारत उभर कर आया है।

कार्यक्रम में प्रदेश महामंत्री एवं सांसद आदित्य साहू, विधायक सीपी सिंह, नवीन जायसवाल, महानगर जिलाध्यक्ष वरुण साहू, ग्रामीण जिला अध्यक्ष धीरज महतो, आरती कुजूर, विकास प्रीतम, आरती सिंह, सरोज सिंह, दीपक बंका, शिवपूजन पाठक, ऊषा पांडे, सत्यनारायण सिंह, अरुण झा, लक्ष्मी कुमारी, सीमा सिंह, योगेंद्र प्रताप, अशोक बड़ाईक, सुबोध सिंह गुड्डू, बलराम सिंह, जितेंद्र वर्मा, राजू सिंह, अनिता वर्मा, वीणा मिश्रा, सुधीर श्रीवास्तव, अरविंद कुमार, मुकेश केसरी एल, अमित चौधरी, मुकेश काबरा, नीरज सिंह, तद्दाश बाकची, प्रज्ञा तिवारी, दीना पांडे, अंकित वर्मा, करण कुमार, मनीत मोहन, रुचि कुमारी, अभिषेक रामदीन, डॉ तान्या सहित बड़ी संख्या में प्रोफेशनल और पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### देश को लूटने वालों के घर से पैसे निकाल रही मोदी सरकार : बाबूलाल मरांडी

बाबूलाल मरांडी ने कहा कि देश में सुशासन और सुरक्षा को मोदी सरकार ने सुनिश्चित किया है। कांग्रेस के 60 वर्षों के शासन ने उग्रवाद,आतंकवाद और भ्रष्टाचार को बढ़ावा दिया। ग्रामीण लोगों को उग्रवादियों के भय से घर बार को छोड़कर भागना पड़ा था। लेकिन आज मोदी सरकार ने नक्सल उन्मूलन की दिशा में बड़ा कार्य किया है। कहा कि आंतरिक और बाह्य दोनों प्रकार की सुरक्षा को मोदी सरकार ने सुनिश्चित किया है। दुश्मनों को एयर स्ट्राइक,सर्जिकल स्ट्राइक ,और ऑपरेशन सिंदूर से अभूतपूर्व जवाब दिए जा रहे। कहा आज का भारत चिट्ठी नहीं लिखता बल्कि जवाब देता है।

### झारखंड भाजपा ने बनाया व संवारेगी : डॉ रविंद्र राय

कार्यकारी अध्यक्ष डॉ रविंद्र कुमार राय ने कहा कि अलग झारखंड प्रदेश भाजपा की देन है और भाजपा इसे संवारेगी। उन्होंने कहा कि भाजपा झारखंड में व्याप्त भ्रष्टाचार,धर्मांतरण, उग्रवाद, विदेशी घुसपैठ के खिलाफ लड़ाई लड़ती रहेगी।

# यूपीएससी की आरटी थ्री परीक्षा 15 जून को, तैयारी की समीक्षा

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** संघ लोक सेवा आयोग की 15 जून को रांची में होने वाली आरटी थ्री परीक्षा तैयारियों पर मंगलवार को प्रमंडलीय आयुक्त अंजनी मिश्र की अध्यक्षता में बैठक हुई। सुबह 9:30 से 11:30 बजे तक होने वाली परीक्षा राजकीय बालिका प्लस टू स्कूल बरियातू में होगी। इसमें 527 अभ्यर्थी शामिल होंगे। आयुक्त ने बताया कि 14 और 15 जून को केंद्र पर कोई अन्य कार्यक्रम नहीं होंगे। प्रतिनियुक्त पदाधिकारियों को समय से प्रश्न पत्रों के पैकेट पहुंचाने व उत्तर पुस्तिका, जरूरी कागजात जीपीओ में जमा करना सुनिश्चित करने को कहा है। आयुक्त ने पुलिस विभाग को निर्देश दिया कि पदाधिकारियों के साथ पुलिस बल को लगाया जाए। पुलिस दल परीक्षा की तिथि को ससमय पदाधिकारी को रिपोर्ट करेंगे। सभी परीक्षा उप केंद्रों पर विधि व्यवस्था संधारण एवं स्टैटिक दंडाधिकारी के साथ एक चार का पुलिस बल एवं एक अलग पुलिस दल जिसमें तीन पुरुष एवं दो महिला अनिवार्य रूप से प्रतिनियुक्त रहेंगे। बैठक में आयुक्त के सचिव आलोक कुमार, सोनाहातू के अंचल अधिकारी मनोज कुमार महथा, कांके के प्रखंड विकास पदाधिकारी विजय कुमार एवं अन्य मौजूद थे।

# संभावित उद्यमिता कार्यक्रम के लिए 215 उद्यमियों ने किया आवेदन

**नवीन मेल संवाददाता**

- **स्क्रूटनी के बाद 100 उद्यमियों का किया जाएगा चयन**
- **स्थानीय प्रतिभाओं को प्रेरित करने के लिए जिला प्रशासन ने की है पहल**

**रांची।** संपन्न उद्यमशील पारिस्थितिकी तंत्र विकसित करने के लिए जिला प्रशासन द्वारा पहल करते हुए संभावित उद्यमिता कार्यक्रमकी शुरुआत की गई। 15 मई को उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री ने कार्यक्रम की लॉन्चिंग की गई थी। आवेदन के लिए निर्धारित समय 31 मई तक 215 उद्यमियों के आवेदन प्राप्त हुए हैं।

कार्यक्रम के लिए प्राप्त कुल 215 आवेदन में से 100 उद्यमियों का चयन स्क्रूटनी के माध्यम से किया जाएगा। समिति द्वारा विभिन्न मानकों के आधार पर इन उद्यमियों का चयन किया जाएगा। कार्यक्रम के तहत चयनित 100 स्थानीय प्रतिभाओं की पहचान कर उनका पोषण और उन्हें नवाचार और निर्माण की प्रेरणा दी जाएगी। उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री के दिशा-निर्देश में आर्थिक परिवर्तन के उत्प्रेरक के रूप में तैयार की गई यह पहल महत्वाकांक्षी उद्यमियों को उनके विचारों को व्यवहार्य उद्यमों में बदलने के लिए मार्गदर्शन, कौशल विकास, वित्त पोषण के अवसर और एक मजबूत समर्थन नेटवर्क तक पहुंच प्रदान करेगी। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम युवाओं, महिलाओं और कम प्रतिनिधित्व वाले समुदायों पर ध्यान केंद्रित करेगा, यह सुनिश्चित करते हुए कि उद्यमिता समाज के सभी वर्गों में सशक्तिकरण का एक साधन बन जाए।

## पृष्ठ एक के शेष

**‘संकल्प से सिद्धि’ चौपाल में पलामू सांसद ने...**

और उनसे योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की। इस अवसर पर कुड़वा मोड़ पहुंचने पर ग्रामीणों ने सांसद श्री राम का गर्मजोशी से स्वागत किया। स्थानीय युवाओं के सहयोग से मोटरसाइकिल जागरूकता रैली भी निकाली गई। इसके बाद चौपाल स्थल पर उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए सांसद ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत की वैश्विक पहचान और विकास यात्रा को रेखांकित किया। उन्होंने उपस्थित लोगों को ‘विकसित भारत’ के संकल्प की शपथ भी दिलाई। उन्होंने कहा कि आज भारत दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है और यह मोदी सरकार की दूरदर्शी नीतियों का परिणाम है। “ऑपरेशन सिन्दूर” का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि भारत की सेनाओं ने जिस पराक्रम और सटीकता से सीमा पार आतंकवादी ठिकानों को ध्वस्त किया है, उसने हर भारतीय को गौरवांवित किया है। यह आतंक के खिलाफ वैश्विक लड़ाई को नया विश्वास और प्रेरणा देता है। कार्यक्रम के अंत में सांसद ने पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का भी संदेश दिया। मौके पर जिला सांसद प्रतिनिधि विजय ओझा, पाटन मंडल अध्यक्ष संजय सिंह, किशनपुर मंडल अध्यक्ष संतोष पांडेय, सांसद प्रतिनिधि सुमन गुप्ता, महिला मोर्चा अध्यक्ष नीलिमा झा, भाजपा नेता ईश्वरी पांडेय, सांसद निजी सचिव अलख दुबे, कौशल झा, भोला पांडेय, बबलू उपाध्याय, लखन कश्यप, अनिल सोनी, धर्मेंद्र पासवान समेत सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित रहे।

**जनप्रतिनिधियों की बात नहीं सुनने पर...**

कठोर अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी, जिसकी जिम्मेदारी वे स्वयं वहन करेंगे। यह आदेश पुलिस उप महानिरीक्षक द्वारा 09 जून को जारी किया गया है, जिसकी प्रतिलिपि तीनों जिलों के पुलिस अधीक्षकों को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित की गई है।

**कैंसर की तरह समाज में फैल रही है ...**

स्वास्थ्य मंत्री डॉ अंसारी ने कहा कि झारखंड के विभिन्न जिलों खासकर रांची, खूंटी में अफीम की खेती की रोकथाम के लिए कार्रवाई की गई है। उन्होंने कहा कि नशे के खिलाफ हमारा प्रयास जारी है और काफी हद तक इसमें रोक लगाने में सफलता भी पाई है। लेकिन, हमारा लक्ष्य अफीम की खेती को पूरी तरह से खत्म करना है। अफीम की खेती का बड़े पैमाने पर विनष्टीकरण किया गया है, जो सरकार की उपलब्धि है। मंत्री ने कहा कि नशा सामाजिक, मानसिक और आर्थिक रूप से लोगों को बर्बाद कर रहा है। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवाओं और लोगों को नशे की लत से बाहर निकालना है। अभियान के तहत सभी जिलों में प्रचार वाहन जाएंगे, स्कूलों और कॉलजो में जागरूकता कार्यक्रम चलाए जाएंगे। डॉ इरफान अंसारी ने कहा कि राज्य में 10,134 मेडिकल स्टोर में 4,000 से अधिक स्टोरों में सीसीटीवी का प्रावधान किया जा चुका है। शेष में लगाने की प्रक्रिया चल रही है। झारखंड में सबसे ज्यादा युवा नशे की चपेट में है। हमें झारखंड के लोगों को नशे की चपेट से बाहर निकलना है। उन्होंने गुटखा खाने के दुष्परिणाम के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि लोगों को नशे के दुष्परिणाम के बारे में जागरूक करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि नशा सभी बीमारियों की जड़ है, नशे के चक्कर में पड़ कर युवा कम उम्र में ही इसकी गिरफ्त में आकर अपनी जिंदगी बर्बाद कर रहे हैं। हमें उन्हें जागरूक करना होगा। यह सिर्फ 14 दिन का कार्यक्रम नहीं है, बल्कि यह कार्यक्रम पूरे साल भर चलना चाहिए। इस अवसर पर मंत्री डॉ इरफान अंसारी के अलावे पर्यटन सचिव मनोज कुमार, सचिव समाज कल्याण विभाग मनोज कुमार, सचिव स्कूली शिक्षा उमाशंकर सहित अन्य विभागों के पदाधिकारी और पुलिस विभाग के पदाधिकारी सहित कई गण्यमान्य लोग उपस्थित थे।

**राज्यवासियों को मिलेगी दो रिम्स की सौगात :** स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने कहा कि झारखंड को जल्द ही रिम्स-दो की सौगात मिलेगी। साथ ही, यहां छह नए मेडिकल कॉलेज और दो टेस्टिंग लैब भी खुलेंगे, जिससे कि यहां के लोगों को बाहर इलाज के लिए परेशान न होना पड़े। राज्य के स्वास्थ्य विभाग से संबंधित इंफ्रास्ट्रक्चर्स को भी मजबूत किया जाएगा।

**कैंसर की तरह समाज में फैल रहा है नशे की लत :** अपर मुख्य सचिव अजय कुमार ने कहा कि मादक पदार्थों का दुरुपयोग पूरे समाज में फैल गया है। युवा वर्ग इसके सेवन के आदी हो चुके हैं। ये कैंसर की तरह समाज में फैल रहा है, फिर भी हम इस खुल कर बात नहीं कर पा रहे। हमें लोगों को इसके दुष्परिणाम के बारे में बताना होगा। जनजागरूकता के माध्यम से हमें उन युवाओं और बच्चों को समझाना है न कि डंडे के माध्यम से। हमें हाई स्कूल स्तर से ही इस दिशा में काम करने की जरूरत है। छोटी उम्र के बच्चों और युवाओं के बीच जागरूकता अभियान चलाना है। उन्होंने बताया कि इस कार्यशाला के माध्यम से जानकारी दी जाएगी कि कैसे नशा मुक्ति से रोकने के लिए कार्य करना है।

**नशा से कानून व्यवस्था के लिए भी चुनौती पैदा होती है :** गृह विभाग की प्रधान सचिव वंदना दादेल ने कहा कि झारखंड में निषिद्ध मादक पदार्थों के दुरुपयोग की समस्या से हम सब परिचित हैं। नशे में पड़ कर लोग वित्तीय तनाव, घरेलू हिंसा और जैसी समस्याओं का सामना करने लगते हैं। इतना ही नहीं, आपराधिक गतिविधियों में भी शामिल हो जाते हैं, जो समाज और कानून व्यवस्था के लिए चुनौती पैदा करती है। युवाओं में इसका सेवन अधिक देखने को मिलता है इस बारे में हमें खुल कर बात करनी होगी। हम सबों को एक साथ मिल कर इस समस्या को जड़ से उखाड़ फेंकने की जरूरत है।

**नशे के सौदागरों को डाला जाएगा जेल में :** डीजीपी अनुराग गुप्ता ने कहा कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है, जो खुशी की बात है। झारखंड में ड्रग्स की बात की जाए, तो यह अफीम के लिए एक बड़ा केंद्र बन चुका है। शहरी क्षेत्रों के बच्चे ब्राउन शुगर, हेरोइन एवं अन्य ड्रग्स की चपेट में आ चुके हैं, जो चिंता की बात है। झारखंड में अप्रत्याशित अफीम की खेती को नष्ट करने का काम हमने किया है। अब अफीम की खेती करने वाले लोगों को सख्त सजा देने का समय आ गया है, ताकि लोग खेती करना बंद करें। सरकार की ओर से संदेश जाना चाहिए कि जो भी अफीम की खेती करेगा, ब्राउन शुगर, गांजा के ट्रेड करेगा, जेल में डाला जाएगा ।

**स्कूलों एवं कॉलेजों में चलाया जाएगा जागरूकता अभियान :** उच्च शिक्षा विभाग के प्रधान सचिव राहुल पुरवार ने कहा कि स्कूलों एवं कॉलेजों के आसपास नशा के व्यापार को पूरी तरह से बंद करने की जरूरत है। पिछले 2-3 वर्षों से गृह विभाग द्वारा नशा के खिलाफ जो आयोजन किये जा रहे हैं, उसका सकारात्मक प्रभाव दिख रहा है। हम एक्सेस, तकनीक और बिहेवियर चेंज के द्वारा इस सप्लाई चेन को रोक सकते हैं। इस बिहेवियर पैटर्न पर स्टडी करने की जरूरत है कि आखिर किन कारणों से बच्चे इसके सेवन के आदी हो जाते हैं। इस संबंध में हमें एजुकेशन प्रोग्राम चलाने की जरूरत है। नशे के कारोबार को बच्चों तक की पहुंच से रोकना होगा।

**चतरा में बड़ी संख्या में...**

सफलता मिली है और आगे भी पुलिस इन संगठनों के खिलाफ कार्रवाई करेगी। गिरफ्तार उग्रवादी टीएसपीसी के लिए काम करता था और पूर्व में वह जेल जा चुका है। उसका आपराधिक इतिहास रहा है। छापेमारी अभियान में लावालौंग थाना प्रभारी रूपेश कुमार, पुलिस अवर निरीक्षक सूर्य प्रताप सिंह, सअनि विधायक प्रसाद यादव, हवलदार वीरेंद्र प्रसाद, मक्खन लाल मरांडी सहित आईआरबी के जवान शामिल थे।

**विकास के साथ विरासत हुई...**

5 लाख तक बढ़ाई गई। स्मृति ईरानी ने कहा कि भारत ने कोविड काल में सिर्फ 140 करोड़ लोगों की जान नहीं बचाई, बल्कि 160 राष्ट्रों तक वैक्सीन देकर विश्व बंधुत्व की सोच को भी मजबूत किया। उन्होंने कहा कि जम्मू कश्मीर में हाल में उद्घाटित विश्व के सबसे ऊंचे रेलवे ब्रिज की सराहना विपक्षी दल के मुख्यमंत्री ने की कि ये है मोदी सरकार का ‘सबका साथ, सबका विकास।’ पूर्व केंद्रीय मंत्री ईरानी ने कहा कि देश की नारियों की पूजा शक्ति, लक्ष्मी और सरस्वती के रूप में हुई, लेकिन ‘सिंदूर’ ऑपरेशन ने एक नए शौर्य, साहस और धैर्य को प्रकट किया है। उन्होंने कहा कि भारत का स्वदेशी रक्षा तंत्र आज तेजी से आगे बढ़ रहा। भारत के रक्षा उपकरणों का निर्यात 34 गुना बढ़ गया है। स्मृति ईरानी ने कहा कि धारा 370 की समाप्ति, अयोध्या राम मंदिर निर्माण, काशी विश्वनाथ, महाकाल कॉरिडोर निर्माण जैसे कार्य भारत की राष्ट्रीय एकात्मता और सांस्कृतिक विरासत को समर्पित रहा है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ‘सबका साथ, सबका विकास’ को साकार कर रही हैं। आज मोदी सरकार में 68 प्रतिशत मंत्री एसटी एससी और ओबीसी वर्ग से हैं। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा कि आज भाजपा कार्यकर्ता सेवा, सुशासन, गरीब कल्याण के कार्यों को तेजी से धरातल पर उतारने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनके कैबिनेट के सभी मंत्रीगण का आभार प्रकट करते हैं। प्रेसवार्ता में कार्यकारी अध्यक्ष डॉ रवींद्र कुमार राय, प्रदेश महामंत्री एवं सांसद आदित्य साहू, प्रदेश मीडिया प्रभारी शिवपूजन पाठक उपस्थित थे।

**ऑपरेशन सिंदूर’ के जरिये भारत ने दिया...**

वैश्विक मंच पर यह संदेश दिया कि वह आतंकवाद के खिलाफ निर्णायक कदम उठाने से पीछे नहीं हटेगा। सेवानिवृत्त नायब सूबेदार दिनेश कुमार गुप्ता ने कहा कि अब समय आ गया है कि संयुक्त राष्ट्र पाकिस्तान में पनप रहे आतंकवाद के विरुद्ध ठोस और कठोर कदम उठाए। उन्होंने चेतावनी दी कि पाकिस्तान को समझना चाहिए कि वह भारत से प्रत्यक्ष युद्ध में कभी भी नहीं जीत सकता। बेहतर होगा कि वह आतंकियों को समर्थन देना तत्काल बंद करे, अन्यथा उसका हश्र और भी भयावह हो सकता है।

### मंत्री का बयान दलितों के जख्मों पर नमक छिड़कने जैसा : विजय शंकर



**रांची।** मंत्री राधाकृष्ण किशोर के हालिया बयान पर आदिवासी मूलवासी जनाधिकार मंच के केंद्रीय उपाध्यक्ष विजय शंकर नायक ने कहा है कि मंत्री का यह बयान दलित समुदाय के जख्मों पर नमक छिड़कने जैसा है। नायक ने कहा कि राधाकृष्ण किशोर का यह बयान दलितों को गुमराह कर वोट हथियाने की साजिश है। उन्होंने आरोप लगाया कि झामुमो-कांग्रेस गठबंधन सरकार ने शासन के दौरान दलितों को हर क्षेत्र में हाशिए पर रखा, अपमानित किया और उनके संवैधानिक अधिकारों की खुलेआम अनदेखी की। इसे पूरी तरह दलित प्रेम नहीं, बल्कि राजनीतिक षड्यंत्रकारी कहा जा सकता है। मंत्री का दलित प्रेम महज एक सस्ता और सियासी तमाशा है। उन्होंने सवाल उठाया कि अगर दलितों की हालत इतनी ही खराब है, तो राधाकृष्ण किशोर और उनकी सरकार अब तक क्यों सोती रही। उल्लेखनीय है कि मंत्री ने कुछ दिनों पूर्व कहा था कि राज्य में दलितों की स्थिति आदिम जनजातियों से भी बदतर है।

### मोदी सरकार के 11 साल जश्न के पीछे छुपी जनता की पीड़ा और सवालों की आवाज : झामुमो

**रांची।** मोदी सरकार के 11 साल पूरे होने पर झारखंड में अपनी तथाकथित उपलब्धियां गिनवाने के लिए भाजपा ने स्मृति ईरानी को भेजा है, लेकिन यहां जश्न नहीं, सवाल पूछे जा रहे हैं। झारखंड की धरती पर भाजपा के दावों से ज्यादा गूंज रही है आम लोगों की पीड़ा और निराशा। जब पेट खाली हो, युवा बेरोज़गार हों, किसान हताश हों-तब जश्न नहीं, जवाबदेही ज़रूरी होती है। उक्त बातें झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रवक्ता व केंद्रीय सदस्य डॉ तनुज खत्री ने कही। उन्होंने कहा कि झारखंड विधानसभा ने सर्वसम्मति से आदिवासी-सरना धर्म कोड की मांग की थी। मगर केंद्र सरकार ने इस पर आज तक कोई सकारात्मक कदम नहीं उठाया।

## न्यूज बॉक्स

### राज्यपाल गंगवार से मिलीं स्मृति ईरानी



**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से मंगलवार को पूर्व केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने राज भवन में शिष्टाचार भेंट की।

### बोकारो विधायक की सदस्यता रद्द करने की मांग



**रांची।** बोकारो की विधायक श्वेता सिंह के खिलाफ “ऑफिस ऑफ प्रॉफिट” मामले में उनकी सदस्यता रद्द करवाने को लेकर भाजपा प्रदेश महामंत्री सह राज्यसभा सांसद आदित्य साहू के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल से मिला व ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में जांचोपरांत न्यायपूर्ण कार्रवाई का मांग किया। इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष सह भवनाथपुर के निवर्तमान विधायक भानु प्रताप शाही,बोकारो के निवर्तमान विधायक बिरंची नारायण उपस्थित थे।

### राज्यपाल से मिली कुरमी/कुड़मी समन्वय समिति



**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से मंगलवार को कुरमी/कुड़मी (महतो) समन्वय समिति, का एक शिष्टमंडल ने लालचंद के नेतृत्व में राज भवन में भेंट की। वहीं राज्यपाल को कुरमी/कुड़मी (महतो) जाति को अनुसूचित जनजाति की सूची में सूचीबद्ध करने के लिए पहल करने संबंधी एक ज्ञापन सौंपा।

### सीएम हेमंत से मिलीं कुलपति प्रो. कुनुल



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मंगलवार को कांके रोड स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में सिदो-कान्हु मुर्मू विश्वविद्यालय दुमका की कुलपति प्रो. (डॉ.) कुनुल कंदीर ने मुलाकात की। मुख्यमंत्री से यह उनकी शिष्टाचार भेंट थी।

### सिक्किम आईसीएफएआई विवि के कुलपति मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मिले



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मंगलवार को कांके रोड स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में आईसीएफएआई विश्वविद्यालय सिक्किम के कुलपति प्रो (डॉ) जगन्नाथ पटनायक ने शिष्टाचार भेंट की।

### मुख्यमंत्री से मिले पुलिस पदाधिकारी



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मंगलवार को कांके रोड स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में पुलिस महानिरीक्षक अभियान माईकल राज एस एवं पुलिस उप-महानिरीक्षक शैलेंद्र प्रसाद वर्णवाल ने मुलाकात की। मुख्यमंत्री से यह उनकी शिष्टाचार भेंट थी।

### पूर्व केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी का रांची एयरपोर्ट पर हुआ भव्य स्वागत



**रांची।** मोदी सरकार के 11 साल बेमिसाल के निमित्त रांची में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होने के लिए पार्टी की वरिष्ठ नेत्री और पूर्व केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी मंगलवार को रांची पहुंची। बिरसा मुंडा हवाई अड्डे पर उनका स्वागत प्रदेश महामंत्री एवंसांसद आदित्य साहू, सरोज सिंह, आरती कुजूर ने किया। श्रीमती ईरानी प्रदेश कार्यालय पहुंची जहां महिला मोर्चा ने उनका स्वागत किया। पार्टी द्वारा आयोजित चित्र प्रदर्शनी का उद्घाटन स्मृति ईरानी, प्रदेश अध्यक्ष एवं नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी, कार्यकारी अध्यक्ष डॉ रविंद्र कुमार राय, संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह, महामंत्री सांसद आदित्य साहू ने किया। प्रदेश कार्यालय में प्रदेश अध्यक्ष एवं नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी, प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने अंगवस्त्र और स्मृति चिन्ह देकर श्रीमती ईरानी का स्वागत किया।

# धोनी आईसीसी के हॉल ऑफ फेम में शामिल

## बोले- मेरे लिए गर्व की बात



**नई दिल्ली । एजेंसी**

नई दिल्ली भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान महेन्द्र सिंह धोनी को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने हॉल ऑफ फेम में शामिल किया है। सोमवार को आईसीसी ने इसकी घोषणा की। धोनी यह सम्मान पाने वाले 11वें भारतीय खिलाड़ी बन गए हैं। आईसीसी ने धोनी के करियर को लेकर कहा, "17,266 इंटरनेशनल रन, 829 शिकार और 538 मैच... ये आंकड़े सिर्फ उनकी प्रतिभा ही नहीं, बल्कि उनकी निरंतरता, फिटनेस और लंबे करियर का प्रमाण हैं। वहीं, धोनी ने इस सम्मान पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा, आईसीसी हॉल ऑफ फेम में नाम आना एक बहुत बड़ा सम्मान है। दुनियाभर के दिग्गज खिलाड़ियों की सूची में अपना नाम देखना मेरे लिए गर्व की बात है। यह पल मैं हमेशा संजोकर रखूंगा।

**5 पुरुष और 2 महिला क्रिकेटर लिस्ट में शामिल :** आईसीसी की ओर से हॉल ऑफ फेम 2025 की लिस्ट में कुल 7 खिलाड़ियों को शामिल किया गया है। इनमें 5 पुरुष और 2 महिला खिलाड़ी हैं। पुरुष खिलाड़ियों में दक्षिण अफ्रीका के हाशिम अमला, भारत के महेंद्र सिंह धोनी, ऑस्ट्रेलिया के मैथ्यू हेडन, दक्षिण अफ्रीका के ग्रीम स्मिथ और न्यूजीलैंड के डेनियल विटोरी शामिल हैं। वहीं, महिला क्रिकेटरों में पाकिस्तान की सना मीर और इंग्लैंड की सारा टेलर को यह सम्मान मिला है।

वहीं, आईसीसी ने बताया कि 2007 में जब भारत ओडीआई वर्ल्ड कप में जल्दी बाहर हो गया था, तब मुश्किल परिस्थिति में T20 वर्ल्ड कप के लिए धोनी को कप्तान बनाया गया। उस युवा टीम में रोहित शर्मा, आरपी सिंह, दिनेश कार्तिक और रॉबिन उथप्पा जैसे नए चेहरे थे। धोनी ने इन खिलाड़ियों के साथ ऐसा आत्मविश्वास दिखाया कि भारत ने फाइनल में पाकिस्तान को हराकर खिताब जीता।

धोनी अब तक के एकमात्र भारतीय कप्तान हैं जिन्होंने भारत को तीनों आईसीसी ट्रॉफी – 2007 T20 वर्ल्ड कप, 2011 ODI वर्ल्ड कप और 2013 चैंपियंस ट्रॉफी जिताई हैं। उनके नेतृत्व में भारत टेस्ट में भी नंबर-1 टीम बना। हालांकि उन्होंने 15 अगस्त 2020 को इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास ले लिया था, लेकिन आईपीएल में अब भी खेल रहे हैं।

### आईसीसी चेयरमैन जय शाह ने बधाई दी

आईसीसी चेयरमैन जय शाह ने कहा कि हॉल ऑफ फेम के जरिए हम उन खिलाड़ियों को सम्मान देते हैं जिन्होंने शानदार खेल दिखाकर क्रिकेट को खास बनाया और नई पीढ़ियों को प्रेरित किया। जय शाह ने कहा, "इस साल हमें 7 बेहतरीन खिलाड़ियों को आईसीसी हॉल ऑफ फेम में शामिल करने का मौका मिला है। मैं आईसीसी की तरफ से सभी को दिल से बधाई देता हूं। उम्मीद है यह सम्मान उनके लिए एक यादगार पल होगा।

# निकोलस पूरन ने सिर्फ 29 की उम्र में लिया अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास

- **निकोलस पूरन ने 2014 के अंडर-19 पुरुष क्रिकेट विश्व कप में वेस्टइंडीज का प्रतिनिधित्व किया था**

**नई दिल्ली । एजेंसी**



10 जून (आईएएनएस)। वेस्टइंडीज के विकेटकीपर-बल्लेबाज निकोलस पूरन ने इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास का ऐलान कर दिया है। पूरन के अचानक लिए गए इस फैसले ने उनके फैंस को हैरान कर दिया है। आईसीसी ने मंगलवार को इसकी पुष्टि की है।

कुछ दिनों पहले ही साउथ अफ्रीका के विकेटकीपर-बल्लेबाज हेनरिक क्लासेन ने इंटरनेशनल क्रिकेट को अलविदा कहने की घोषणा की थी, जिसके बाद एक और मशहूर विकेटकीपर-बल्लेबाज का संन्यास क्रिकेट प्रेमियों को चौंका गया। 29 वर्षीय निकोलस पूरन ने संन्यास का ऐलान करते हुए अपने इंस्टाग्राम पर लिखा, "मैंने काफी सोचने और विचार-विमर्श करने के बाद इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास का ऐलान किया है।

यह खेल जिससे हम प्यार करते हैं, उसने बहुत कुछ दिया है और देता रहेगा। मैरून जर्सी पहनना, एंथम के लिए खड़े होना, और हर बार मैदान पर उतरते समय अपना सब कुछ देना... इसे शब्दों में बयां करना मुश्किल है कि इसका मेरे लिए क्या मतलब है। टीम का कप्तान होना एक ऐसा सौभाग्य है, जिसे मैं हमेशा अपने दिल के करीब रखूंगा। उन्होंने आगे लिखा, "फैंस के लिए- आपके अटूट प्यार के लिए धन्यवाद।

# प्रो लीग : लगातार दो हार के बाद अर्जेंटीना के खिलाफ जीत की राह पर लौटना चाहेगा भारत

**एम्सटेलवीन । एजेंसी**

लगातार दो मैच हार चुकी भारतीय पुरूष हॉकी टीम को अर्जेंटीना के खिलाफ बुधवार को एफआईएच प्रो लीग के यूरोप चरण के अगले मैच में आखिरी मिनटों में गोल गंवाने और पेनल्टी कॉर्नर तब्दील नहीं कर पाने की अपनी कमजोरी से पार पाना होगा। भारतीय टीम के लिये यूरोप चरण की शुरूआत खराब रही और उसे नीदरलैंड ने पहले दो मैचों में 2.1 और 3.2 से हराया। दोनों मैचों में भारत ने बढत बनाने के बाद आखिरी मिनटों में गोल गंवाए।



इसके अलावा भारत को पेनल्टी कॉर्नर भी बेहतर करना होगा। पिछले मैच में नौ में से एक पेनल्टी कॉर्नर को ही भारतीय टीम गोल में बदल सकी। अभी इस चरण में छह मैच खेले जाने बाकी हैं और भारत 15 अंक के साथ चौथे स्थान पर है। प्रो लीग के जरिये अगले साल होने वाले विश्व कप में जगह बनाने की कोशिश में जुटी भारतीय टीम को बाकी मैचों में बहुत अच्छा प्रदर्शन करना होगा।

अब भारत को अर्जेंटीना से दो मैच खेलने हैं जिसके बाद आस्ट्रेलिया और फिर बेल्जियम का सामना करना होगा। कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने कहा, 'हमें पता है कि अर्जेंटीना के खिलाफ कड़ी चुनौती होगी। टीम काफी मेहनत कर रही है और हमें अच्छे प्रदर्शन का यकीन है।

### बेंगलुरु भगदड़ मामला

# कर्नाटक हाई कोर्ट ने सीलबंद लिफाफे में जवाब दाखिल करने का दिया आदेश

**कर्नाटक (आईएएनएस)**

कर्नाटक उच्च न्यायालय ने मंगलवार (10 जून) को राज्य को बेंगलुरु भगदड़ मामले में सीलबंद लिफाफे में अपना जवाब पेश करने की अनुमति दे दी। इस मामले में अगली सुनवाई 12 जून को होगी। कोर्ट ने इस हादसे का स्वतः संज्ञान लिया था। बेंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में चार जून को रॉयल चैलेंजर बेंगलुरु (आरसीबी) की जीत का जश्न मनाने आए फैंस के बीच भगदड़ मची थी, जिसमें 11 लोगों की मौत हुई। इस मामले पर अगले दिन हाई कोर्ट स्वतः संज्ञान लिया था। अदालत इस हादसे के पीछे की वजह का पता लगाना चाहती



है। अदालत जानना चाहती है कि क्या इस हादसे को रोका जा सकता था और भविष्य में ऐसे हादसों को रोकने के लिए क्या उपाय किए जाने चाहिए। मंगलवार को सुनवाई के दौरान महाधिवक्ता शशि किरण शेट्टी ने कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश और न्यायमूर्ति सीएम जोशी की खंडपीठ के समक्ष बताया कि उन्होंने जवाब दाखिल नहीं किया है।

### भारत बनाम इंग्लैंड

# पहले ही टेस्ट में जसप्रीत बुमराह के पास इतिहास रचने का मौका

**नई दिल्ली (आईएएनएस)।** भारत और इंग्लैंड के बीच 20 जून से टेस्ट सीरीज की शुरुआत होने जा रही है, जिसके पहले ही मैच



में भारत के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह के पास इतिहास रचने का मौका होगा। लीड्स में दोनों देशों के बीच पहला टेस्ट खेला जाना है, जिसमें अपना दूसरा विकेट लेते ही जसप्रीत बुमराह पाकिस्तान के पूर्व तेज गेंदबाज वसीम अकरम का रिकॉर्ड ब्रेक कर देंगे। वसीम अकरम ने एसईएनए (साउथ अफ्रीका, इंग्लैंड, न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया) देशों में 146 विकेट झटके हैं। जसप्रीत बुमराह (145 विकेट) इस मामले में अकरम से महज एक कदम पीछे हैं। अगर बुमराह इस सीरीज में दो विकेट लेते हैं, तो वह सेना देशों में सर्वाधिक विकेट चटकाने वाले एशियाई गेंदबाज बन जाएंगे।

# दीपिका पादुकोण देशभर में खोलेंगी 'पादुकोण स्कूल ऑफ बैडमिंटन' के 75 नए सेंटर



**मुंबई (आईएएनएस)**

बॉलीवुड एक्ट्रेस दीपिका पादुकोण जितनी बेहतरीन एक्ट्रेस हैं, उतनी ही अच्छी बैडमिंटन प्लेयर रह चुकी हैं। बता दें कि वह नेशनल लेवल पर बैडमिंटन खेल चुकी हैं। एक्ट्रेस ने बताया कि वह बचपन से ही बैडमिंटन खेलते हुए बड़ी हुई हैं। इस खेल ने उनकी ज़िंदगी को नया आकार दिया है।

ऐसे में वह चाहती हैं कि और लोग भी इस खेल से जुड़ें, इसके लिए उन्होंने पूरे देश में 'पादुकोण स्कूल ऑफ बैडमिंटन' के 75 नए सेंटर खोलने का लक्ष्य रखा है। दीपिका पादुकोण ने इंस्टाग्राम पर एक तस्वीर शेयर की, जिसमें वह अपने पापा प्रकाश पादुकोण के साथ पोज देती नजर आ रही हैं। उनके पापा बैडमिंटन के जाने-माने खिलाड़ी रह चुके हैं। इस तस्वीर को शेयर करते हुए एक्ट्रेस ने लिखा, "मैंने बचपन में बैडमिंटन खेला है, और मैंने खुद महसूस किया है कि यह खेल इंसान की जिंदगी को कई तरीकों से बदल सकता है, शारीरिक, मानसिक और भावनाओं से भी। दीपिका ने बताया कि 'पादुकोण स्कूल ऑफ बैडमिंटन' (पीएसबी) के 75 नए सेंटर देशभर में खोले जा रहे हैं। पीएसबी के जरिए हम चाहते हैं कि बैडमिंटन की खुशी और अनुशासन हर क्षेत्र के लोगों तक पहुंचे।



# स्विट्जरलैंड में पीयूष गोयल की शीर्ष बिजनेस लीडर्स से मुलाकात

### व्यापार और निवेश को लेकर बैठकें



- वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने स्विट्ज़रलैंड के प्रमुख बिजनेस लीडर्स से मुलाकात की।
- भारत और स्विट्ज़रलैंड के बीच व्यापार, निवेश, साझेदारी और नए अवसरों पर चर्चा की गई।

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने स्विट्जरलैंड के प्रमुख बिजनेस लीडर्स के साथ दोनों देशों के बीच व्यापार और निवेश के रोमांचक अवसरों, साझेदारियों और नए रास्तों पर चर्चा की। मंगलवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर मंत्री ने बताया कि भारतीय कारोबारी प्रतिनिधियों के साथ उनकी शाम दिलचस्प रही। कुछ तस्वीरें शेयर करते हुए पीयूष गोयल ने लिखा, " भारत और स्विट्जरलैंड के बीच व्यापार और निवेश के रोमांचक अवसरों, साझेदारियों और नए रास्तों पर गहन चर्चा की। गोयल ने सोमवार को स्विट्जरलैंड की अपनी पांच दिवसीय आधिकारिक यात्रा शुरू की है। इस यात्रा के दौरान वह व्यापार संबंधों को और मजबूत करने के लिए स्वीडन भी जाएंगे। मंत्री पीयूष गोयल ने एक अन्य पोस्ट में लिखा, "आज स्विस संसद का दौरा करना और स्विस फेडरल काउंसलर, मेरे मित्र गाइ परमेलिन से मिलना एक शानदार अनुभव था। 1960 में चंडीगढ़ में अपने प्रवास के दौरान प्रसिद्ध स्विस-फ्रेंच वास्तुकार ली कॉर्बूसियर की बनाई गई 'कॉर्टेज' नामक कुछ कीमती 'लिथोग्राफ पेंटिंग' देखने का मौका मिला। पीयूष गोयल ने हाल ही में स्थापित आईसीएआई स्विट्जरलैंड ज्यूरिख चैप्टर के अध्यक्ष और कमेटी मेंबर्स से भी मुलाकात की। वाणिज्य मंत्री ने कहा, "बीएफएसआई (बैंकिंग, वित्तीय सेवाएं और बीमा) क्षेत्र में भारत की फिनटेक विशेषज्ञता और सहयोग के मौकों को बढ़ावा देने पर विस्तृत चर्चा हुई।

# महाराष्ट्र के पहले ग्रीन बॉन्ड की बीएसई पर हुई लिस्टिंग

**मुंबई।** महाराष्ट्र के पहले ग्रीन बॉन्ड की बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) पर मंगलवार को लिस्टिंग हुई। यह ग्रीन बॉन्ड पिंपरी चिंचवड महानगरपालिका (पीसीएमसी) की ओर से जारी किया गया है। पिंपरी चिंचवड महानगरपालिका के आयुक्त शेखर सिंह ने समाचार एजेंसी आईएएनएस से बातचीत करते हुए कहा कि पीसीएमसी के लिए यह बहुत बड़ा दिन है। आज महाराष्ट्र के पहले और देश के तीसरे या चौथे ग्रीन बॉन्ड की लिस्टिंग हुई है। उन्होंने आगे कहा कि पीसीएमसी का यह दूसरा बॉन्ड इश्यू है। इस ग्रीन बॉन्ड को निवेशकों से शानदार प्रतिक्रिया मिली है और यह 5.1 गुना सब्सक्राइब हुआ। वहीं, इसका कूपन रेट 7.85 प्रतिशत रहा है। शेखर सिंह ने बताया कि पीसीएमसी एक एए प्लस रेटेड कॉरपोरेशन है और हमारे बॉन्ड को एए प्लस रेटिंग मिली है।

### व्हाट्सएप्प का नया फीचर

# व्हाट्सएप्प वेब में आया चैट मीडिया हब, अब फाइल्स ढूंढना होगा आसान

व्हाट्सएप्प वेब यूजर्स के लिए एक बेहद उपयोगी फीचर लाने की तैयारी की है, जिसे "चैट मीडिया हब" नाम दिया गया है। इस फीचर के जरिए अब यूजर्स अपने व्हाट्सएप्प अकाउंट में भेजे और प्राप्त किए गए सभी मीडिया कंटेंट को एक ही जगह पर आसानी से देख और मैनेज कर सकेंगे। व्हाट्सएप्प एक ऐसा प्लेटफॉर्म है जो निरंतर अपने फीचर्स को अपडेट कर यूजर्स के अनुभव को बेहतर बनाता रहता है। इस बार कंपनी ने व्हाट्सएप्प वेब यूजर्स के लिए एक बेहद उपयोगी फीचर लाने की तैयारी की है, जिसे "चैट मीडिया हब" नाम दिया गया है। इस फीचर के जरिए अब यूजर्स अपने व्हाट्सएप्प अकाउंट में भेजे और प्राप्त किए गए सभी मीडिया कंटेंट को एक ही जगह पर आसानी से देख और मैनेज कर सकेंगे।अब तक यह सुविधा केवल एंड्रॉयड और आईओएस एप यूजर्स के लिए उपलब्ध थी, लेकिन जल्द ही व्हाट्सएप्प वेब यूजर्स भी इस शानदार सुविधा का लाभ उठा सकेंगे। चैट मीडिया हबएक सेंट्रलाइज्ड ब्राउज़र की तरह काम करेगा, जो



यूजर के सभी चैट्स– चाहे वे व्यक्तिगत हों या ग्रुप – उनसे जुड़ी हुई सभी फाइल्स, फोटो, वीडियो, लिंक और डॉक्युमेंट्स को एक ही डैशबोर्ड पर पेश करेगा।

### अन्य काम के फीचर्स जो बनाते हैं इस हब को खास

*व्हाट्सएप ने इस हब को केवल मीडिया देखने तक सीमित नहीं रखा है, बल्कि कई उपयोगी ऑप्शन्स भी इसमें शामिल किए हैं:*

- **बैच ऑपरेशन्स:** यूज़र अब एक साथ कई फाइल्स को सिलेक्ट कर उन्हें डाउनलोड, फॉरवर्ड या डिलीट कर सकता है।
- **सर्च बार और सॉर्टिंग ऑप्शन:** मीडिया फाइल्स को डेट या साइज के आधार पर खोजा और फिल्टर किया जा सकता है।
- **कंटेक्स्ट व्यू:** किसी डॉक्युमेंट या लिंक के साथ यह भी दिखेगा कि वह किसने और कब भेजा था, जिससे संदर्भ समझने में आसानी होगी।

### चैट मीडिया हब फीचर में क्या-क्या मिलेगा?

*चैट मीडिया हबको तीन मुख्य टैब्स में बांटा गया है जो यूजर इंटरफेस को साफ-सुथरा और उपयोगकर्ता के अनुकूल बनाते हैं:*

1. **मीडिया टैब:** इसमें यूजर को व्हाट्सएप पर शेयर की गई सभी फोटो, वीडियो और जीआईएफ फाइल्स दिखाई देंगी।
2. **डॉक्युमेंट्स टैब :** इस सेक्शन में भेजे या प्राप्त किए गए डॉक्युमेंट्स की पूरी लिस्ट मिलेगी।
3. **लिंक टैब :** यहां यूजर को वेब लिंक दिखेंगे जो किसी भी चैट के माध्यम से साझा किए गए हैं।

### चैट मीडिया हब के क्या हैं फायदे?

1. **स्पेस मैनेजमेंट में मददगार :** यूज़र्स बड़ी साइज की मीडिया फाइल्स को पहचानकर उन्हें डिलीट कर सकते हैं, जिससे कंप्यूटर की स्टोरेज स्पेस बचाई जा सकती है।
2. **फाइल खोजने में आसानी:** कई बार हम भूल जाते हैं कि कोई जरूरी डॉक्युमेंट या फोटो किस चैट में आया था। इस सेंट्रल हब की मदद से अब उसे ढूंढना बेहद आसान होगा।
3. **बेहतर नियंत्रण:** यह हब यूजर को उनके सभी मीडिया पर बेहतर नियंत्रण देता है, जिससे वे बिना किसी श्रम के फाइल्स को एक्सेस और मैनेज कर सकें।

### क्या लॉक्ड चैट्स का मीडिया भी इसमें शामिल होगा?

इस समय यह पूरी तरह स्पष्ट नहीं है कि यह नया फीचर लॉक्ड चैट्स के मीडिया को शामिल करेगा या नहीं। लेकिन माना जा रहा है कि कंपनी इस दिशा में भी काम कर रही है, ताकि यूजर की गोपनीयता बनी रहे और फिर भी वे अपनी जरूरत की मीडिया फाइल्स को मैनेज कर सकें।

हालांकि व्हाट्सएप की ओर से कोई आधिकारिक लॉन्च डेट घोषित नहीं की गई है, लेकिन बीटा वर्जन में इस फीचर की टेस्टिंग चल रही है।

# अदाणी इलेक्ट्रिसिटी ने मानसून तैयारी के लिए कदम बढ़ाए

**मुंबई (आईएएनएस)**

देश की दिग्गज इलेक्ट्रिसिटी डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी अदाणी इलेक्ट्रिसिटी ने मंगलवार को कहा कि मानसून सीजन में 31.5 लाख ग्राहकों तक निर्बाध बिजली पहुंचाने के उद्देश्य से कंपनी ने अपनी आपदा प्रतिक्रिया पहलों को बढ़ा दिया है। मानसून के दौरान उत्पन्न होने वाली किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए अदाणी इलेक्ट्रिसिटी ने अपने सेंट्रल डिजास्टर कंट्रोल सेंटर (सीडीसीसी) को सक्रिय कर दिया है। यह महत्वपूर्ण केंद्र प्रतिक्रिया प्रयासों को व्यवस्थित करेगा और चौबीसों घंटे काम करेगा, जिससे मानसून की पूरी अवधि में त्वरित कार्रवाई और संचार सुनिश्चित होगा। कंपनी ने एक बयान में कहा, "वितरण नेटवर्क में सात



क्विक रिस्पांस टीम (क्यूआरटी) को रणनीतिक रूप से तैनात किया गया है। ये टीमें मानसून के मौसम में उत्पन्न चुनौतियों के लिए विशेष रूप से तैयार की गई व्यापक प्रतिक्रिया, रिकवरी और रेस्टोरेशन योजनाओं से लैस हैं।कंपनी ने बताया, बढ़ते जल स्तर की निगरानी के लिए 98 एडवांस वाटर लेवल सेंसर महत्वपूर्ण स्थानों पर एडवांस डिस्ट्रीब्यूशन मैनेजमेंट सिस्टम के साथ एकीकृत किया गया हैं। यह सेटअप बाढ़ से संबंधित विद्युत समस्याओं को रोकने और उनका जवाब देने की क्षमता को बढ़ाता है।

# म्यूचुअल फंड में एसआईपी इनफ्लो मई में ऑल-टाइम हाई पर रहा

**नई दिल्ली।** सिस्टमैटिक इन्वेस्टमेंट प्लान (एसआईपी) इनफ्लो मई में ऑल-टाइम हाई 26,688 करोड़ रुपए पर रहा है। अप्रैल में यह आंकड़ा 26,632 करोड़ रुपए था। एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड इन इंडिया (एम्फी) की ओर से मंगलवार को जारी किए गए डेटा में यह जानकारी दी गई। एसआईपी का लगातार बढ़ता इनफ्लो दिखाता है कि लोग लंबी अवधि के नजरिए से म्यूचुअल फंड में निवेश कर रहे हैं। एम्फी के डेटा के मुताबिक, मई में एसआईपी योगदान देने वाले खातों की संख्या बढ़कर 8.56 करोड़ हो गई है, जो कि पिछले महीने में 8.38 करोड़ पर थी। स्मॉलकेस मैनेजर और ग्रोथ इन्वेस्टिंग के संस्थापक नरेंद्र सिंह ने कहा कि निवेशकों की प्राथमिकताएं विकसित हो रही हैं।

# बीते 11 वर्षों में भारतीय शेयर बाजार में हुई शानदार तेजी : आशीष कुमार

**मुंबई (आईएएनएस)**

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) के प्रबंध निदेशक और सीईओ आशीष कुमार चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल के बीते 11 वर्षों में शेयर बाजार में शानदार तेजी हुई है। इस कारण पूरे देश में स्टॉक मार्केट से बड़ी संख्या में निवेशक जुड़े हैं। समाचार एजेंसी आईएएनएस से बातचीत करते हुए आशीष कुमार चौहान ने कहा कि मई 2014 में प्रधानमंत्री मोदी के सत्ता में आने के बाद से छोटे शहरों और कस्बों सहित देश भर से शेयर बाजारों में भाग लेने वाले निवेशकों की संख्या में भारी वृद्धि हुई है। तब बाजार में निवेशकों की संख्या 1.67 करोड़ थी। आज एनएसई पर 11.5 करोड़ से अधिक यूनिक निवेशक हैं। बाजार पूंजीकरण जो 2014 में करीब



67 लाख करोड़ रुपए था, अब 440 लाख करोड़ रुपए तक पहुंच गया है।

एनएसई सीईओ ने कहा कि बीते 11 वर्षों में पूरे देश में राजनीतिक स्थिरता रही है और डिजिटल पब्लिक इन्फ्रास्ट्रक्चर (डीपीआई) एवं मोबाइल डेटा में मजबूत वृद्धि से भारतीय शेयर बाजारों को निवेशकों का विश्वास प्राप्त हुआ है। एनएसई के सीईओ ने आईएएनएस से बातचीत में कहा, "आज लोग मजबूत डिजिटल इन्फ्रास्ट्रक्चर के साथ म्यूचुअल फंड में निवेश करने या यहां तक कि सीधे शेयर बाजारों में प्रवेश करने में सक्षम हैं।